रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 25 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 67 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### देश भर में 157 चिकित्सा कॉलेज की स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछले सात सालों में देश भर में 157 नए चिकित्सा कॉलेजों की स्वीकृति दी है जिनपर पर कुल 17,691.08 करोड़ रुपये का निवेश किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि इन मेडिकल कॉलेजों में लगभग 16000 अंडरग्रेजुएट मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी। इनमें से 64 नए मेडिकल कॉलेजों संचालित हो चुके हैं और 6500 सीटें सृजित की गयी हैं। केंद्रीय योजनाओं के तहत केंद्र सरकार ने देश में एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार या केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए लगभग 2,451.1 करोड़ रुपये भी दिये हैं। इन योजनाओं के तहत उन जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाते हैं, जहां सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं हैं।

### कोविड टीकाकरण 101 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोविड टीकाकरण अभियान के 280वें दिन शुक्रवार को 62 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यहां बताया कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत आज शाम सात बजे तक एक अरब एक करोड़ 24 लाख नौ हजार 255 कोविड टीके लगाये जा चुके हैं। आज 62 लाख 58 हजार 92 कोविड टीके दिये गये। आंकड़ों के अनुसार 71 करोड़ 21 लाख एक हजार 258 लोगों को कोविड टीके की पहली खुराक दी गयी है जबकि 30 करोड तीन लाख सात हजार 997 को दूसरी खुराक दी जा चुकी है।

### पावर पैक होगा मोदी का इटली, ब्रिटेन का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अक्टूबर से दो नवंबर तक इटली और ब्रिटेन के दौरे पर जाएंगे जहां वह क्रमशः जी-20 शिखर बैठक तथा जलवायु परिवर्तन पर पक्षकारों के सम्मेलन (कॉप 26) में शिरकत करने के अलावा इटली एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों सहित विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि यात्रा के पहले चरण में वह 29 से 31 अक्टूबर तक इटली में रहेंगे जहां वह 30 और 31 अक्टूबर को होने वाले जी-20 शिखर बैठक में शामिल होंगे।

# सीएम पद के विवाद को लेकर सिंहदेव समर्थक तथा भूपेश समर्थकों के बीच झूमाझटकी

## प्रदेश सह प्रभारी सप्तगिरी उल्का की मौजूदगी में मंच में ही भिड़ गए कांग्रेसी कार्यकर्ता, दोनों गुटों में हाथापाई की नौबत

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद को लेकर भूपेश बघेल तथा टीएस सिंहदेव के बीच जंग छिड़ी हुई है। दोनों की लड़ाई खुलकर सामने आ चुकी है। नौबत अब राजनीतिक लड़ाई से आगे बढ़कर हाथापाई तक उतर गई है। वाक्या जशपुर जिले में आयोजित जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का है। जहां पर टीएस सिंहदेव समर्थक तथा मुख्यमंत्री भूपेश समर्थकों के बीच झूमाझटकी तथा हाथापाई की नौबत सामने आई है। आश्चर्य का विषय यह है कि घटना के दौरान प्रदेश सह प्रभारी सप्तगिरी उल्का मंच में मौजूद रहे। रविवार को जिला मुख्यालय में आयोजित सत्तासीन कांग्रेस पार्टी की ओर से जिलास्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार में ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री की बहस फिर से छिड़ गई। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव का खुलकर समर्थन कर रहे जशपुर जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उसी दौरान उन्होंने कांग्रेस के हाईकमान का जिक्र करते हुए कहा, जब उन्होंने प्रदेश में ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री बनने की बात पर सरकार बनाई थी तो वे टीएस बाबा को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बना रही है। इस बात पर विलंब क्यों किया जा रहा है। यह बात सुनते ही टीएम सिंह के समर्थकों में उत्साह का संचार हो गया और हॉल में टीएस सिंह जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे।

### इस तरह बिगड़ा सम्मेलन का माहौल

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवन अग्रवाल ने हाईकमान के निर्णय को याद दिलाया वहीं उन्होंने यह भी कहा कि जिले के तीनों विधानसभा सीट पर बीजेपी का कब्जा था। उन्होंने कड़ी मेहनत करके तीनों सीट बीजेपी से छिनकर कांग्रेस के हाथों में लाया। लेकिन उसके बदले उन्हें क्या मिला। पार्टी से बेईज्जत किया गया और उन्हें जिलाध्यक्ष के पद से भी वंचित कर दिया गया। इन बातों को और ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री के पैरोकार होने की बात सुनकर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हसन और कुनकुरी विधायक यूडी मिंज के समर्थक मंच पर पहुंचे और पवन अग्रवाल को धक्का देकर माइक से हटा दिया। उसके बाद दोनों गुटों के बीच जमकर बहसबाजी तथा हाथापाई की नौबत सामने आई।

### उल्का ने कहा, बीजेपी से कैसे लड़ोगे



कार्यकर्ता सम्मेलन के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सम्मेलन में सांसद और प्रदेश सहप्रभारी सप्तगिरी उल्का के साथ ही जशपुर विधायक विनय भगत, कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, आयोग अध्यक्ष शफी अहमद, जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। मामला शांत होने के बाद उल्का ने कार्यकताओं को संबोधित किया उन्होंने कहा कि आप लोग आपस में इस तरह लड़ रहे है तो भाजपा से कैसे सामना कर पाएंगे।

### संगठन में विधायकों का दबदबा

जिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में हुई घटना के साथ ही कार्यकर्ताओं की नाराजगी की बात भी बाहर निकलकर आसमे आई। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कांग्रेस में संगठन के पदाधिकारियों की कोई पूछ परख नहीं है। पार्टी का संगठन विधायकों के इशारे पर चल रहा है।

### टीएस सिंहदेव दिल्ली में डाले हुए है डेरा

ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले को लेकर चुप्पी साधे हुए मंत्री टीएस सिंहदेव भी



अब मुखर नजर आ रहे है। सिंहदेव ने कई दफा मीडिया के सामने खुलकर कहा है कि आलाकमान ने फैसला सुरक्षित रखा है जल्द ही इस विषय पर वो निर्णय लेंगे। लेकिन राजनीतिक लड़ाई लगातार जारी है। फिलहाल मामला अभी ठंडे बस्ते में दिखाई दे रहा है। ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर अभी तक आलाकमान ने कोई भी मत स्पष्ट नहीं किया है। जानकारों का मानना है मंत्री टीएस सिंहदेव भी अब इस मसले को लेकर आरपार के मूड में है। वे पिछले कई दिनों से दिल्ली में डेरा डाले हुए है। तथा लगातार आलाकमान को फॉर्मूले को याद दिलाने की भरपूर कोशिश करते नजर आ रहे है।

### बेबस संगठन, चरम पर गुटबाजी

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने 15 साल राज करने वाली भाजपा को परास्त कर रिकार्ड बहुमत हासिल किया। वर्तमान में 90 सीटों में से 70 सीटों में कांग्रेस का कब्जा है। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस संगठन ने जिस तरह से कार्य किया वह महज 3 साल में बिखरते नजर आ रहे है। प्रदेश कांग्रेस इन दिनों कई धड़ों में बंटती नजर आ रही है। ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले में कितना दम है यह तो कांग्रेस आलाकमान या दोनों दावेदार ही बता सकते है लेकिन कार्यकर्ताओं में जिस तरह से यह बात जहन में बैठ गई है वह कांग्रेस के लिए कतई हितकर नहीं है। इसी का नतीजा है कि आज कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने बड़े नेताओं के सामने मंच में सीएम पद को लेकर दो दो हाथ करने में भी पीछे नहीं हट रहे है। सीएम के ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले में कोई फैसला होगा या नहीं होगा यह तो भविष्य के गर्त में है। लेकिन इस फॉर्मूले ने जिस तरह से आग पकड़ा है वह कांग्रेस संगठन को कई धड़ों में बांट दिया है। जो पार्टी के लिहाज से कतई हितकर नहीं हो सकते।

### यदि अनुशासन का डंडा नहीं चला तो ऐसे कई वाक्ये आने वाले दिनों में दिखाई देंगे

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी में पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया समेत संगठन के सभी नेताओं के आदेशों की लगातार अवहेलना हो रही है। लेकिन अनुशासनात्मक कार्यवाही करने में संगठन लाचार और बेबश नजर आता है। जिसके कारण पार्टी कार्यकर्ता विधायक, मंत्री, पदाधिकारियों में किसी भी तरह का कोई लगाम नहीं है। जशपुर की घटना कोई पहली घटना नहीं है इसके पहले भी कांग्रेस के मंत्रियों ने, विधायकों ने, पदाधिकारियों ने संगठन के बड़े नेताओं के आदेशों को दरकिनार किया है। कांग्रेसी विधायक बृहस्पति सिंह ने अपने ही मंत्री सिंहदेव पर सीएम बनने के लिए हत्या कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए। बिलासपुर में शैलेष पाण्डेय तथा अटल खेमे का विवाद सामने उभरकर आया। पार्टी प्रभारी पीएल पुनिया, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के मना करने के बाद भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कई विधायक, मंत्री ने दो दो बार दिल्ली कूच किया। संगठन के नेता हिदायत देते रहे विधायक और कार्यकर्ताओं ने उनकी एक न सुनी। ऐसे अनेकों घटनाक्रम है जहां पर कांग्रेस संगठन कार्यवाही करने के बजाय बेबश नजर आई। जिसका खामियाजा पार्टी को अब देखने को मिल रहा है। सीएम पद का विवाद अब राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर हाथापाई तक उतर आया है। निश्चित ही संगठन यदि इन तमाम वाक्यों पर चुप्पी साधे रहती है तो आने वाले समय में पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## पुंछ मुठभेड़ : लश्कर के मृत आतंकी का शव बरामद

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को कहा कि पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी का शव पुंछ जिले के मेंधर वन क्षेत्र में चल रही मुठभेड़ स्थल से बरामद किया गया है। यहां सुरक्षा बलों और भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ पिछले 14 दिनों से जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने कहाकि भाटा धुरियान जंगल में आगे की कार्रवाई के लिए अतिरिक्त हथियार और साजो-सामान भेजे गए हैं। आतंकवादी जिया मुस्तफा के शव को भी मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया। ऑपरेशन जारी है। कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि मेंधर के जंगलों में मुठभेड़ स्थल पर हुई गोलीबारी के दौरान उनके दो कर्मी, सेना के एक जवान और हिरासत में



लिए गए एक आतंकवादी को चोट आई है। आतंकवादी की पहचान मुस्तफा के रूप में की गई थी, जिसे भाटा धुरियां में आतंकवादियों के ठिकानों की पहचान कराने के लिए ले जाया गया था। पुलिस के प्रवक्ता ने कहा था, लश्कर-ए-तैयबा के एक पाकिस्तानी आतंकवादी जिया मुस्तफा को इस जारी ऑपरेशन में शामिल आतंकवादियों के ठिकानों की पहचान कराने के लिए भाटा धुरियान ले जाया गया है।

गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह और सुरक्षा बलों के बीच एक भीषण मुठभेड़ शुरू हुई थी जो अभी भी जारी है और आतंकवादी ठिकाने बदल-बदलकर सुरक्षा बलों पर हमला कर रहे हैं, जिसमें अब तक दो कमीशन अधिकारियों सहित नौ सैनिक शहीद हो गए हैं।

## जम्मू -कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के पक्ष में केन्द्र सरकार : अमित शाह

वार्ता ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर में ऐसी स्थिति चाहती है जहां किसी निर्दोष नागरिक की किसी हिंसा में जान न जाए और इस केंद्र शासित सीमावर्ती क्षेत्र से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया हो जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की शांति और विकास की राह में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से निपटने के केंद्र के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की मौजूदा सरकार जम्मू -कश्मीर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने आज यहां नगरोता में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी) परिसर को राष्ट्र को समर्पित करने और विकास की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित किया!



गृह मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कोई भी नागरिक हिंसा में न मारा जाए और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया हो उन्होंने कहा कि कुछ लोग सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं पर 2014 के बाद से जम्मू-कश्मीर में हिंसा बहुत कम हो गयी है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला किया कि 2004-14 के बीच यहां 2081 लोगों ने अपनी जान गंवाई और उस दौरान हर साल औसतन 208 लोग मारे गए। वर्ष 2014 से सितंबर 2021 तक 239 लोगों ने अपनी जान गंवाई।

श्री शाह ने कहा कि हम इससे भी संतुष्ट नहीं हैं। हम एक ऐसी स्थिति बनाना चाहते हैं जहां किसी की जान न जाए और आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक हिंसा में न मारा जाए और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया हो। इससे पहले श्री शाह सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच यहां पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डा़ जितेंद्र सिंह और जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे।

## दो कैच टपकाकर बंगलादेश ने श्रीलंका को गंवाया मैच

एजेंसी ◄ शारजाह
www.dailypioneer.com

चरित असालंका (नाबाद 80 )और भानुका राजपक्षे ( 53 ) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच 86 रन की जोरदार साझेदारी की बदौलत श्रीलंका ने बंगलादेश को आईसीसी टी 20 विश्व कप के ग्रुप एक के मुकाबले में रविवार को पांच विकेट से पराजित कर दिया। बंगलादेश को महत्वपूर्ण मौके पर श्रीलंका के दो कैच टपकाना भारी पड़ा और इसका नतीजा उसे हार के रूप में मिला। बंगलादेश ने ओपनर मोहम्मद नईम (62) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 57) के शानदार अर्धशतकों से क्वालीफायर बंगलादेश ने 20 ओवर में चार विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि श्रीलंका ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर पूरे अंक हासिल किये। बंगलादेश की पारी में नईम ने 52 गेंदों पर 62 रन की पारी में छह चौके लगाए जबकि मुशफिकुर ने 37 गेंदों पर नाबाद 57 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 73 रन



की महत्वपूर्ण साझेदारी की। मुशफिकुर ने नईम का विकेट गिरने के बाद अफीफ हुसैन के साथ चौथे विकेट के लिए 21 और कप्तान महमूदुल्लाह के साथ पांचवें विकेट की अविजित साझेदारी में नाबाद 21 रन जोड़े। अफीफ ने सात रन और महमूदुल्लाह ने पांच गेंदों पर दो चौकों की मदद से नाबाद 10 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने अपने शीर्ष चार बल्लेबाज 9.4 ओवर तक 79 रन तक गंवा दिए थे। लेकिन असालंका एक छोर पर जमे हुए थे और अपने शॉट खेल रहे थे। बंगलादेश की टीम इस समय तक हावी थी लेकिन लिटन दास ने महत्वपूर्ण मौकों पर दो कैच टपकाये और मैच बंगलादेश के हाथों से निकल गया।

### प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात में राष्ट्रवासियों के साथ अपने विचार साझा किया

## संयुक्त राष्ट्र के विकास में भारतीय नारी शक्ति का योगदान : मोदी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




संयुक्त राष्ट्र के विकास में भारतीय नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि इसके भविष्य के रास्ते के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिशा निर्देश महत्वपूर्ण है। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में राष्ट्रवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज 24 अक्टूबर, को 'सयुंक्त राष्ट दिवस' मनाया जाता है। सयुंक्त राष्ट्र की स्थापना के समय से ही भारत इससे जुड़ हुआ है। आजादी से पहले 1945 में ही सयुंक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, ÷ सयुंक्त राष्ट से जुड़ा एक अनोखा पहलू ये है कि सयुंक्त राष्ट्र का प्रभाव और उसकी शक्ति बढ़ाने में, भारत की नारी शक्ति ने, बड़ी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 1947-48 में जब संयुक्त राष्ट मानवाधिकार का सार्वभौमिक घोषणा पत्र तैयार हो रहा था तो उसमें लिखा जा रहा था सभी पुरूष समान है. लेकिन भारत के एक प्रतिनिधि ने इस पर आपत्ति जताई और फिर सार्वभौमिक घोषणा पत्र में लिखा गया - सभी मानव समान हैं। ये बात लैंगिक समानता की भारत की सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप थी। हंसा मेहता वह प्रतिनिधि थी जिनकी वजह से ये संभव हो पाया। उसी एक अन्य प्रतिनिधि लक्ष्मी मेनन ने लैंगिक समानता के मुद्दे पर जोरदार तरीके से अपनी बात रखी थी। वर्ष 1953 में विजया लक्ष्मी पंडित, संयुक्त राष्ट महासभा की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी ।

### एक सौ करोड कोविड टीकाकरण से देश में नया उत्साह : पीएम मोदी

देश को संबोधित करते हुए कहा कि100 करोड़ कोविड टीके के बाद देश नए उत्साह और नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है। टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता, राष्ट के सामर्थ्य और सबके प्रयास के मंत्र की शक्ति को दिखाती है। उन्होंने कहा कि 100 करोड़ कोविड टीके का आंकड़ा बहुत बड़ा जरुर है, लेकिन इससे लाखों छोटी-छोटी प्रेरक और गर्व से भर देने वाली अनेक अनुभव, अनेक उदाहरण जुड़े हुए हैं।

एक सौ करोड़ कोविड टीके लगाने की सफलता पर श्री मोदी ने कहा, ÷मैं अपने देश, अपने देश के लोगों की क्षमताओं से भली-भांति परिचित हूँ। मैं जानता था कि हमारे स्वास्थ्य कर्मी देशवासियों के टीकाकरण में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारे स्वास्थ्य-कर्मियों ने अपने अथक परिश्रम और संकल्प से एक नई मिसाल पेश की, उन्होंने नवाचार के साथ अपने दृढ़ निश्चय से मानवता की सेवा का एक नया मानदंड स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने उत्तराखण्ड में बागेश्वर की पूनम नौटियाल के साथ अपनी बातचीत साझा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों ने तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया। मोदी ने शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लिये उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सरकार की सराहना की।

## सभी वर्गों के 'सम्मान के साथ सशक्तिकरण' के रास्ते पर चल रही है मोदी सरकार : नकवी

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि सेक्युलरिज़्म को 'सियासी सुविधा का साधन' बनाने वाली सियासत ने पंथनिरपेक्षता की मूल संवैधानिक भावना के साथ 'राजनैतिक छल' किया है। नकवी ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा कि भाजपा के लिए सेक्युलरिज़्म संवैधानिक प्रतिबद्धता है जबकि 'छद्म सेक्युलर सियासी सिंडिकेट' के लिए 'सियासी सुविधा का साधन' है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों में अल्पसंख्यक वोटों के 'सियासी सौदागरों' ने अल्पसंख्यकों के शोषण की ÷75 शतरंजी चालें'' चली हैं। कभी भय की चाल, कभी भ्रम की ढ़ाल, कभी धर्म का जाल तो कभी अफवाहों-



आशंकाओं के बवाल से वोटों का अपहरण करते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास', समावेशी संकल्प और संवैधानिक प्रतिबद्धता है। मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों के 'सम्मान के साथ सशक्तिकरण' के रास्ते पर मजबूती और पूरी ईमानदारी से चल रही है। नकवी ने कहा कि कुछ 'सेक्युलरिज़्म के सियासी सूरमाओं' ने 'कम्युनल टिफिन' में 'सेक्युलर टमाटर' के 'पाखंडी फॉर्मूले' से अल्पसंख्यकों का बेदर्दी-बेशर्मी के साथ राजनैतिक शोषण कर, उनके मूलभूत आर्थिक-सामाजिक-शैक्षिक सरोकार को नजरअंदाज किया। देश में अधिकांश समय तक सत्ता सुख भोगने वाले राजनीतिक दलों ने 'भय-भ्रम का भूत' खड़ा कर 'बांटों और राज करो'का रास्ता अपनाया। नकवी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को ऐसे 'सियासी सौदागरों' से होशियार रहना होगा जो 'सेक्युलरिज़्म के चोले में वोटों के अपहरण का खेल' करने में लगे हैं। लेकिन अब अल्पसंख्यक समाज ऐसे 'वोट के सौदागरों' के 'सियासी शोषण' से 'वोटों के अपहरण' की चालबाजी को समझ गया है एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं भाजपा की नीतियों के साथ खड़ा हो रहा है। हमारे लिए 'विकास का मसौदा', 'वोट का सौदा' ना था ना रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव राज्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा की

## 28 अक्टूबर को भव्य समारोह में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ होगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में 28 अक्टूबर को भव्य समारोह में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश और विदेश के आदिवासी नर्तक दलों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में 7 देशों के नर्तक दल सहित देश के 27 राज्यों तथा 6 केन्द्र शासित प्रदेशों के 59 आदिवासी नर्तक दल शामिल हो रहे हैं। इन नर्तक दलों में लगभग 1000 कलाकार शामिल होंगे, जिनमें 63 विदेशी कलाकार होंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियों, विदेशों तथा देश के अन्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से आने वाले आदिवासी नृत्य दलों तथा अतिथियों के रूकने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, पांच दिनों तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन साईंस कॉलेज मैदान में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया जाएगा, 31 अक्टूबर को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी और पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी, संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, इंदिरा गांधी पर बनाई गई डॉक्यूमेंटरी फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा तथा भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस एक नवम्बर को राज्य अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को 33 अलंकरण सम्मान प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ 28 अक्टूबर को भव्य समारोह में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल हो रहे आदिवासी नर्तक दलों द्वारा मार्चपास्ट किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में युगाण्डा, उत्तर प्रदेश, फिलीस्तीन, सिक्किम और छत्तीसगढ़ के आदिवासी नर्तक दलों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। इस



महोत्सव में शामिल होने के लिए नाइजीरिया का दल नई दिल्ली पहुंच चुका है। यह दल 25 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेगा। नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से नर्तक दल 25 और 26 अक्टूबर को रायपुर के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में प्रत्येक राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश के नर्तक दल दो विधाओं विवाह संस्कार तथा अपने राज्य की अन्य पारंपरिक विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे। दोनों विधाओं में प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले नर्तक दलों को कुल 20 लाख रूपए की पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान की जाएगी। प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 5 लाख रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 3 लाख रूपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 2 लाख रूपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का यह द्वितीय आयोजन है। देश विदेश में इस आयोजन को काफी लोकप्रियता मिली है। इस वर्ष आयोजित हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में श्रीलंका, उज्बेकिस्तान, स्वाजीलैण्ड, नाइजीरिया, पेलेस्टीन, माले और युगांडा के नर्तक दल हिस्सा लेंगे। मोरक्को के दल की भी इस आयोजन में शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, प्रतिदिन 20-20 आदिवासी नर्तक दलों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।

महोत्सव के दौरान आदिवासियों की जीवन शैली, आदिवासी संस्कृति पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टाल भी होंगे। प्रदर्शनी में हाथकरघा वस्त्रों और हस्तशिल्प के स्टाल भी लगाए जाएंगे। विदेशों तथा अन्य राज्यों से आने वाले नर्तक दलों के रूकने की व्यवस्था रायपुर के विभिन्न होटलों और मेरिज हॉल में की गई है। आयोजन के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों के लगभग 3500 अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने मेला में इलेक्ट्रिक चाक से दीया बनाकर परम्परागत व्यवसायियों को किया प्रोत्साहित



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित 10 दिवसीय छत्तीसगढ़ हर्बल्स दीवाली मेला का शुभारंभ किया। राजधानी के पंडरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में छत्तीसगढ़ हर्बल्स के 130 से अधिक उत्पाद 15 प्रतिशत की छूट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, महापौर नगरपालिक निगम एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप जुनेजा, राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष भरत साय उपस्थित थे। राजधानी के पंडरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में छत्तीसगढ़ हर्बल्स के 130 से अधिक उत्पाद 15 प्रतिशत की छूट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, महापौर नगरपालिक निगम एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप जुनेजा, राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष भरत साय उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी-वनवासी परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने में लघु वनोपजों के उत्पाद का महत्वपूर्ण स्थान है। इस पर हमें गर्व है कि लघु वनोपज संघ वन विभाग के सतत् प्रय ों से राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र तथा वनांचल के निवासियों का सतत् उत्थान हो रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हर्बल्स दीवाली मेला में लगाए गए आयुष स्टॉल और घरेलू उत्पाद स्टॉल, कोदो-कुटकी उत्पाद स्टॉल, आयुर्वेदिक चिकित्सालय, गढ़कलेवा खाद्य उत्पाद स्टॉल और हथकरघा एवं माटी कला बोर्ड तथा शबरी एम्पोरियम आदि हर एक स्टॉल का अवलोकन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस दौरान जिला यूनियन धमतरी द्वारा वनोपज 'तिखुर' से बने उत्पाद जलेबी, बर्फी तथा हलवा का भी स्वाद लिया और इसे छत्तीसगढ़ के स्वादिष्ट पकवान बताते हुए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के तिखुर से बने पकवान का प्रचार-प्रसार के लिए नगर निगम से भी दुकान आवंटन हेतु आवश्यक पहल करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस दौरान माटी कला बोर्ड के स्टॉल में इलेक्ट्रिक चाक से मिट्टी का दीया बनाकर परम्परागत व्यावसायियों को प्रोत्साहित भी किया।

# 100 करोड़ वैक्सीनेशन पूरी होने पर भाजयुमो ने मानव श्रृंखला बनाकर किया हर्ष प्रकट

- प्रधानमंत्री मोदी, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और कोरोना वारियर्स का माना आभार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कोरोना वैक्सीनेशन का सौ करोड़ आंकड़ा पूरा होने की खुशी में प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा राजधानी रायपुर के सुभाष स्टेडियम में शनिवार को मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा रायपुर के जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने और युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस दौरान भाजयुमो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोविड वैक्सीन बनाकर पूरे विश्व के सामने सिर ऊंचा करने का काम किया है। जब विश्व के कई बड़े देश कोरोना संक्रमण से जूझ रहे थे, उस समय प्रधानमंत्री ने कोविड वैक्सीन उपलब्ध करा उन्हें मदद पहुंचाने का काम किया। ऐसा पहली बार हुआ जब आपदा के समय भारत किसी दूसरे देश से मदद मांगने की जगह खुद तन कर खड़ा होकर दूसरों की मदद की। भाजयुमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और कोरोना वारियर्स को इस इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और धन्यवाद ज्ञापित कर आभार माना साथ ही जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई हैं उनसे जल्द वैक्सीन लगाने अपील की और जल्द वैक्सिनेशन में भारत का नाम शतप्रतिशत वैक्सीनेशन में लाने प्रयास में जनमानस से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। अब भारत हर मामले में आत्मनिर्भर हो रहा है। देश में मुफ्त कोरोना के वैक्सीन दे कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के गरीबों के भीतर में काम किया है। जितना तेजी से भारत में लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाया गया है, यह एक दूरदर्शी पीएम की परिश्रम का परिणाम है।

# भारी बहुमत के अहंकार, सत्तालोलुपता और अंतर्कलह का बोझ ढोती कांग्रेस का कथित अंदरूनी लोकतंत्र दम तोड़ रहा : भाजपा

- प्रदेश की राजनीति का सबसे काला अध्याय, लोकतंत्र की ढिंढोरची अपने राष्ट्रीय पदाधिकारी के सामने पार्टी के भीतर के लोकतंत्र का चीरहरण कर रहे : अनुराग सिंहदेव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कांग्रेस और प्रदेश सरकार में चल रही अंतर्कलह के अब सार्वजनिक और हिंसक हो जाने को प्रदेश की राजनीति का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा है कि लोकतंत्र की ढिंढोरची कांग्रेस में अब आलम यह है कि एक खेमा दूसरे खेमे की बात तक सुनने को तैयार नहीं है और अपने ही राष्ट्रीय पदाधिकारी के सामने पार्टी के भीतर के लोकतंत्र का चीरहरण करके अपने असली राजनीतिक चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन करने पर उतारू हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि अपने भारी बहुमत के अहंकार, सत्तालोलुपता और अंतर्कलह का बोझ ढोती कांग्रेस का कथित अंदरूनी लोकतंत्र दम तोड़ रहा है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सिंहदेव ने जशपुर के कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष और माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य के संबोधन के ऐन बीच में जाकर माइक छीने जाने और उनके साथ धक्कामुक्की किए जाने के मामले को लेकर कहा कि कांग्रेस का सत्ता-संघर्ष अब जिस मुक़ाम पर जाता नज़र आ रहा है, वह न केवल प्रदेश के राजनीतिक सौहार्द्र को ख़त्म करने वाला है, अपितु प्रदेश की राजनीति को गैंगवार की शक़्ल भी देने वाला है। प्रदेश में एक तो क़ानून-व्यवस्था का यूँ ही सत्यानाश हुआ पड़ा है, अब सत्तारूढ़ दल का यह क़ोहराम प्रदेश के भविष्य को अँधी गली में धकेल देगा। सिंहदेव ने कहा कि सम्मेलन में राष्ट्रीय पदाधिकारी के सामने कांग्रेस के लोग जिस तरह का शर्मनाक नज़ारा पेश कर रहे हैं, अनुमान लगाया जा सकता है कि बाकी समय कांग्रेस के लोग आपस में क्या करते होंगे? सिंहदेव ने कहा कि ढाई-ढाई साल के मसले पर कोई ठोस निर्णय न सुनाकर प्रदेश को राजनीतिक अस्थिरता के भँवर में धकेलने के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व अपनी दुविधाग्रस्त मानसिकता का ही परिचय दे रहा है और छत्तीसगढ़ में विपक्ष के साथ-साथ अब कांग्रेस के एक खेमे के लोग भी राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हो रहे हैं। श्री सिंहदेव ने आशंका जताई कि यदि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने ढाई-ढाई साल के मसले पर ठोस निर्णय तत्काल नहीं लिया तो प्रदेश का सत्तारूढ़ दल एक ओर खेमों में बँटकर गैंगवार के हालात पैदा कर देगा, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक अस्थिरता के मौक़े का फ़ायदा उठाकर नौकरशाही मनमानी पर उतर आएगी और पहले से ही ठप पड़ प्रदेश का विकास पूरी तरह ठप पड़ जाएगा।

# ओटीपी नंबर पुछकर महिला से 1 लाख 90 हजार की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर।** ओटीपी नंबर पुछकर खाते से 1लाख 90 हजार रुपये की ठगी कर लेने की रिपोर्ट तिल्दा नेवरा थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम तुलसी तिल्दा नेवरा निवासी गुलाब बाई वर्मा 37 वर्ष पति स्व.गजाधर वर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 20 अक्टूबर को मोबाइल 83485-69123 का धारक ने स्वयं को इंडसैड बैंक तिल्दा का कर्मचारी होना बताकर पीड़िता को जानकारी दिया कि उसके खाते से पैसा कट गया है जिसे वापस करना है कहा जिसके बाद पीड़िता उसके झांसे आकर ओटीपी नंबर बता दिया। कुछ ही देर में अलग–अलग कर खाते से 1 लाख 90 हजार रुपये ऑनलाईन ट्रांजेक्शन हो गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल फोन धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज की है।

# सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख 46 हजार रुपये की ठगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख 46 हजार रुपये ठगी कर लेने की रिपोर्ट राखी थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक राखी नवारायपुर निवासी उत्तम कुमार मरकाम 45 वर्ष पिता प्यारेलाल मरकाम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी से वर्ष 2018 में सतीश ठावरे 55 वर्ष 330 ब्लाक 08 विजेता काम्पलेक्स राजेन्द्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ ने कम्प्यूटर आपरेटर,पटवारी एवं जेल पहरी के पद पर सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर कुल रकम 4,46,000 रूपये अलग-अलग किस्तो में लिया। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी नौकरी नही लगी।

आरोपी ने प्रार्थी की पत्नी को कम्प्यूटर आपरेट के पद पर सरकारी नौकरी लगाने की बात कही थी व उसे जेल प्रहरी की नौकरी दिलाने तथा उसके दोस्त को पटवारी की नौकरी लेकिन किसी का भी नौकरी नही लगा। जिसके बाद उसे ठगी की एहसास हुआ। इस पर उसने आरोपी से रुपये वापस मांगा लेकिन वह लॉकडाउन का हवाला देकर गुमराह करने लगा। बार–बार पैसा मांगने पर आरोपी ने वर्ष 2020 में पीड़ित को एक 3 लाख 50 हजार रुपये का चेक दिया था लेकिन उसे जमा करने से बार–बार बहाना कर मना करता रहा,जब मार्च 2021 में चेक बैंक में जमा किया तो चेक बाउंस हो गया। इस तरह से कई बार पैसा मांगने के बाद भी वह रुपये नही लौटाया। पीड़ित ने अपने दोस्त बलवंत साहू को पटवारी पद पर नौकरी लगवाने के लिए आरोपी को 1 लाख 96 हजार रुपये दिये थे,वह रुपये उसका दोस्त मांगने लगा तब पीड़ित अपनी पत्नी के गहना बेचकर दोस्त को रुपये वापस किये। मामले ?की शिकायत 23अक्टूबर को राखी थाने में दर्ज कराई गई है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# भूपेश सरकार के अभियान का नतीजा छत्तीसगढ़ सुपोषण के मामले में 21 राज्यों में नंबर वन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एनएफएसएस डाटा के सर्वे में छत्तीसगढ़ सुपोषण के मामले में 21 राज्यों में अव्वल नंबर प्राप्त करने पर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार को बधाई दी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा था कि राज्य में नक्सल से बड़ी समस्या 37.7 प्रतिशत बच्चों के कुपोषित होना है। अगर हम छत्तीसगढ़ के विकास की परिकल्पना करते हैं और हमारे राज्य का आने वाला भविष्य 37.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषित रहे तो हमारी विकास की अवधारणा अधूरी है। मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल ने बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वीं जयंती के दिन 2 अक्टूबर 2019 को कुपोषण मुक्ति महाअभियान मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरुआत की, जिसके बेहतर परिणाम मिले हैं। देश के 21 राज्यों में एनएफएचएस-4 के द्वारा किए गए सुपोषित बच्चो के सर्वे में छत्तीसगढ़ 21 राज्यो में सुपोषित बच्चो के मामले में नम्बर वन है। 2015-16 में एनएफएचएस-4 के डाटा सर्वे में 37.7 प्रतिशतबच्चे कुपोषित थे।2021 के सर्वे में छत्तीसगढ़ में कुपोषण में 18.86 प्रतिशत की कमी आई है।

## सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस का सहयोग करने दिए निर्देश

# शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने पुलिस ने की शहर के व्यापारी संघों के साथ बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम आर मंडावी द्वारा उपस्थित व्यापारी संघो के सदस्यों को त्योहारी सीजन के दौरान अपना वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करने तथा ग्राहकों को भी अपना वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करने हेतु निर्देशित करेंगे । किसी भी परिस्थिति में दुकान के बाहर सामान निकाल कर दुकानदारी नहीं करेंगे, सामान बाहर निकाल कर दुकानदारी करने वालों के विरुद्ध यातायात पुलिस एवं नगर पालिक निगम द्वारा कार्यवाही की जाएगी जिस पर व्यापारी संघो द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान व्यापारी संघो द्वारा मांग की गई की मालवीय रोड, केके रोड एमजी रोड में स्ट्रीट वेंडर सड़क पर व्यापार करते हैं, जिसके कारण यातायात अवरुद्ध होता है साथ ही मालवीय रोड में अत्यधिक संख्या में ई-रिक्शा संचालित हो रही है जिसे बंद किया जाना या संख्या निर्धारित किया जाना आवश्यक है, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम आर मंडावी द्वारा सहमति देते हुए ई रिक्शा के लिए मल्टी लेवल पार्किंग के सामने खाली स्थान में खड़े करने के लिए जगह दी जाएगी एवं मालवीय रोड में निर्धारित संख्या में ही ई-रिक्शा का संचालन किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान उप पुलिस



अधीक्षक सतीश ठाकुर द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों की जानकारी देते हुए मालवीय रोड, सदर बाजार रोड, गोल बाजार क्षेत्र के व्यापारि मल्टी लेवल पार्किंग, जवाहर पार्किंग, रवि भवन पार्किंग, गांधी मैदान पार्किंग में अपना वाहन पार्क करेंगे साथ ही ग्राहकों से भी निर्धारित पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करने निर्देशित करें, इसी प्रकार केके रोड, एमजी रोड के व्यवसायियों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग एवं गंज मैदान पार्किंग निर्धारित किया गया है जिसमें अपना वाहन पर के करेंगे एवं दुकान में आने वाले ग्राहकों से भी निर्धारित पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करने निर्देशित करने बताया गया जिस पर व्यापारी संघो द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गई।

बैठक के दौरान उप पुलिस अधीक्षक सतानंद सिंह विंध्यराज ने कहा कि मालवीय रोड, केके रोड, एमजी रोड के दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर भारी संख्या में सामान निकाल कर दुकानदारी करते हैं जिसके कारण दुकान में आने वाले ग्राहक अपना वाहन रोड में खड़ा करते हैं जिससे यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित होती है, नगर निगम के साथ यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण कार्यवाही करने के बावजूद दुकानदार दुकान के बाहर सामान निकाल कर दुकानदारी कर रहे हैं जोकि अनुचित है त्योहारी सीजन के दौरान यातायात पुलिस, नगर पालिक निगम अतिक्रमण दस्ता को साथ में लेकर लगातार अतिक्रमण कार्यवाही की करेगी जिस पर व्यापारी संघो द्वारा जोर देते हुए उक्त कार्यवाही को प्रतिदिन करने निवेदन किया गया।

सामान लोडिंग अनलोडिंग हेतु समय निर्धारित त्योहारी सीजन के दौरान दुकानों में माल लोडिंग अनलोडिंग सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे एवं अपरान्ह 4:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान ग्राहकों की सुरक्षा हेतु मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा अतः माल लोडिंग अनलोडिंग हेतु उपरोक्त समय को छोड़कर अन्य समय में अपना सामान लोडिंग अनलोडिंग करा सकते हैं।

बैठक में हरक मालू अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन, गुलाब जोसेफ अध्यक्ष सदर बाजार व्यापारी संघ, जय तलनानी रवि भवन व्यापारी संघ, सतीश जैन गोल बाजार व्यापारी संघ, राजेंद्र जग्गी स्टेशन रोड मिल मशीनरी व्यापारी संघ, राम मनधान अध्यक्ष डूमरतराई किराना बाजार एसोसिएशन, जितेंद्र गोलछा प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं सुरेश भंसाली कोषाध्यक्ष सराफा एसोसिएशन उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**सुकमा।** संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु अलिपिकीय पैरामेडिकल एवं नर्सिंग (संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें) तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम में दिये गये प्रावधानानुसार तथा छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर के अधिसूचना में दिये गये निर्देशानुसार जिला संवर्ग जिला सुकमा में तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत फार्मासिस्ट ग्रेड-02 के 11 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष 28 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक-महिला के 17 पद, ड्रेसर ग्रेड-01 के 11 पद, ड्रेसर ग्रेड-02 के 2 पद, लैब असिस्टेंट के 2 पद, डार्क रूम असिस्टेंट के 1 पद एवं चतुर्थ श्रेणी भृत्य के 7 पद, ओ.पी.डी. अटेण्डेन्ट के 4 पद, वार्ड ब्वाय के 17 पद, वार्ड आया के 9 पद, ओ.टी. अटेण्डर के 3 पद, चौकीदार के 2 पद, चतुर्थ श्रेणी के 2 पद, धोबी के 1 पद, स्वीपर के 5 पद तथा कुक के 1 रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

# जिला पंचायत कांकेर में ई-मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ उत्तर बस्तर कांकेर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत अखिल भारतीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के अंतर्गत 'मेगा लीगल सर्विस कैम्प' का आयोजन किया गया। जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित इस शिविर में ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश डी एल कटकवार, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, एडीजे निर्मल कुमार मिंज, सीजीएम चित्रलेखा सोनवानी, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डायमंड कुमार गिलहरे, न्यायाधीश शंकर कश्यप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर गौरीशंकर नाग, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य संरक्षक विधिक सेवा प्राधिकरण अरूप कुमार गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में ई-मेगा विधिक सेवा शिविर का वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए शुरुवात की गई। मुख्य न्यायाधीश ने इस मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह हर्ष की बात है कि वे इस शिविर का हिस्सा बन पाए हैं। उन्होंने संविधान में समान विधिक सेवा सभी नागरिकों को उपलब्ध कराने उल्लेखित अनुच्छेदों का जिक्र किया। निशुल्क विधिक सेवा सभी नागरिकों का अधिकार है और प्रयास है कि सभी नागरिकों को इसकी जानकारी हो। विधिक जागरूकता लाने में यह ई-मेगा विधिक सेवा शिविर काफी सहयोगी साबित हुआ है। उन्होंने इसके लिए सबका धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायाधीश गौतम भादुड़ी ने की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि ई-मेगा विधिक शिविर से सभी जिलों के काफी संख्या में हितग्राही लाभान्वित हुए हैं । इस जागरूकता शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को दिए गए हक के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने हर्ष जताया कि विधिक सेवा के जरिये राज्य के आठ लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने नालसा का हेल्पलाइन नंबर 15100 भी सबके साथ साझा करते हुए सभी जरूरतमंदों को इसका लाभ उठाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और संजय एस.अग्रवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में राज्यव्यापी ई-मेगा विधिक शिविर आयोजित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि इसके जरिए आम लोगों को विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई गई और लोगों को संविधान में उल्लेखित उनके मौलिक अधिकार की जानकारी दिया गया। ई-मेगा विधिक सेवा शिविर में स्वागत भाषण रजिस्ट्रार जनरल संजय कुमार जायसवाल ने दिया। वर्चुअल कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। ज़िला स्तर पर जिला पंचायत कांकेर में आयोजित मेगा विधिक सेवा शिविर में उपस्थित ज़िला और सत्र न्यायाधीश डी.एल कटकवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोगो को विधिक अधिकार का जानकारी देने के लिए यह मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विधि के समक्ष हम सब समान है, कोई भी व्यक्ति आर्थिक अक्षमता के कारण न्याय पाने से वंचित न हो, इसलिए उन्हें मदद प्रदान करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। पोस्ट ऑफिस में भी लिफाफे दिये गये है, वहाँ जाकर उसे भरकर निःशुल्क भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शासन की जो भी योजनाएं बनती है, वह संविधान की व्यवस्था के तहत ही होता है। हम जो भी काम कर रहे हैं, उसे अच्छे ढंग से करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाएं।

## तोंगपाल में के.रि.पु.बल के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों एवं छात्रों को दिखाई गई भुज फिल्म



पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

227 वीं वाहिनी के.रि.पु.बल तोंगपाल के द्वारा पिछले तीन वर्षो से आसपास के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कैम्प लगाकर अनेको बार सिविक एक्शन प्रोग्रामों का आयोजन किया जा चुका है । जिससे के.रि.पु.बल और ग्रामिणों के बीच अच्छे संबन्ध स्थापित हुए है । इसी बीच कमाण्डेंट 227 बटा. के.रि.पु.बल द्वारा क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं का भी दौरा किया गया जिसमें उन्होने स्कूल के छात्रों को देश के प्रति सेवा भक्ति एवं देश भक्ति कायम रखने एवं वीरों की वीर गाथाओं से रूबरू कराने के लिए रात्रि को देशभक्ति चलचित्र (फिल्म) दिखाने का आयोजन किया जिसमें तोंगपाल स्थित शासकीय छात्रावास के बच्चों और ग्रामिणों को भुज फिल्म दिखाई गई । तथा साथ ही वाहिनी कमाण्डेन्ट पी.मनोज कुमार द्वारा ग्रामिणों एवं युवाओं व बच्चों को बताया कि हमें आजादी वर्षो की मेहनत के बाद मिली इसलिए हमने अपने बच्चों को सच्चा देश भक्त बनाने के लिए उन्हे बचपन से ही आजादी और मातृभुमि से प्रेम का महत्व बताना है।

# जिला चिकित्सालय कांकेर में मनाया गया 100 करोड़ वैक्सीनेशन उत्सव

पायनियर संवाददाता ✓ उत्तर बस्तर कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला स्वास्थ्य समिति कांकेर एवं जिला अस्पताल प्रबंधन कांकेर के संयुक्त तत्वावधान में कोविड-19 टीका कर्मियों का सम्मान कर 100 करोड़ कोविड वैक्सीनेशन उत्सव मनाया गया। शनिवार शाम को जिला चिकित्सालय कांकेर में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनिसेफ डीएमसी जिला कांकेर रेहाना तबस्सुम ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि आज देश ने 100 करोड़ कोविड-19 टीकाकरण हासिल किया है, इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी टीका कर्मियों का अतुलनीय योगदान रहा है, उनके विशेष प्रयास के बगैर यह लक्ष्य असंभव सा था सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित कर उनका आत्मबल विकसित करना हम सब के लिए गर्व का विषय है, साथ ही इस आयोजन के माध्यम से टीकाकरण के प्रति जन जागरूकता लाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जिससे टीकाकरण से वंचित लोगों में भी टीकाकरण के प्रति रुझान बढ़े। कोविड-19 डेडीकेटेड अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ लोकेश देव ने सभी टीका कर्मियों को उनकी समर्पण एवं लगन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि कोविड-19 मरीजों के कांटेक्ट ट्रेसिंग, होम आइसोलेशन फॉलोअप निगरानी सेंपलिंग के साथ ही समानांतर क्रम में कोविड-19 टीकाकरण में हमारे ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की भूमिका उल्लेखनीय रही है इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। कार्यक्रम की शुरुआत 100 करोड़ वैक्सीनेशन को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक रंगोली के चारों ओर कैंडल जलाकर की गई, तत्पश्चात कांकेर शहर के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ कोविड-19 टीका कर्मी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गायत्री नाग, संगीता सिंह, अशोक कुमार नाग एवं अजीत तारम का सम्मान किया गया। जिला अस्पताल में मरीज के अटेंडर बनकर आए उनके परिजनों को भी कोविड टीकाकरण के दोनों डोज पूर्ण करने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया व दूसरों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करने कहा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र नाग, रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर एस पी एस शांडिल्य, कोविड-19 अस्पताल प्रभारी डॉ लोकेश देव,डॉ किरण ठाकुर, जिला अस्पताल सलाहकार मिथिलेश सोनबेर, डॉ सोम, ,टिकेश जैन सहित जिला अस्पताल के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

## छग के अनियमित कर्मचारी कर रहे नियमितीकरण की गुहार, उ प्र में कांग्रेसी कर रहे नियमितीकरण के वादों की बौछार

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

नियमितीकरण तो अनियमित कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है, परन्तु जिस तरीके से आगामी उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी कांग्रेस पार्टी कर रही है वो अत्यंत महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले एवं प्रदेश संयोजक अनिल कुमार देवांगन ने बताया कि, विगत 1000 दिवस बीत जाने के पश्चात अनियमित कर्मचारी उनके साथ 10 दिन में नियमितीकरण की मांग को पूरा होने का इंतज़ार कर रहे है। विधानसभा 2018 को पूरे 3 वर्ष को चुके है, परन्तु नियमितीकरण जैसे अभूतपूर्व मसले को वर्तमान छत्तीसगढ़िया कांग्रेसी सरकार लगातार राजनीतिक घटनाक्रम की ओर बढ़ाती चली जा रही है, इससे यह समझ मे आ रहा है, की अनियमित महासंघ ने दूर दृष्टि पक्का इरादा को चरितार्थ किया, परन्तु उनके वादे अपूर्ण रहे है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त सिन्हा, प्रेम प्रकाश गजेंद्र एवं शिवेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त बयान दिया गया कि वर्तमान भुपेश बघेल की कॉंग्रेस सरकार अनियमित कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर रही है, जिसका प्रमुख कारण आपसी मुख्यमंत्री गद्दी को हासिल करने की वजह रही है। उत्तर प्रदेश के चुनावी आब्जर्वर के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को नियुक्ति दिया गया है, इससे शासन के कार्यो को जन जन तक पहुंचने का कार्य अनियमित कर्मी द्वारा किया जा रहा उसका संज्ञान सीएमओ को ज्ञात नही है, भविष्य में अविस्मरणीय आंदोलन होगा, जिसकी सारी जवाबदेही छग शासन की होगी। वही प्रदेश के वरिष्ठ कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व संयोजक गोपाल साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर प्रदेश सचिव श्रीकांत लास्कर प्रदेश सह सचिव भूपेंद्र साहू ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि आगामी महसंघीय कार्ययोजना अब वास्तविक रूप में आ रही है, और इसका शासन प्रशासन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। युद्ध स्तर पर अनियमित कर्मी, 7 वे चरण के आंदोलन की तैयारी पूर्ण कर रहे है। प्रदेश मीडिया सलाहकार एवं क्रांतिकारी सदस्य अभिषेक ठाकुर ने उद्बोधन दिया कि महासंघ के यह आंदोलन अंतिम आंदोलन के रूप में बताया जा रहा है। और इसका आखिरी स्वरूप वृहद स्तर का रहेगा, जिससे जन और जनार्दन सब रूबरू होंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले शिक्षक गिरफ्तार

■ शिक्षा जगत को शर्मसार करने वाली घटना

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में एक शिक्षक ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक सोहन नुरेटी पिता कारिया राम नुरेटी निवासी शांति नगर नारायणपुर द्वारा 10 वर्ष की बालिका के साथ दुष्कर्म किया है। जिसकी प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना नारायणपुर में दिनांक 22.10.021 को अपराध क्रमांक 148/2021 धारा 376,376(ख), 506 जिप्सी 4,6 पॉक्सो एक्ट कायम किया गया था जिसे पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चन्द्राकर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नारायणपुर अनुज कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन व मार्गदर्शन में नारायणपुर थाना प्रभारी मनोज बंजारे द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी को 23 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, उप निरीक्षक विकास देशमुख, प्रधान आरक्षक जयलाल ध्रुव, महिला प्रधान आरक्षक वंदना चन्द्राकर, आरक्षक सुरेंद्र बघेल, आरक्षक शंकर गोटा, सहायक आरक्षक घासी राम वड्डे, एव चंद्रकुमार देवांगन शामिल रहे।

# राजस्व संबंधी 463 प्रकरणों का शिविर में निराकरण

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजन किए जा रहे हैं। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के आमजन से आग्रह किया है कि वे इन शिविरों में उपस्थित होकर अधिक से अधिक राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण कराएं। जिले के ग्राम पंचायतों में बीते 11 से 18 अक्तूबर तक ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में फौती नामांतरण, खाता विभाजन, बी-1, खसरा नक्शा, पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए संबंधित आवेदक को पटवारी प्रतिवेदन, वंशावली उपलब्ध कराया। इसके साथ ही भू-अभिलेख का अद्यतीकरण राजस्व अभिलेखों में प्रविष्ट-भू स्वामी एवं अन्य विवरण की जांच कर अभिलेखों में अंकित, प्रविष्ट त्रुटियों को दुरूस्त किया गया। 11 अक्टूबर को नारायणपुर के तहसील कार्यालय में आयोजित शिविर में फौती नामांतरण के 10, खाता विभाजन के छह, आय, जाति, निवास के 14 प्रकरण प्राप्त हुए। इसी प्रकार धौड़ाई में आयोजित शिविर के दौरान फौती नामांतरण के 18, खाता विभाजन के एक, वर्तमान भू अभिलेख नकल के तीन, आय, जाति, निवास, प्रतिवेदन वंशावली के आठ और भू-अभिलेख अद्यतीकरण के एक आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार 12 अक्टूबर को बाकुलवाही में आयोजित शिविर में फौती नामांतरण के 15, वर्तमान भू अभिलेख नकल के तीन, आय, जाति, निवास, प्रतिवेदन वंशावली के 21 और भू अभिलेख अद्यतीकरण के छह प्रकरण प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया। इसी प्रकार बेनूर में आयोजित शिविर के दौरान फौती नामांतरा के छह और आय, जाति, निवास, प्रतिवेदन वंशावली के 35 प्रकरण प्राप्त हुए। 13 अक्तूबर को दंडवन में आयोजित शिविर के दौरान फौती नामांतरण के 20 प्रकरण, आय, जाति, निवास, प्रतिवेदन वंशावली के सात और भू अभिलेख अद्यतीकरण के नौ प्रकरण प्राप्त हुए। वहीं सुलेंगा के शिविर में फौती नामांतरण के दो और खाता विभाजन के दो प्रकरण प्राप्त हुए। इसी तरह 14 अक्तूबर को गढ़बेंगाल में आयोजित शिविर के दौरान फौती नामांतरण के नौ, भू-अभिलेख नकल के 10, आय, जाति, निवास, प्रतिवेदन वंशावली के 20 और भू-अभिलेख अद्यतीकरण के एक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार नयानार में फौती नामांतरण के 10, खाता विभाजन के एक, भू-अभिलेख नकल के दो, आय, जाति, निवास, प्रतिवेदन वंशावली के 25 और भू अभिलेख अद्यतीकरण के एक प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## कलेक्टर के द्वारा दिव्यांग को ट्राईसायकल प्रदान किया गया

**दंतेवाड़ा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी एवं कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में दिव्यांग सहायक उपकरण प्रदाय योजना अन्तर्गत दन्तेवाड़ा निवासी घनश्याम बघेल को ट्राईसायकल प्रदान किया गया। घनश्याम बघेल अस्थिबाधित दिव्यांग है वह किराना दुकान चलाते है, ट्राईसायकल मिलने से उन्हें अपने कार्यो को करने में सुविधा होगी। इस मौके पर अपर जिला न्यायाधीश विनोद देवांगन, अपर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल एवं सचिव संजय सोनी, सभी न्यायाधीशगण पैनल अधिवक्ता पैरालीगल वालिंटियर्स, अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# वरिष्ठ कवि अर्जुनसिंह को हिंदी साहित्य परिषद द्वारा सारस्वत सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद द्वारा कोण्डागांव जनपद मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह को सम्मानित किए जाने पर कोंडागांव छत्तीसगढ़ सहित प्रतापगढ़ व उप्र के तमाम साहित्यकारों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद द्वारा हर्बल इस्टेट कोण्डागांव में ख्यातिलब्ध शायर स्वर्गीय हेमचंद्र सिंह राठौर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ककसाड़ दिल्ली मासिक पत्रिका के संपादक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने किया। उन्होंने स्वर्गीय श्री हेमचंद्र सिंह राठौर को साहित्य की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा बाबू हेमचंद्र सिंह राठौर की स्मृति में ककसाड़ द्वारा राष्ट्रीय साहित्यिक अवार्ड दिये जाने की घोषणा भी की । उल्लेखनीय है कि डॉ राजाराम त्रिपाठी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हर्बल किसान भी हैं। शिप्रा त्रिपाठी, नरेंद्र सिंह राठौर, शंकर नाग, रमेश पांडा, सुदर्शन मांझी (उड़ीसा), अनुराग त्रिपाठी, बलई चक्रवर्ती, पत्रकार संघ कोण्डागांव के अध्यक्ष जमील खान, अखिलेश त्रिपाठी शोधार्थी हिंदी विभाग शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय, कृष्णा राठौर एवं संपदा समाजसेवी संघ के अध्यक्ष जसमती नेताम, अपूर्वा त्रिपाठी आदि की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर के अध्यक्ष वरिष्ठ रचनाकार अर्जुन सिंह का अंगवस्त्रम, श्रीफल एवं ककसाड़ दिल्ली मासिक पत्रिका की प्रति भेंट करके सारस्वत सम्मान किया गया। सम्मान से अभिभूत अर्जुन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होने पर अपने को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ राजाराम त्रिपाठी को स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर की वार्षिक पत्रिका ÷स्वतंत्र सौरभ÷ एवं मानस मंथन की लघु पुस्तिका जग मंगल की प्रतियां भेंट की। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद द्वारा स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह को सम्मानित किए जाने की जानकारी मिलने पर मंडल के संरक्षक यज्ञ नारायण सिंह अज्ञेय, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ केशरी नंदन शुक्ल केशरी, गुरुबचन सिंह बाघ,यज्ञ कुमार पांडेय यज्ञ, डॉक्टर एसपी सिंह शैल, महादेव प्रसाद मिश्र बमबम,अरविंद सत्यार्थी, अशोक विमल, अब्दुल मजीद रहबर, योगेंद्र कुमार पांडेय, रामजी मौर्य आसमां, चंद्रशेखर मित्र एवं सुरेश अकेला सहित कविकुल प्रतापगढ़ के अध्यक्ष परशुराम उपाध्याय सुमन, सुरेश संभव, अनूप अनुपम,डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम, डॉक्टर संगम लाल त्रिपाठी भंवर,डॉक्टर सौरभ पांडेय, सूर्यकांत मिश्र निराला,राजेश कुमार मिश्र, अवध नारायण शुक्ल वियोगी, चिंतामणि पांडेय, सुरेश दुबे ब्योम एवं शेष नारायण दुबे राही आदि प्रतापगढ़ जनपद के साहित्यकारों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजक संस्था के प्रति आभार प्रकट करते हुए अर्जुन सिंह को बधाई दी है। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि कोंडागांव बस्तर की पावन धरती राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों और रचनाकारों की मानो खान है। इसीलिए इसे प्रदेश की साहित्य व कला राजधानी भी कहा जाता है।हम शीघ्र ही दोनों प्रदेशों सहित देश के वरिष्ठ साहित्यकारों से चर्चा कर हिंदी साहित्य परिषद तथा ककसाड़ पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में कोंडागांव में एक भव्य राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन कराने की पहल करेंगे।

# काण्डेकेला के ग्रामीणों के आंदोलन के बाद अब सरपंच बर्खास्त

■ कई महीनों से की जा रही थी कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com


कार्यालय-जनपद पंचायत मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
क्रमांक/3466/स्था.स.नि./पंचा./ज.प./2021 मैनपुर दिनांक 22/10/2021
प्रति
श्री ... नेताम,
सचिव ग्राम पंचायत काण्डेकेला
जनपद पंचायत मैनपुर
विषय :- ग्राम पंचायत काण्डेकेला में स्थानापन्न सरपंच के नियुक्ति बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202108221800012 वर्ष 2020-21 का आदेश पारित दिनांक 13.10.2021।
विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित आदेश के तहत छ.ग.पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) के तहत श्री नंदकिशोर कोमर्रा सरपंच ग्राम पंचायत काण्डेकेला, जनपद पंचायत मैनपुर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया है, फलस्वरूप स्थानापन्न सरपंच की नियुक्ति किया जाना है।
अतः निर्देश दिया जाता है कि ग्राम पंचायत काण्डेकेला में स्थानापन्न सरपंच की नियुक्ति पंचायतराज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही समयावधि में पूर्ण कर, पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत मैनपुर,
पृ.क्रमांक/3367/स्था.स.नि./पंचा./ज.प./2021 मैनपुर दिनांक 22/10/2021
प्रतिलिपि :-
1. कलेक्टर जिला गरियाबंद की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर की ओर संदर्भित आदेश के अनुपालन में सादर सूचनार्थ।
4. तहसीलदार तहसील कार्यालय मैनपुर को सूचनार्थ।
5. श्री ... ध्रुव, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, श्री अमरनाथ मरकाम सहा. आंत. लेखा परी. एवं करा. अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर को निर्देश दिया जाता है कि स्थानापन्न नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत मैनपुर




गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत काण्डेकेला में ग्राम पंचायत के सरपंच नंदकिशोर कोमर्रा एवं सचिव दुरुपसिंह सोनवानी द्वारा बगैर पंचों के सहमति के कुटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न निर्माण कार्यों और शासकीय राशि लगभग 40 लाख रुपए का भ्रष्टाचार करने का पंचों एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत और कलेक्टोरेट का घेराव किया था और नेशनल हाईवे 130 सी धुरवागुड़ी में लगभग 6-7 घंटे तक चक्काजाम किया था, जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर सूरजकुमार साहू, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौके पर पहुंचे और एसडीएम सूरजकुमार साहू ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। जांच के बाद अब ग्राम पंचायत काण्डेकेला के सरपंच नंदकिशोर कोमर्रा को बर्खास्त किया गया है। ज्ञात हो इस मामले से संबंधित खबरों को पायनियर ने प्रमुखता के साथ स्थान दिया था।

**घटनाक्रम इस प्रकार रहा :** 6 जुलाई को काण्डेकेला के उपसरपंच जमुना बाई सिन्हा के नेतृत्व में 14 पंचों के हस्ताक्षरयुक्त एक शिकायत पत्र मैनपुर जनपद में सौंपा गया था, इस शिकायत पत्र में निर्माण कार्य कराए बगैर सीसी सड़क, नाली निर्माण के अलावा विभिन्न कार्यों के नाम पर बगैर प्रस्ताव के 40 लाख की गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था।

23 जुलाई को 14 पंच और कुछ ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचकर शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की थी और कार्रवाई न होने की स्थिति में सामूहिक इस्तीफे की पेशकश भी की थी।

3 अगस्त को भ्रष्टाचार के इस मामले में कोई कार्रवाई न होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनपद पंचायत मैनपुर एवं जिला कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया था और सरपंच व सचिव पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए नारेबाजी की और कार्रवाई न होने पर 20 अगस्त को नेशनल हाईवे 130 पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी। जिसके पश्चात 3 अगस्त को ही जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ द्वारा 3 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया।

5 अगस्त को जांच अधिकारी डीपी साहू के नेतृत्व वाली टीम ग्राम पंचायत काण्डेकेला पहुंची और जांच प्रारंभ किया और इस दौरान जांच से असुंतष्ट जनता के गुस्से का सामना भी करना पड़ा था।

10 अगस्त को भ्रष्टाचार मामले की जांच के लिए एक बार फिर से जनपद पंचायत मैनपुर से जांच टीम पहुंची, इस टीम में पूर्व में प्रारंभिक जांच के लिए आए डीपी साहू की टीम ही आई थी। जांच टीम द्वारा निर्माण स्थल का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया गया, यह जांच बारी-बारी से ग्रामीणों के सामने किया गया, जिसमें भौतिक सत्यापन, कुछ कार्यों की माप व कुछ कार्यों का कार्यस्थल जाकर अवलोकन भी किया गया और इस दौरान भ्रष्टाचार होना पाया गया।

19 अगस्त को इस मामले को लेकर तहसीलदार ख्याति कंवर, मैनपुर जनपद सीईओ नर्सिंग ध्रुव ग्राम पंचायत काण्डेकेला पहुंचे, जहां अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच चक्काजाम को लेकर बात हुई और अधिकारियों ने ग्रामीणों को चक्काजाम न करने की समझाई दी, लेकिन ग्रामीण सरपंच-सचिव को बर्खस्त करने पर अड़ गए लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा 20 अगस्त को होने वाले चक्काजाम को स्थगित किया गया।

28 अगस्त को आश्वासन के अनरूप कार्रवाई न होने पर ग्राम पंचायत काण्डेकेला के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को बर्खास्त करने की मांग को लेकर काण्डेकेला से आकर धुरवागुड़ी नेशनल हाइवे 130 पर सुबह 7 बजे से अनिश्चितकालीन चक्का जाम पर बैठ गए और देखते ही देखते नेशनल हाईवे धुरवागुड़ी धरना स्थल की दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई। वहीं मामले को लेकर मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी सूरज साहू धुरवागुड़ी पहुंचे और ग्रामीणों से सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक पर कार्रवाही करने का आश्वासन देते हुए चक्का जाम को खत्म करने का आग्रह करने के पश्चात ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया गया था।

# मंहगाई के विरोध में शिवसैनिको ने केंद्रीय मंत्री का पुतला फूंका



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शिवसेना के जिलाध्यक्ष संतोष यदु के आदेशानुसार जिला महासचिव भीखम यदु के मार्गदर्शन पर भाटापारा ब्लॉक इकाई के शिवसैनिको ने लगातार पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस, खाद्य तेल एवं अन्य जरूरी सामानो की बढ़ती महँगाई के विरोध भाटापारा ब्लॉक के ग्राम सूरजपुरा व कुमरखान के चौंक में केन्द्र सरकार मुदार्बाद मँहगाई कम करना होगा, आम आदमी को राहत देना होगा के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया और केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री का पुतला जलाकर ग्रामीणों व शिवसैनिकों ने आक्रोश दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शिवसेना के जिला महासचिव भीखम यदु ने केन्द्र व राज्य सरकार पर हमला करते हुए बताया कि सरकार बनने से पहले बड़ी बड़ी बांते करते थे की हमारी सरकार आएगी तो मँहगाई पर लगाम लगाएगे काला धन वापस लाएगे हजारो लोगों को नौकरी देंगे लेकिन उलटा हो रहा हैं मँहगाई और बढ़ते जा रही हैं काला धन तो नहीं आया और नोटबंदी ने सैंकड़ो लोगों की जान ले लिया, नौकरी देने के बजाए लाखो लोगों की नौंकरी छिन गई पुरे देश को बेंचने पर केन्द्र सरकार तुली हैं। वही राज्य सरकार पैट्रोलियम पदार्थो में टैक्स कम कर आमजनो को राहत दे सकती हैं लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार केन्द्र का मुँह ताक रही हैं उसी में आमजन पिसते जा रहे हैं अमिर और अमिर बनते जा रहे हैं तो गरीब और गरीब बनते जा रहे हैं जल्द सरकार मँहगाई पर लगाम नहीं लगाता तो शिवसेना उग्र प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन के दौरान शिवसेना जिला महासचिव के साथ ब्लॉक अध्यक्ष नोहर पाल, ब्लॉक सचिव राजेंद्र वर्मा, नगर अध्यक्ष सूरज कारिया, तेजराम निषाद, सागर मसीह, गोलू, अजय एवं शिवसैनिक शामिल हुए।

# करवा चौथ-चांद के दीदार के बाद पति के हाथ से पानी पीकर तोड़ी व्रत

■ महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र के लिए मांगी मन्नत

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



इस बार करवा चौथ का पर्व रविवार को परंपरा अनुसार मनाया गया सालों बाद रोहिणी नक्षत्र में महिलाएं अखंड सुहाग के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखकर रात में चंद्रमा के दर्शन और पूजन के साथ कथा सुनी और पति के हाथों पानी पीकर अपना व्रत खोली गई। एक और करवाचौथ पर्व के चलते बाजार में उपहार खरीदने के लिए दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है जिससे बाजार गुलजार हो गए हैं। करवा चौथ के पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया कोई पहली बार व्रत रखा तो कोई पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके से पर्व को मनाया बाजार में इसका असर भी साफ दिखाई दी।

## बाजार रहे गुलजार

करवा चौथ के 1 दिन पहले शहर के बाजार गुलजार रहे इस अवसर पर महिलाओं ने कपड़े व पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की तो वही करवा चौथ के दिन पुरुषों ने उपहार सामग्री को लेकर बाजार में काफी भीड़ लगी रही जिसके चलते काफी उत्साह नजर आया।

## आज जिला सहकारी समितियों के कर्मचारी करेंगे एकदिवसीय प्रदर्शन



**लवन।** 25 अक्टूबर सोमवार को दसहरा मैदान बलौदाबाजार में बलौदाबाजार जिला के सहकारी समितियों के कर्मचारियों का एक दिवसीय आंदोलन रहेगा ।आंदोलन पश्चात अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को आवेदन सौपेंगे।इस संबंध में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तिल्दा के समिति प्रबंधक रामकुमार साहू ने वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए बताया कि कल से एक दिवसीय आंदोलन बलौदाबाजार दसहरा मैदान में आयोजित है।जिसकी तैयारी पूर्ण कर लिए गए हैं।श्री साहू ने मीडिया के माध्यम से अपने साथियों को उपस्थित होने की अपील किये गए हैं।



**लवन।** प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रायपुर निवासी में सौजन्य मुलाकात कर देश का नंबर 1 मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दिया एवं बांस से बनी कलाकृति त्रिपुरा का मुख्यमंत्री को भेंट किया। इस दौरान साथ में संजरी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा मौजूद रहे।

# रंगाई पुताई से दीपोत्सव की तैयारियों का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे इन दिनों त्योहार का उल्लास है। दीपावली के नजदीक आने से कोरोना के खौफ को जेहन से उतारकर लोग त्योहार की तैयारियों में जुट गए हैं। घरों, दुकानों, कार्यालयों की रंगाई-पुताई के लिए बाजार से खरीदारी शुरू हो गई है। लोग बाजार में पेंट आदि सामान खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। इससे पेंट विक्रेताओं और पुताई करने वालों के चेहरे पर रौनक के साथ ही दुकानों पर रंगाई-पुताई के सामान की बिक्री होने लगी है।

संपन्न लोग नामचीन कंपनियों के पेंट्स से अपने घर की पेंटिग करा रहे हैं वही गरीब और मध्यम वर्ग के लोग चूना से अपने घर की पुताई कर साफ- सफाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं आदिवासी समुदाय के लोग घर की रंगाई पुताई मिट्टी के माध्यम से आकर्षक कलाओं से युक्त किया का रहा है। बाजार में पेंट्स तथा चुना, सिमोसीन आदि रंगाई-पुताई सामग्री खूब बिक रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि कोरोना काल में अन्य कामों की तरह उनका कारोबार भी ठप हो गया था, लेकिन दीपावली के आने से त्योहारों से उनका कारोबार शुरू हो गया है। लॉकडाउन के समय का कुछ घाटा पूरा हो सकता है। दीपावली पर्व आते ही लोग अपने घरों के साफ-सफाई और रंगाई पुताई में लग गए हैं इन सबके बीच जहां चुना डिस्टेंपर और पेंट की कीमत में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है वही रंगाई पुताई की मजदूरी अधिक होने से लोगों को घर पुताई काफी महंगी पड़ रही है। इन दिनों हार्डवेयर दुकानों में चुना डिस्टेंपर तथा विभिन्न प्रकार के पेंट खरीदने वालों की खासी भीड़ नजर आ रही है रंग पेंट दुकानों के विक्रेताओं ने बताया कि इस वर्ष रंग रोगन सामानों की कीमत में वृद्धि नहीं हुई है इसलिए लोग अपनी पसंद का रंग पेंट आदि खरीद रहे हैं चुना से लेकर विभिन्न प्रकार के पेंट की कीमत में इस साल कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है उल्टे यह सामान थोड़ा सस्ता है। लोग अपने घरों की रंगाई पुताई के लिए चुना से लेकर पेंट तक खरीद रहे हैं परंतु उन्हें पेन्टर नहीं मिल रहे हैं जो पेन्टर मिल रहे हैं उनकी मजदूरी दर सुनकर लोगों के हौसले पस्त हो रहे हैं सामान्य चुना पोतने वाले मजदूर जहां 300 से लेकर 350 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मांग रहे हैं।

# गोंडवाना विवाह का निःशुल्क बॉयोडाटा का शुभारंभ 25 को

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

कुछ लोग भले ही सोशल मीडिया को मनोरंजन या किस्से कहानियों का जरिया माने,लेकिन जिले में गोंडवाना शुभ विवाह छ. ग.का निःशुल्क वैवाहिकी बॉयोडाटा एक व्हाटसअप मैरिज समूह बनकर उभरा है। इसमें 3 साल में ग्रुप के जरिये से 200 रिस्ते तय हुये है। यह एक अनुकरणीय और सामाजिक सेवा गोंड़ समाज ने युवक -युवती परिचय ग्रुप बनाकर 25 अक्टूबर 2021 से पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।

युवक और युवतियों के परिचय और रिस्ते तय करने के लिये ग्राम बाँसबिनौरी,नगर पंचायत पलारी निवासी भानु ध्रुव ने 1 फरवरी 2017 को गोंडवाना शुभ विवाह छ. ग. निःशुल्क बॉयोडाटा युवक-युवती परिचय के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है।उनकी इस अनोखी सोच और पहल को अनेक समाजिक लोगो ने सराहा है। व्हाट्सएप ग्रुप की सफ़लता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ग्रुप मे 3 साल में ही 200 रिश्ते तय हुये है। ग्रुप से जुड़े गोंड़ समाज के सदस्यों का कहना है कि सोशल मीडिया का ये प्रयोग बेहद सुखद है,क्योंकि भाग दौड़ भरी जिंदगी व रिश्तो के सीमित होते दायरों में लोगो को अच्छी बहु व दामाद तलाशने में लंबा समय लग जाता है। इस दौर में इस ग्रुप ने रिश्ते तलाशने का अच्छा प्लेटफार्म लोगो को दिया है। बेटे बेटी के लिये अच्छे रिश्ते की खोज यदि घर बैठे हो जाए तो अभिभावकों के लिये इससे अच्छा कुछ हो नही सकता। इससे पैसे की बबादी भी रुकती है।

## अलग अलग कैटेगरी के मिलते है बॉयोडाटा

गोंडवाना शुभ विवाह निःशुल्क बॉयोडाटा ग्रुप की विशेषता यह है कि यंहा अलग अलग कैटेगरी के हिसाब से बॉयोडाटा मिल जाते है। इसमें गृहणी, व्यवसायी, डॉक्टर,सी.ए. इंजिनीयर, ग्रैजुएट, नॉन मैट्रिक, विधवा, विधुर, तलाक़शुदा, आदि को अपने मनपसंद रिश्ते चुनने में आसानी हो रही है। उल्लेखनीय है कि व्हाटसअप विवाह ग्रुप 7 बना हुआ है जिसमे 18 प्रकार के नियम व शर्ते बनाया गया है ,सभी को नियम पालन करते हुये समूह के सदस्यों को निर्देशित किया गया है,जिसमे प्रदेश भर के कई जिलों से सामाजिक लोग व विवाह योग्य युवक युवती जुड़े हुये है। ग्रुप में लगभग 2000 से अधिक सदस्य है। इस अवसर पर शुभारंभ के मौके पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, उपाध्यक्ष मनोहर मण्डावी,जिला सहसचिव दशरथ ध्रूव, अभय ध्रुव, संरक्षक टेक सिंह ध्रुव,गैन्दराम ध्रुव, प्रताप सिंह नाग,के.पी.ध्रुव,बालाराम मरकाम,नोहरी लाल ध्रुव, डॉ बी.एस.ध्रुव, यू.के नागवंशी, छन्नू ध्रुव, धनंजय ध्रुव,मुन्ना लाल ध्रुव, यशवंत ध्रुवे ,कांशी ध्रुव,मोतीलाल मण्डावी,प्यारे लाल ध्रुव, विजेन्द्र मरकाम,अजय ध्रुव, कामेश मण्डावी,उमाशंकर ध्रुव, मनहरण लाल ध्रुव ,कुलदीप ध्रुव, केशव कुंजाम, नोहर सिंह नेताम,संदीप ध्रुव, विजय ध्रुव, देवकी ध्रुव, मीना ध्रुव,पदमनी ध्रुव ने प्रशन्नता जाहिर करते हुये अधिक से अधिक जुड़ने की बात कही।

## गाड़ियां नहीं, फिर भी कैसे निकले पैसे ?

# बीपीएम और पेट्रोल पंप संचालक की भूमिका पर उठ रहे सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

गाड़ी नहीं, फिर भी कैसे निकाले गए पैसे? यह सवाल इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि किराया भुगतान को लेकर ना तो दस्तावेज हैं, ना जवाब दिया गया है। इससे जाहिर तो यही हो रहा है कि फर्जी बिल के आधार पर डीजल की रकम आहरित कर ली गई।

पल्स पोलियो जैसे संवेदनशील आयोजन में लगी वाहनों में डीजल-पेट्रोल के लिए दी गई राशि में से एक बड़ी रकम की हेराफे री का मामला प्रकाश में आ रहा है। जिसे लेकर पूर्व पार्षद दिलेश कुमार साहू ने सूचना का अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के माध्यम से खुलासा करते हुए कहा है कि इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम राजेश डहरिया की भूमिका की जांच होनी चाहिए। साहू ने आवेदन के साथ सूचना का अधिकार के तहत, मिली जानकारी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजी है।

## गाड़ी नहीं, फिर भी डीजल खर्च

जनवरी 2021 में पल्स पोलियो अभियान के तहत जितनी भी गाड़ियां उपयोग में लाई गई, उन सभी को किराया और पेट्रोल-डीजल का भुगतान किया गया लेकिन फरवरी में लगी ऐसे छह वाहन को डीजल का भुगतान किया गया, जिनका अस्तित्व नहीं था। यह खुलासा, सूचना का अधिकार के तहत हासिल दस्तावेजों से हुआ है, जिसमें किराया का अता-पता नहीं हैं लेकिन डीजल भुगतान का बिल नत्थी किया गया है।

## कैसा है वाहन का प्रकार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए आवेदन में आग्रह किया गया है कि मामला संदेहास्पद देखते हुए जिन वाहनों को डीजल भुगतान किया गया है, उनके हैवी या सामान्य वाहन होने की जानकारी साथ में आनी चाहिए। इससे स्पष्ट हो सकेगा कि गाड़ियां आयोजन में उपयोग की गई या नहीं?

## पेट्रोल पंप की भी भूमिका संदेहास्पद

पूर्व पार्षद दिलेश साहू ने पेट्रोल पंप संचालक की भूमिका पर भी संदेह जताते हुए कहा है कि 48620 रुपए में से 15200 रुपए का फर्जी बिल कैसे और किसके कहने पर जारी किया गया? इसका खुलासा होना आवश्यक है। इसके अलावा भुगतान का काम देख रहे बीपीएम राजेश डहरिया की भी भूमिका की जांच जरूरी है।

जिला चिकित्सा के अधिकारी के द्वारा जांच की जा रही हैं।
**-राजेश डहरिया,** बीपीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा

# खरोरा पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

■ नशे की लत और महंगे शौक को पुरा करने के लिए की थी चोरी

पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com



थाना खरोरा क्षेत्र के कोसरंगी गाँव की मीना डहरिया जो कि ग्राम कोसरंगी की रहने वाली है कोरासी हायर सेकण्डरी स्कूल मे प्राचार्य के पद पर पदस्थ् है। उनका सूना मकान देख कर बड़े ही चालाकी से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था द्य जिसकी शिकायत उन्होंने खरोरा थाने मे दर्ज की द्य मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी एवं प्रभारी सायबर सेल एवं थाना प्रभारी खरोरा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर वरिष्ट अधिकारियों के दिशा निर्देशन में सायबर सेल एवं थाना खरोरा की टीम द्वारा घटना के अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने का प्रयास किया जा रहा था द्य टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण किये जाने के साथ-साथ हाल ही में जेल से छूटे चोरी के आरोपियों के संबंध में भी तस्दीक की जा रही थी इसी दौरान टीम को सूचना प्राप्त हुई जिसके आधार पर मनोज वर्मा निवासी चेकराडीह थाना पलारी को पकड़ कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की जिस पर आरोपी मनोज वर्मा ने चोरी की घटना को स्वीकार किया आरोपी के पास से सोने और चांदी के आभूषण, 03 नग मोबाईल एवं नगदी 1,20,000 रू. जुमला कीमती 5,20,000 रूपये बरामद किया द्यखरोरा थाना प्रभारी रमेश मरकाम ने खरोरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता पर कहा की इन घटनाओ और अपराधियों पर काबू पाने के लिये नागरिको की सजागता और सहयोग की आवश्यकता है चोरी की और भी घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है।

## क्विक न्यूज

### निर्वाचकों से संबंधित नामावलियों के अंतिम भाग का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ

**उत्तर बस्तर कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 की स्थिति मे सेवा निर्वाचकों से संबंधित निर्वाचन नामावलियों के अंतिम भाग का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। सेवा निर्वाचकों से संबंधित निर्वाचक नामावली के अंतिम भाग का प्रारंभिक प्रकाशन 01 नवम्बर 2021 को किया जाकर संबंधित रिकार्ड आफिसर, कमांडिंग आफिसर से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एवं अपलोड 30 नवंबर तक किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एवं निराकरण की कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग का प्रकाशन 05 जनवरी 2022 दिन बुधवार को किया जायेगा। जिले में स्थापित बीएसएफ , सीआरपीएफ कैम्पों, सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज जंगलवार में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा संबंधित रिकार्ड आफिसर, कमांडिंग आफिसर के माध्यम से सेवा निर्वाचक की सूची में अपना नाम पंजीयन करा सकते हैं।

### सांसद आदर्श ग्राम की समीक्षा बैठक में स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश

**उत्तर बस्तर कांकेर।** सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत् विकासखण्ड चारामा के चयनित ग्राम पंचायत लखनपुरी एवं विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत बेवरती का समीक्षा बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि चयनित सांसद आदर्श ग्राम पंचायत लखनपुरी और ग्राम पंचायत बेवरती में सांसद के अनुशंसा पर ग्राम विकास योजना का प्रस्ताव बनाया जायेगा। सांसद आदर्श ग्राम योजनांतर्गत ग्राम विकास योजना में स्वीकृत कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन एवं सुचारू रूप से संचालन करने निर्देशित किया गया। बैठक में योजना से संबंधित विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 26 तक

**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 में सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 26 अक्टूबर तक आमंत्रित किया है। जिले के इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश लेना चाहते हैं वे सैनिक स्कूल अंबिकापुर की वेबसाईट httpsa// aissee.nta.nic.in पर आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 09 जनवरी 2022 दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में दो मृतक परिजनों के लिए 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम भीरागांव निवासी खिलेश्वर कड़ियाम का सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी माताजी राजोबाई कड़ियाम और भानुप्रतापपुर निवासी रमेश नुरेटी के सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी रमशीला नुरेटी के लिए 25-25 हजार रूपये स्वीकृत किया गया है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 01 नवम्बर को

**उत्तर बस्तर कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 01 नवम्बर को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में किया जाएगा तथा 30 नवम्बर 2021 तक दावा-आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। उक्त अवधि में मतदाता संबंधित मतदान केन्द्र में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त नेशनल वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से nvsp.in करके वोटर हेल्पलाईन डाउनलोड करके csc के माध्यम से तथा मतदाता सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### रोजगार पंजीयन संबंधी सूचना

**कवर्धा।** कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम द्वारा रोजगार पंजीयन सहायता के इच्छुक अभ्यर्थियों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज कराने का कार्य ई-मेल से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर किया जा रहा था, चूंकि कबीरधाम जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति सामान्य हो गयी है। अब आगामी एक नवंबर से अभ्यर्थी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर, रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज करा सकते है। अभ्यार्थी स्वयं नया रोजगार पंजीयन के लिए वेबसाईड www.e&change.cg.nic.in में ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है।

# जीवनदीप समिति की बैठक में शामिल हुई क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ‹ लवन/कसडोल
www.dailypioneer.com



कसडोल जीवनदीप समिति कसडोल के साधारण सभा एवं कार्यकारिणी सभा की बैठक कसडोल विधायक एवं संसदीय सचिव शकुन्तला साहू की अध्यक्षता में दोपहर 01.00 बजे प्रारम्भ किया गया। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त सदस्यों को पूर्व में निर्धारित कार्य के पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों का उल्लेख कारण सहित बताया गया एवं आगामी कार्यों की योजना प्रस्तुत की गई।

विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक जीवनदीप समिति के बैठक के बारे में सामान्य जानकारी दिया गया। विधायक द्वारा अस्पताल परिसर के साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली गई एवं स्मार्ट कार्ड को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। अस्पताल हेतु 01 आरक्षक / होमगार्ड की व्यवस्था अस्पाताल की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा वर्तमान बैठक की एजेन्डा के बारे में जानकारी दिया गया। ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना लिए संचालक महोदय के निर्देशानुसार अनुमानित लागत (480000/-) एवं वर्तमान कार्य की स्थिति से अवगत कराया गया। जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की वेतन वृद्धि (प्रति कर्मचारी 1000/-) का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। शासन के निर्देशानुसार मरीजों के ऑनलाईन पंजीयन के लिए कम्प्यूटर सिस्टम प्रस्तुत किया गया। अस्पताल परिसर में पेय जल विद्युत एवं साफ-सफाई हेतु होने वाले व्यय से अवगत कराया गया। अस्पताल परिसर के उद्यान के उन्नयन के संबंध में चर्चा की गई। प्रस्ताव से अवगत हमर लैब योजना शासन के निर्देशानुसार सामु स्वा केन्द्र कसडोल के लैब एवं अस्पताल परिसर का उन्नयन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया

स्टॉफ नर्स तथा वाहन चालक के व्यवहार सुधार के संबंध शिकायत / सुझाव दिया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी मरीजो एवं परिजनो हेतु केटिन व्यवस्था के संबंध पहल की गई। विधायक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष महोदया द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया। उक्त बैठक में विशेष रूप से जीवन दीप समिति के सदस्य विजय साहू,राजेश साहू, आई पी वर्मा, कृष्णा मरकाम, विकास यादव पार्षद,युवक कांग्रेस से जिला अध्यक्ष मानस पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलू चंदन साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन साहू,,छोटा चौहान, सोमू सुयश तिवारी,सुनील साहू विधायक प्रतिनिधि,ज़िला खनिज न्यास के सदस्य ईश्वर यादव,खिलावन डहरिया एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## खरोरा तहसील के बाबू कृष्ण कुमार साहू से क्षेत्र के किसान परेशान



पायनियर संवाददाता ‹ खरोरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश ही नही देश मे भी सरकारी तंत्र का ढुलमुल रवैया ही किसानों का आत्महत्या का सबसे बडा कारण है जब भी किसानों को जमीन से सम्बंधित काम लेकर तहसील आना हो तो वहां भोले भाले किसानों को सबसे ज्यादा मुसीबत का सामना करना पडता है।

खरोरा और आसपास के किसानों का अभी सबसे बडा मुसीबत का नाम है खरोरा तहसील के बाबू कृष्ण कुमार साहू जिससे लंबे समय से क्षेत्रवासी परेशान है! ग्रामीण और किसान फौती, नामांतरण जैसे कई जरूरी कामों के लिए बाबू के व्यवहार और कार्यशैली से परेशान है किसानों का हमेशा से यही शिकायत रहा है यहां किसानों का काम कम और जमीन से संबंधित व्यपारियो और बडे। बडे कंपनी से संबंधित लोगों का ही काम अधिक होता है किसानों को मिलता है तो केवल तारीख जिसकी शिकायत विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा तक पहुंची , जिसको लेकर विधायक के निर्देश पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस बबलू भाटिया, खुबी डहरिया, धनेश वर्मा, जनपद सदस्य तोकेंद्र गायकवाड़, रेशम वर्मा ने तहसीलदार रीमा मरकाम से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बाबू कृष्ण कुमार साहू की शिकायत की और फौती नामांतरण जैसे अन्य कामों में तेजी लाने मांग किया जिसे तहसीलदार मैडम ने समस्याओं का जल्द निराकरण कराने आश्वासन दिया।

## नगर निवेश क्षेत्र को लेकर सरपंचों में विरोधाभाष ग्राम पंचायत के प्रभुता व हितों को लेकर संशय

- **सरपंचों के द्वारा नगर निवेश मानचित्र का अवलोकन**

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा मुख्यालय नगर के साथ दर्जनभर ग्राम पंचायतों को भी नगर निवेश क्षेत्र में शामिल करने के प्रोजेक्ट को लेकर विरोधाभाष पनपने लगा है। निकाय के सभागार में प्रस्तुत मानचित्र मुताबिक लगभग 11 ग्राम पंचायत यानि लगभग 16 गांव शामिल किए हैं। उक्त ग्राम पंचायतों को दावा आपत्ति के लिए एक माह की अवधि 8 नवंबर तक मिली है।

नगर निवेश विभाग द्वारा गत दिनों प्रकाशित मानचित्र में मुख्यालय डोंगरगांव नगर के सन्निकट ग्राम पंचायतों को शामिल कर लिया है। ग्राम पंचायतों को पत्र पहुंचते ही ग्राम व पंचायत स्तर पर अभी से विरोध के स्वर भी उभरने लगे हैं। इसी तारतम्य में निकाय में नगर निवेश क्षेत्र का मानचित्र व दावा आपत्ति के लिए नियम कायदों का अवलोकन करने दर्जनभर सरपंचों की टीम नगर पंचायत पहुंची थी।

टीम में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने भी सम्मिलित होकर सरपंचों के ग्राम के हितों के प्रति चिंतन को जायज करार दिया। सरपंचों ने आगामी दिनों ठोस कदम उठाने की बात कही है। उक्त अवसर पर कमल नारायण वैष्णव कोहका, मयंक यदु रेंगाकठेरा, सोनाली अजय पंसारी खुज्जी, आशा भूषण देवांगन मोहड़, चिंतामणी हरिशंकर सिन्हा साल्हे, भगवती भरत निर्मलकर बगदई, चेतन साहू भटगुणा, गिरधारी साहू आरी सहित अन्य सरपंच व प्रतिनिधि शामिल थे।

## महिंद्रा ट्रेवल के बस पर यातायात पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ कुमार सिन्हा के आदेशानुसार एवं अति0 पुलिस अधीक्षक कांकेर जी एन बघेल एवं अनु0 अधिकारी पुलिस कांकेर डॉ चित्रा वर्मा तथा डी एस पी ऑप्स अमृत कुजूर के निर्देश पर यातायात पुलिस कांकेर तथा जिले के थाना चौकी द्वारा सड़क दुर्घटना मे कमी लाने के उद्देश्य से निरंतर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने समझाइस एवं चलानी कार्यवाही की जा रही हैं इस दौरान महिंद्रा ट्रेवल बस क्रमांक छ्त्न 19 स्न 0258 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक यात्री बस को चलाते कोठारी पेट्रोल पंप पास मध्य मार्ग नेशनल हाईवे मे खड़ा कर दिया था जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी जिस पर बस चालक ऋषभ विश्वकर्मा के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही कर उनसे जुर्माना भरवाया गया दौरान चेकिंग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 72 छोटे बड़े वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने से उनसे सम्मन शुल्क के रूप मे कुल 17300/- जुर्माना भरवाया गया यातायात पुलिस कांकेर द्वारा निरंतर चलानी कार्यवाही जारी हैं.

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के विद्यार्थिओं का जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता सम्पन्न



**उत्तर बस्तर कांकेर।** जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों का जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला द्वारा किया गया है। पण्डित विष्णुप्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर के खेल मैदान में जिले के सातों विकास खंडों के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने मिनी वर्ग एवं सिनियर वर्ग के 100, 200 एवं 400 मीटर तथा रिलेरेस, कबडडी, बैडमिंटन, शतरंज, खो-खो, फुटबॉल, व्हालीबॉल, फुगड़ी खेल विद्याओं में भाग लिया। समस्त विद्याओं में भाग ले रहे प्रतिभागी अपनी-अपनी खेल विद्या का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उनके प्रदर्शन के आधार पर 40 व्यायाम अनुदेशकों द्वारा संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। आज सभी विद्याओं में चयनित प्रतिभागियों को सहायक जिला क्रीडा अधिकारी आबिद खान के नेतृत्व में जगदलपुर के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर समस्त चयनित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कावड़े, नोडल अधिकारी नवीन सिन्हा, सहायक नोडल अधिकारी नवनीत पटेल संकुल समन्वयक नितेश उपाध्याय, हेमेन्द्र साहसी, क्रीड़ा शाखा प्रभारी के. एस.चौहान, अविनाश वासनिकर, बालमुकुन्द तिवारी, छन्नू मण्डावी एवं जिले के समस्त व्यायाम शिक्षक के द्वारा संभाग स्तरीय चयन प्रतियोगिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भाजपा शहर मण्डल बागबाहरा ने किया स्वास्थ्य कर्मियों व मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



देश के प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमने विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के अंतर्गत भारत के 100 करोड़ लोगों को सबसे कम समय मे जीवन रक्षक वैक्सीन लगाने का लक्ष्य प्राप्त किया है। इसी उपलक्ष्य में भाजपा शहर मण्डल बागबाहरा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा के स्वास्थ्य कर्मियों व मितानिनों को सम्मानित किया गया।

मण्डल अध्यक्ष प्रेम (रूपेश) साहू के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम में महासमुन्द लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू व जिलापंचायत सदस्य अलका चन्द्राकर, तुलसी यादव की उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान के कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम डॉ कुरुवंशी स , बिनकर मैडम, डॉ योगांक चन्द्राकर, डॉ पटेल, मिनिकेतन चौधरी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी व मितानीन जिन्होंने कोरोना के दोनों चरणों मे अपनी सेवाएँ दीं व इस वृहत वैक्सीनेशन के अभियान के सफल बनाने में अपना योगदान किया उन सभी का सम्मान किया।

सांसद महोदय ने स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुवे सम्बोधित किया कि जो 100 करोड़ लोगों को इतने कम समय मे वैक्सीन लगाने में जो हमें रिकॉर्ड सफलता मिली है, उसका मुख्य श्रेय आप लोगों को जाता है। इस वर्ष रिकॉर्ड गति से वैक्सीन लगाना हो या कोरोना के प्रथम व द्वितीय चरणों में निर्बाध रूप से अपनी सेवाएँ प्रदान करना, हम सभी देशवासी सदैव आप सबके आभारी रहेंगे इस आपदा काल में जितना हमारे स्वास्थ्य कर्मीयों की भागीदारी रही है उतनी ही हमारी मितानीन बहनों की भी भागीदारी रही है सीमित साधन व संसाधन होने पर भी हमारी बहने हमेशा हमारी सेवा में खड़ी थीं। मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त सम्मान समारोह के कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश चन्द्राकर, सुरेश नरेडिया, जिलाध्यक्ष किसानमोर्चा दुबेलाल साहू, मण्डल महामंत्री हरमीत बग्गा, दिनेश चन्द्राकर, जिलाध्यक्ष भाजयुमो जसराज (बाला) चन्द्राकर, भोजनाथ देवांगन, तुकाराम चन्द्राकर, महेन्द्र कुर्रे, मोहन सागर, गौरव साहू, नारायण ताण्डी, नीतेश पाण्डे, डॉली ध्रुव, झरना पटेल, अजय राजपूत व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**पार्टी की सदस्यता लेकर दैहानडीह के निवासियों ने कहा - हम गर्व महसूस कर रहे हैं**

## मुख्यमंत्री की छवि से प्रभावित होकर कांग्रेस में किया प्रवेश, अकबर को बताया विकास पुरष

- **कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी - अकबर**

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



अपनी सरकार जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता के चलते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश में सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री के रूप में उभरकर सामने आये हैं। सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर प्रदेशवासी कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की सक्रियता से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की प्रदेश में एक अलग ही पहचान बनी है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के कांग्रेस प्रवेश का दौर जारी है। आज दिनांक 23.10.2021 को ग्राम दैहानडीह, विकासखंड सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम के 78 ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। मंत्री अकबर ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले नागरिकों का परंपरा अनुसार गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा।

ग्राम दैहानडीह के निवासी आज दोपहर राजधानी रायपुर स्थित कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी में प्रवेश करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस विकास के रास्ते पर चलने वाली पार्टी है, इसलिये वे कांग्रेस से जुड़ना चाहते हैं। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने दैहानडीह के निवासियों की भावना का सम्मान करते हुए उनका कांग्रेस में प्रवेश कराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि कांग्रेस सब को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। कांग्रेस में सभी कार्यकर्ताओं को समान दृष्टि से देखा जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर है। पिछले तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ में चारों ओर खुशहाली का माहौल है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कांग्रेस में प्रवेश करने के पश्चात दैहानडीह के निवासियों ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी से जुड़कर गर्व महसूस कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रवेश करने वालों के नाम इस प्रकार हैः- रामकुमार पटेल, रामखिलावन पटेल, पतराखन पटेल, देवशंकर पटेल, लालमणी पटेल, रामझुल, धनसिंग, राजकुमार, निरंजन पटेल, सोहागी, धन्नू, भुनेश्वर पटेल, समारू, शिवप्रसाद, आनंद सिंग, फक्रत, खिलावन, बुधराम पटेल, रामप्रसाद, सुखऊ, उदेराम, भगवसिंह, बिसने पटेल, पवन, रमेश, उमेंद, अगरदास पटेल, जगमोहन, चरन, बिरूसर, लखन, गोपाल सिंह छेदावी, परदेशी, गोकुल, खेदू, धनुष, बुधेलाल, शत्रुहन सिंह, लखन, सुन्दर, मदन, रामदास, साखु, नवसिंग, रामजी पटेल, तहसील, पलट पटेल, विदेशी पटेल, सेवा, ईश्वर, श्रीकांत, रामकुमार श्रीवास, सत्यदेव, राम पटेल, जेठलाल, प्रेम लाल पटेल, दौवा पटेल, उदेराम पटेल, दिनेश, दीपक, रामराज पटेल, गणपत पटेल, कवल सिंह पटेल, रामराज, रमेश, जगुर, धनीराम, दशमुखी एवं मेहत्तर शामिल थे।

## नगर पंचायत बोड़ला के बैजू बैगा ने मॉडल के रूप में बनाया आवास




**बोड़ला।** वार्ड क्रमांक 10 नगर पंचायत बोड़ला के बैजू बैगा का नगर पंचायत से आवास स्वीकृत हुआ था जो कि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सावित्री साहू जी के देखरेख में बना है बैजू बैगा जी ने अपने आवास को इतना सुंदर बनाया है जिसको वन, पर्यावरण, आवास एवं विधि विधायी मंत्री माननीय मोहम्मद अकबर जी ने उनके घर जाकर बैजू बैग के घर(आवास) का उद्घाटन किया है जो कि एक प्रकार का के मॉडल है जिसको नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू जी ने बढ़िया सा फ़ेटो बनाकर फ्रेम में बंधवा कर माननीय मंत्री मोहम्मद अकबर जी सप्रेम भेंट की है माननीय मोहम्मद अकबर जी ने एक बैग आदिवासी का एक मॉडल के रूप में बहुत बढ़िया आवास बनना तारीफकी बात है और सावित्री साहू जी से कहा कि पूरे नगर पंचायत के बाडी मिलकर मेहनत कर अपने बोड़ला नगर का विकास करें और बोड़ला नगर के विकास करने में मेरे लायक जो भी कम का जरूरत पड़ेंगे आप लोग बताएंगे मैं तत्काल करूँगा बोले है।

DOC टॉक



डॉ. गौरव प्रकाश भारद्वाज
निदेशक - स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट प्रिजर्वेशन एंड रिप्लेसमेंट सर्जरी
पीएसआरआई अस्पताल, नई दिल्ली

# प्रारंभिक निदान महत्त्वपूर्ण



**कोविड** महामारी को व्यापक रूप से फेफड़ों पर कहर ढाने वाला माना जाता था, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर चोट पहुंचती थी  जिससे दो प्रतिशत मामलों में मृत्यु हो गई। दुनिया भर में इस महामारी ने वो कहर बरपाया है जो मानव जाति ने कम से कम पिछले एक सौ वर्षों में नहीं देखा है। यदि महामारियां होती थीं, तो वे एक महाद्वीप (गरीब अफ्रीकी देशों में इबोला), एक देश, एक क्षेत्र, एक राज्य या कस्बे तक सीमित थीं। यह कभी विश्वव्यापी नहीं थी कि एक ही समय में पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। इस महामारी हम सभी के लिए अत्यधिक शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कठिनाई का कारण बनी है। जिन लोगों के मामले गंभीर थे, नकारात्मक रिपोर्ट के बाद, इनमें से कई रोगियों ने ठीक होने के बाद रक्त के थक्कों, मधुमेह की शुरुआत होने, अजीब थकान, कमजोरी और हड्डियों में तेज दर्द की शिकायत की है। हड्डियों में, यह एवस्कुलर नेक्रोसिस या ऑस्टियोनेक्रोसिस का कारण बनता है, जिसे रक्त आपूर्ति में कमी के कारण हड्डी के ऊतकों की मृत्यु के रूप में जाना जाता है। यह कोई नई बीमारी नहीं है लेकिन कोविड के बाद मरीज में इसका पता लगना चिंता का विषय है।

## एवस्कुलर नेक्रोसिस (एवीएन) को गंभीरता से लें

हड्डी के ऊतकों को रक्तापूर्ति में कमी आना हड्डियों पर गंभीर दबाव डालता है जिससे एक हड्डी या कई हड्डियां टूट सकती हैं और अंततः हड्डी की खराबी का कारण बन सकती हैं। सबसे अधिक जोखिम कूल्हे की हड्डी को होता है, जो शरीर में सबसे मजबूत हड्डियों में से एक है लेकिन सबसे असुरक्षित है। ऐसा कोविड के दौरान फाइब्रोसिस के इलाज के लिए स्टेरॉयड के अत्यधिक उपयोग के कारण हो सकता है।

> रुग्णता और सर्जरी की आवश्यकता को कम करने के लिए एवीएन का शीघ्र निदान करना महत्वपूर्ण है। मरीजों को सलाह दी जाती है कि वे ठीक होने के बाद दैनिक गतिविधि में जल्दबाजी न करें।

## लक्षण

लंबे कोविड-19 के लक्षणों में थकान, सांस फूलना, चिंता और अवसाद, धड़कन बढ़ना, सीने में दर्द, जोड़ों या मांसपेशियों में दर्द और सीधे सोचने या 'ब्रेन फॉग'पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम न हो पाना शामिल हो सकते हैं। एवीएन के लक्षण दिखने पर शरीर में शिथिलता आ जाती है। इसकी शुरुआत हड्डियों में दर्द से होती है। रोगी को कूल्हे या कमर के क्षेत्र में दर्द का अनुभव हो सकता है। इसके अलावा, रोगी को चलना मुश्किल हो सकता है या चलते समय लंगड़ाना शुरू हो सकता है। घुटने के जोड़ में भी गंभीर दर्द के साथ रोगी की गतिशीलता गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

## कारण

अधिकांशतया यह इलाज के दौरान स्टेरॉयड के अत्यधिक उपयोग के कारण होता है, 5-10 दिनों के उपयोग की एक छोटी अवधि से एवीएन को ट्रिगर नहीं करना चाहिए। कोई पूर्ण दावे से यह नहीं कह सकता कि एवीएन स्टेरॉयड के अत्यधिक उपयोग के कारण होता है क्योंकि इसे उन सभी रोगियों में नहीं देखा गया है जिन्हें इलाज के लिए स्टेरॉयड की एक मजबूत खुराक दी गई थी। इसके अलावा, एक निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए नैदानिक अध्ययन की आवश्यकता होती है। यह वायरस को पकड़ने से पहले रोगी की स्वास्थ्य स्थिति से भी संबंधित हो सकता है। हम निश्चित रूप से यही कह सकते हैं कि यह रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है जो कई हिस्सों में थक्के का कारण बन सकता है जो स्टेरॉयड के उपयोग से तीव्र होते हैं। इंट्रावास्कुलर क्लॉट फीमर को नुकसान पहुंचा सकता है जिससे वो नष्ट हो सकता है। इसे स्थापित करने के लिए हमें और ज्यादा अध्ययन की आवश्यकता है।

## निदान और उपचार

रोग की प्रगति को रोकने और बाद में और्विक सिर के पतन को रोकने के लिए एवीएन का शीघ्र निदान महत्वपूर्ण है। यदि फिकेट-आर्लेट चरण 1 या 2 में जल्दी निदान किया जाता है, तो 92 से 97 फीसदी रोगियों को सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है और इसे बिसफॉस्फोनेट थेरेपी के साथ प्रबंधित किया जा सकता है। इसलिए, रुग्णता और सर्जरी की आवश्यकता को कम करने के लिए एवीएन का शीघ्र निदान करना महत्वपूर्ण है। मरीजों को सलाह दी जाती है कि वे ठीक होने के बाद दैनिक गतिविधि में जल्दबाजी न करें। कुछ रोगी व्यायाम करने की जल्दी करने की कोशिश करते हैं, इससे बचना चाहिए क्योंकि शरीर अभी भी सुधार की अवस्था में है और उसे उचित आराम की जरूरत है। कुछ जलन या सूजन विरोधी और गैर-स्टेरायडयुक्त दवाएं भी दी जा सकती हैं जो दर्द को कम करने में भी मदद कर सकती हैं, कुछ मामलों में बोन ग्राफ्टिंग का सुझाव दिया जाता है। अंतिम विकल्प के रूप में कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी की जा सकती है जिसमें क्षतिग्रस्त हड्डी को हटाने और बदलने के लिए प्रोस्थेटिक्स का उपयोग किया जाता है।

# एंडोमेट्रियोसिस से रहें सतर्क

एंडोमेट्रियोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया के अनुसार, इस विकार से पीड़ित महिलाओं की संख्या लगभग 25 मिलियन है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है। इसके बारे में विस्तार से बता रही हैं **डॉ. शोभा गुप्ता**



**हमारे** देश में ऐसे कई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम हैं जो महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में शिक्षित करते हैं। एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसके बारे में बताने की आवश्यकता है। एंडोमेट्रियोसिस एक चिकित्सा समस्या या एक सामान्य विकार है जिसके महिलाओं के लिए भावनात्मक परिणाम हुए हैं।

यह एक ऐसी बीमारी है जो तब होती है जब आमतौर पर गर्भाशय के अंदर उगने वाला ऊतक इसके बाहर बढ़ता है। एक सामान्य मासिक धर्म चक्र के दौरान, शरीर एंडोमेट्रियम को योनि के माध्यम से बहा देता है। एंडोमेट्रियोसिस में, यह अस्तर बाहर बहने के बजाय पीछे की ओर बहता है और शरीर के अन्य भागों में प्रवेश करता है।

दुनिया भर में प्रजनन आयु वर्ग की लगभग 8.9 करोड़ युवा महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। एंडोमेट्रियोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया के अनुसार, भारत में इस विकार से पीड़ित महिलाओं की अनुमानित संख्या लगभग ढाई करोड़ है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है।

स्थितियों से संबंधित ज्ञान की कमी के कारण कई महिलाएं यही मानती हैं कि उनके लक्षण उनकी माहवारी का एक स्वाभाविक परिणाम हैं।

एंडोमेट्रियोसिस दस में से एक महिला को उसके प्रजनन वर्षों के दौरान प्रभावित करता है। आप कह सकते हैं कि 25 से 30 साल की उम्र की महिलाओं में पेट दर्द और गर्भ धारण करने में असमर्थता का यह मुख्य कारण है।

हालांकि हमेशा ऐसा मामला नहीं होता है, इस स्थिति को बांझपन के एक उच्च जोखिम से जोड़ा गया है क्योंकि यह अंडे की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है, आपके मासिक धर्म चक्र को बिगाड़ सकता है, या सूजन के उच्च स्तरों का कारण बन सकता है।

एंडोमेट्रियोसिस में, गर्भाशय में दिखाई देने वाले ऊतक असामान्य स्थानों जैसे अंडाशय या गर्भाशय के आसपास बढ़ते हुए पाए जाते हैं। जब भी किसी महिला का मासिक धर्म शुरू होता है तो इस ऊतक के अंदर रक्त स्राव भी होता है। नतीजतन, अंडाशय में गाढ़ा गहरा रक्त  जमा हो जाता है और सिस्ट बन जाते हैं जो कि तकलीफदेह माहवारियों के कारणों में से भी एक है। निचले पेट या श्रोणि में दर्द एंडोमेट्रियोसिस का सबसे आम लक्षण है, अक्सर आपकी माहवारी के दौरान या ठीक पहले। ओव्यूलेशन के दौरान, पेशाब करते समय, संभोग के दौरान या बाद में, पीठ के निचले हिस्से में, पीठ के निचले हिस्से में या पैरों में दर्द भी महसूस हो सकता है। समय के साथ धीरे-धीरे बिगड़ते लक्षणों के साथ किसी को भारी और दर्दनाक माहवारी का अनुभव हो सकता है।

### अन्य लक्षण

- दस्त या कब्ज (मासिक धर्म के संबंध में)
- भारी, अनियमित माहवारी
- पुरानी या आवर्ती श्रोणि दर्द
- उच्च रक्तचाप
- खूनी खांसी
- मूत्र या मल में रक्त
- बार-बार या तत्काल पेशाब आना
- कठिन या लंबे समय तक मासिक धर्म
- अनियमित मल त्याग
- डिसमेनोरिया (मासिक धर्म में ऐंठन)
- मतली और उल्टी (गंभीर मामलों में)
- भारतीय महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस का निदान करना अधिक कठिन है। यह आमतौर पर 25-30 वर्ष के आयु वर्ग को प्रभावित करता है लेकिन इन दिनों



> एंडोमेट्रियोसिस दस में से एक महिला को उसके प्रजनन वर्षों के दौरान प्रभावित करता है। 25 से 30 साल की उम्र की महिलाओं में पेट दर्द और गर्भ धारण करने में असमर्थता का यह मुख्य कारण है। कैफीन, चीनी और शराब को कम करना या समाप्त करना और जैविक भोजन का सेवन करना और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स जैसे आवश्यक पोषक तत्वों का सप्लीमेंट लेना, आपके एस्ट्रोजन - स्तर को कम करने में मदद कर सकता है।

यह 11-19 आयु वर्ग में भी पाया जाता है। इसलिए, एंडोमेट्रियोसिस के लक्षणों और इसके लिए उपलब्ध उपचारों के बारे में पता होना बहुत जरूरी है।

### इलाज

एंडोमेट्रियोसिस से ग्रसित लगभग 30-40 प्रतिशत महिलाएं बांझ हो सकती हैं। एंडोमेट्रियोसिस का उपचार महिला की उम्र, लक्षणों की गंभीरता और बच्चे पैदा करने की इच्छा जैसे कई कारकों पर निर्भर करता है। कुछ मामलों में, दुकानों पर उपलब्ध दवाएं लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त हैं।  हार्मोनल अंतर्गर्भाशयी डिवाइस (आईयूडी) एक और विकल्प है जिसे दर्द और रक्तस्राव को कम करने में मदद के लिए डाला जा सकता है।

एंडोमेट्रियोसिस वाली युवा महिलाएं जो गर्भधारण करना चाहती हैं, उन्हें आईयूआई या आईवीएफ (टेस्ट ट्यूब बेबी) जैसे विशेष उपचार की आवश्यकता हो सकती है। यदि रोगी अधिक उम्र की है और उसकी बार-बार सर्जरी हो चुकी है, तो ओफोरेक्टॉमी (गर्भाशय और अंडाशय को हटाना) के साथ पूर्ण हिस्टेरेक्टॉमी अंतिम समाधान है। आप एंडोमेट्रियोसिस के इलाज के लिए प्राकृतिक उपचार भी कर सकते हैं, जैसे स्वस्थ खाने की आदतों को अपनाना - जैसे कैफीन, चीनी और शराब को कम करना या समाप्त करना और जैविक भोजन का सेवन करना और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स जैसे आवश्यक पोषक तत्वों का सप्लीमेंट लेना, आपके एस्ट्रोजन -स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। आप अपने सामान्य और प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए व्यायाम, योग और ध्यान भी कर सकती हैं।

**लेखक मदर्स लैप आईवीएफ सेंटर, पीतमपुरा, नई दिल्ली में चिकित्सा निदेशक, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आईवीएफविशेषज्ञ हैं।**

# कोलेजन उत्पादन बढ़ाने वाले पोषक तत्वों का करें सेवन



लगातार नीली रोशनी और प्रदूषण के संपर्क में रहने से त्वचा एक समय के बाद अपनी चमक खो देती है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से आपके कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने के तरीके साझा बता रही हैं **डॉ. प्रीति शुक्ला**

**आपने** कितनी बार सोचा है कि नीली रोशनी और प्रदूषण के कारण आपकी त्वचा अपनी चमक और लोच खो रही है? कई बार, है ना? तो, ये सभी त्वचा संबंधी समस्याएं वास्तव में संकेत दे रही हैं कि आपके शरीर में कोलेजन का उत्पादन घट रहा है। कोलेजन एक महत्वपूर्ण प्रोटीन है जो आपकी हड्डियों, त्वचा, बालों, मांसपेशियों, रंध्र और स्नायुबंधन के लिए मुख्य स्तंभों में से एक के रूप में कार्य करता है। कोलेजन की सबसे अच्छी खूबी यह है कि इसके उत्पादन को प्राकृतिक और न्यूनतम उत्प्रेरक तरीकों से शरीर में उत्तेजित किया जा सकता है। कोलेजन उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का सेवन स्वाभाविक रूप से शरीर में कोलेजन-स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, नया प्रोफिलो उपचार भी अद्भुत काम करता है।

**कोलेजन संश्लेषण हेतु पोषक तत्व**

**विटामिन सी-** विटामिन सी और अमीनो एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने से शरीर में हयालूरोनिक एसिड और कोलेजन-स्तर को बढ़ाने का प्रमाण मिलता है क्योंकि दोनों ही त्वचा के लिए महत्वपूर्ण हैं। संतरा, लाल मिर्च, केल, ब्रसेल्स स्प्राउट्स, ब्रोकली और स्ट्रॉबेरी विटामिन सी से भरपूर होते हैं।

**एलोवेरा जेल-** इससे कोशिका वृद्धि को प्रोत्साहन मिलता है और आपकी त्वचा में कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। आप एलोवेरा को सीधे त्वचा पर शुद्ध रूप में या बाजार में मौजूद उत्पादों के रूप में लगा सकते हैं।

**जस्ता या जिंक-** शरीर में जिंक की कमी से उत्पादित कोलेजन की मात्रा कम हो सकती है। पुरुष को रोजाना 11 मिलीग्राम जिंक और महिला को आठ मिलीग्राम जिंक का सेवन करना चाहिए। जिंक से भरपूर भोजन में कोको, कद्दू के बीज, तरबूज के बीज, तिल, पालक, बादाम, काजू, छोले, राजमा, दाल और जई शामिल हैं।

**तांबा-** कॉपर लाल रक्त कोशिकाओं, हड्डी और संयोजी ऊतक के निर्माण में मदद करता है। कॉपर लाइसिल ऑक्सीडेज को सक्रिय करता है, जो कोलेजन परिपक्वता के लिए आवश्यक एंजाइम है, जो आपके ऊतकों के सहयोगी तंतुओं को बनाने में मदद करता है। प्रतिदिन लगभग 900 माइक्रोग्राम तांबे का सेवन करने की सलाह दी जाती है। सूरजमुखी के बीज, तिल, बादाम, काजू, स्पिरुलिना, शीटाकी मशरूम तांबे के सबसे समृद्ध स्रोत हैं।

**प्रोफिलो-** प्रोफिलो शुद्ध हयालूरोनिक एसिड के इंजेक्शन की एक श्रृंखला है, जो त्वचा को हाइड्रेट करती है और कोलेजन व इलास्टिन उत्पादन को जागृत करती है। इसके परिणामस्वरूप त्वचा की बायो-रीमॉडेलिंग होती है और त्वचा की गुणवत्ता में अद्भुत सुधार होता है।

अपनी त्वचा को धूप में या त्वचा के झुलसाऊ परिस्थितियां में बहुत ज्यादा उजागर न करें। धूम्रपान के प्रति सचेत रहें। यह भी असमय त्वचा की उम्र बढ़ने के कारणों में से एक है। सनस्क्रीन की सुरक्षा के साथ बाहर समय बिताना स्वस्थ चमक बनाए रखने का एक तरीका है। कोलेजन सप्लीमेंट का भी उपयोग किया जाता है लेकिन इसके साइड इफेक्ट होते हैं जैसे कैल्शियम का अधिक उत्पादन, एलर्जी और जोड़ों का दर्द।

**-लेखक एम्ब्रोसिया क्लिनिक में प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जन एवं सलाहकार हैं।**

# गठबंधन और साझेदारी बनाने का समय

## टीबी को खत्म करने और अभूतपूर्व नवोन्मेषनों के मद्देनजर भारत के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में डॉ. दलबीर सिंह से बात कर रही हैं **शालिनी सक्सेना**

**♦ टीबी के इलाज में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या है?**

कुपोषण, गरीबी, सामाजिक भेदभाव जैसे सामाजिक निर्धारकों के मुद्दों को संबोधित करने के लिए रणनीति बनाने के अलावा, टीबी उन्मूलन में हमारी सबसे बड़ी चुनौती हैं निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के साथ गठबंधन और साझेदारी का सफलतापूर्वक निर्माण करना। स्थानीय समुदायों व स्थानीय प्रशासन - संस्थानों को शामिल करने में बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसमें नियोजित शहरीकरण, स्वच्छता और सफाई, मधुमेह और धूम्रपान जैसे सहरोगों का उपचा भी टीबी उन्मूलन की हमारी समग्र रणनीति में शामिल होनी चाहिए क्योंकि वे इसकी मृत्यु दर में अत्यधिक योगदान करते हैं।

**♦ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्या उपाय किए गए हैं?**

संकट की आपात स्थिति से प्रेरित होकर, 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली उच्च स्तरीय बैठक ने टीबी को समाप्त करने की दिशा में हो रही प्रगति में तेजी लाने और वैश्विक महामारी के लिए एक तत्काल वैश्विक प्रतिक्रिया विकसित करने हेतु एक महत्वाकांक्षी और शक्तिशाली राजनीतिक घोषणा का समर्थन किया। इसने 2017 में मॉस्को में टीबी-उन्मूलन पर एक अत्यंत सफल अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन आयोजित किया, जिसके परिणामस्वरूप 120 देशों के विश्व नेताओं ने निदान और उपचार के साथ-साथ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सामाजिक सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धताओं का अनुपालन किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015-2035 तक घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी और टीबी से होने वाली मौतों में 95 प्रतिशत की कमी के समग्र लक्ष्य के साथ टीबी उन्मूलन रणनीति विकसित की है। लगभग 70 प्रतिशत भारतीय रोगियों का इलाज निजी क्षेत्र में होता है। केवल पिछले दशक में ही हम उपयुक्त सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल विकसित करने में सक्षम हुए हैं जिन्हें पूरे देश में दोहराया गया है।



**डॉ0 दलबीर सिंह**
अध्यक्ष, ग्लोबल कोलिशन ऑन टीबी

**♦ अभूतपूर्व नवाचार क्या हैं?**

आज, देश भर में 200 से अधिक जिले हैं जहां सार्वजनिक पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, रोगी प्रदाता सहायता एजेंसी (पीपीएसए) मॉडल कहलाते हैं, जो मुफ्त निदान व उपचार सुनिश्चित कर रहे हैं। टीबी कार्यक्रम ने इलाज अनुपालन और निगरानी व तत्काल समुदाय के नेतृत्व वाली पहल हेतु आईसीटी के उपयोग को अपनाया। कोविड के दौरान हमने टीबी और कोविड के लिए द्विदिशात्मक स्क्रीनिंग की शुरुआत करके और दवाओं को घर-घर पहुंचाने और बड़े पैमाने पर सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता अभियान शुरू करके त्वरित प्रतिक्रिया योजना विकसित की।

**♦ टीबी की दर बढ़ने का क्या कारण रहा है?**

टीबी महामारी को बढ़ावा देने वाली सामाजिक स्थितियों और संबंधित रोगों के बारे में पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया है। गरीबी, कुपोषण कलंक और अनियोजित समीपस्थ रिहाइशी जगहों ने टीबी की मौजूदगी को प्रोत्साहित कर दिया है। मधुमेह और तंबाकू सेवन में उछाल, धूम्रपान को भी टीबी मृत्यु दर के उच्च जोखिम के साथ मजबूती से जोड़ा गया है।

**♦ कौन कौन सी खामियां मौजूद हैं?**

आज जो महत्वपूर्ण खामी मौजूद है, वह अनुमानित घटनाओं व सरकार को रिपोर्ट की जा रही वास्तविक अधिसूचनाओं के बीच है। इस खामी को दूर करना सबसे महत्वपूर्ण होगा और यह हमारे राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के लिए एक चिंताबिन्दु रहा है।

हमें निजी क्षेत्र के साथ उत्साहित होकर जुड़ने और एक एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली बनाने में मदद करने की आवश्यकता है जिससे कि मरीजों को मानकीकृत और मुफ्त देखभाल मिल सके, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में जाएं। तीसरा, अधिक से अधिक जिला-स्तरीय निगरानी और ट्रैकिंग बहुत आवश्यक होगी।

**♦ और क्या करने की आवश्यकता है?**

हमें नवाचार जारी रखने, अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति, अनुसंधान और विकास को मजबूत करने, अंतर-क्षेत्रीय दृष्टिकोण विकसित करने, विचारों की परस्पर साझीदारी और सिद्ध हस्तक्षेपों से सीखने की आवश्यकता है। टीबी को तब तक खत्म नहीं किया जा सकता जब तक कि कलंक, गरीबी, प्रदूषण नियंत्रण और कुपोषण जैसे निर्धारकों पर ध्यान नहीं दिया जाता।

# पत्नी की मौत के बाद गुरुसुख दास साहेब ने परमार्थ की सेवा में लगाने अस्पताल निर्माण के लिए 50 लाख रुपये दान करने का लिया निर्णय

## अब ग्रामीणों के सहयोग से हुआ निर्माण कार्य शुरू

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

हर धर्म में दान का खासा महत्व माना गया है। दान एक ऐसा कार्य है, जिसके जरिए हम न केवल धर्म का ठीक-ठीक पालन कर पाते हैं। बल्कि अपने जीवन की तमाम समस्याओं से भी निकल सकते हैं।

जीवन की तमाम समस्याओं से निजात पाने के लिए भी दान का विशेष महत्व हैं। लेकिन बालोद जिले के एक छोटे से गांव के व्यक्ति की सोच ने ऐसा कर दिखाया है, की उस नेक कार्य की सराहना सूबे में मुखिया ने भी की है, साथ ही आभार जताया हैं। लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले और इलाज के लिए किसी को भटकना न पड़े इस उद्देश्य से बालोद जिले के एक व्यक्ति ने 50 लाख रुपये अस्पताल के निर्माण के लिए दान कर दी।


ग्राम दुपचेरा में दान के पैसे से बन रहा अस्पताल, लोगों को होगी सुविधा

### अपनी जीवन भर की जमा पूंजी 50 लाख रुपए की राशि की दान

जिला मुख्यालय बालोद से 28 किमी की दूरी पर स्थित गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम दुपचेरा में 50 लाख की रुपए दान की राशि से अस्पताल बनेगा। यहां के 85 वर्षीय गुरुसुख दास साहेब ने अपनी राशि गांव में अस्पताल बनाने के लिए दान कर दी। पत्नी के निधन के बाद गुरुसुख दास में दान करने का निर्णय लिया हैं। राशि दान करने के बाद ग्राम विकास समिति व ग्राम पंचायत की सहमति के बाद पंचायत के पास शासकीय भूमि पर अस्पताल निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। गांव में अस्पताल और किसी तरह की स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने से गांव के लोगों की परेशानी को देखते हुए गुरुसुख दास ने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी 50 लाख रुपए की राशि दान की है। अस्पताल बनने की जानकारी से ग्रामीणों में और आसपास के क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। आपको बता दे कि गुरुसुख गांव में तालाब के पास स्थित मकान में अकेले निवास करते है। पत्नी सोनाबाई का 18 मई 2021 को निधन हो गया था और उनके कोई बच्चे नहीं है। इसलिए पत्नी की मौत के बाद अब अपनी पूरी संपत्ति को परमार्थ की सेवा में लगाने के लिए निर्णय लिया है। गांव में अस्पताल बनाने के लिए दानदाता गुरुसुख दास ने ग्राम प्रमुखों, सरपंच तथा अन्य वरिष्ठों के साथ कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कलेक्टर, प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर इसकी सहमति ली है।

### कबीर साहेब ने दिया मानव सेवा पर जोर

गुरुसुख दास साहेब ने पायनियर को बताया को जीवन में मानव जाति या अन्य जीव-जंन्तु की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। हमें बिना किसी भेदभाव के सभी प्राणियों की सेवा करनी चाहिए। कई बार सामान्य स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। अस्पताल दूर होने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी व समयाभाव के कारण समय पर इलाज नहीं हो पाता। लेकिन अस्पताल बनने के बाद लोग यहां इलाज करा सकेंगे। उन्हें सुविधा मिलेगी। गुरुसुख दास ने आगे बताया कि कबीर साहेब ने मानव सेवा पर जोर दिया कि हमें सभी दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए। इस उद्देश्य के साथ ही मैंने दान करने का फैसला किया।

### ग्रामीण है गुरुसुख दास की विचारों से प्रभावित

वही ग्रामीण भी गुरुसुख दास की विचारों से प्रभावित है। ग्रामीण फूलचंद साहू, सुकरीत राम साहू और सरपँच गेंदलाल सोनबोइर का कहना है कि ग्राम दुपचेरा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी 5 किमी है। मार्ग खराब होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य लाभ भी नहीं मिल पाता। अस्पताल का निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद इसे शासन-प्रशासन को सुपुर्द किया जाएगा। ताकि डॉक्टरों एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति के बाद लोगो को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके।

# आओ बनाए एक बेहतर वर्तमान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में : आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 16 में अटल आवास कॉलोनी में सहयोग युथ परिवार द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के के मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल साथ में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू भी रही उपस्थित, इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा जी ने कहा कि सहयोग युवा परिवार के सदस्यों के द्वारा विगत 20 वर्षों से लगातार बेमेतरा शहर को संवारने, अक्सीजन जोन बनाने वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर रहे है, जहां सहयोग युथ समिति के द्वारा जगह-जगह वृक्षारोपण कर लोगों जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि पेड़ लगाओ ऑक्सीजन जोन बनाओ पेड़ लगाने से ऑक्सीजन एवं प्रदूषण को देखते हुए लोगों को जागरूक कर रहे हैं वही विधायक आशीष छाबड़ा ने यह भी बताया कि वृक्षारोपण की बहुत सी जगह ऐसी है जैसे आत्मानंद स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, शहर में निर्मित होने वाले गौठानो जैसे जगहों पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम किया जा सकता हैं जिसमें सहयोग युवा परिवार एवं नगरपालिका एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा लगाए जाने से बेमेतरा शहर ऑक्सीजन जोन में विकसित हो सकता है साथ ही बताया कि मुक्ति धाम से लेकर कतेली को जोड़ने वाली सड़क की स्वीकृति मिल चुकी है, दीपावली के कार्य शुरू होगा बेमेतरा नगर को ट्रैफिक के दबाव को कम करने चोरभट्ठी से लोलेसरा तक बाईपास निर्माण का भी काम चल रहा है, इसी कड़ी में लगभग रायपुर से नवागढ़ चौक होते हुए कवर्धा रोड में मिल जाएगी बेमेतरा में सड़को की जाल का चौमुखी विकास हो रहा है, साथ ही सहयोग युवा परिवार के सबसे नन्हे सदस्य लक्ष्य शर्मा के जन्म दिवस मनाया गया विधायक आशीष छाबड़ा जी ने लक्ष्य शर्मा को केक खिलाकर जन्मदिवस की बधाई सहित उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सफल मेगा लीगल सर्विस कैंप आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद कुम्हारी परिसर में दुर्ग जिलाधीश के निर्देशानुसार भव्य मेगा लीगल सर्विस कैंप में नगर वासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विभाग द्वारा संचालित सेवाओं के अंतर्गत सुग्दा गोयल, रुचिता अग्रवाल मुख्य न्यायिक न्यायाधीश द्वय द्वारा आयुष्मान कार्ड संख्या 10, भवन अनुज्ञा 3, प्रधानमंत्री आवास पूर्णता प्रमाण पत्र 5, भवन स्वीकृति 11, एपीएल राशन कार्ड 9, पेंशन 6, परिवार सहायता 2, जन्म अनुपलब्धता प्रमाण पत्र 4, मृत्यु अनुपलब्धता प्रमाण पत्र 4, जन्म प्रमाण पत्र एक, मृत्यु प्रमाण पत्र 2, आधार कार्ड 3, अनुज्ञप्ति 3. इस प्रकार कुल 63 हितग्राहियों को आवंटित किया गया । नगर में इस प्रकार के आयोजन की जानकारी मिलने पर नगर वासियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई और संबंधित शासकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त की प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ हुए इस मेगा लीगल सर्विस कैंप में उत्सुक जिज्ञासु नागरिकों की भीड़ ने इस आयोजन को सफल बनाने में सार्थक भूमिका निभाई । नगरपालिका के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दिया। नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने उपस्थित हुए समस्त लोगों को हार्दिक शुभ कामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जनोपयोगी आयोजन भविष्य में भी जाने की बात कही नगरपालिका के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दिया। नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने उपस्थित हुए समस्त लोगों को हार्दिक शुभ कामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जनोपयोगी आयोजन भविष्य में भी इसी प्रकार किया जाता रहेगा।

## मजदूरों के साथ हुआ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण, ईलाज में हुए खर्च देंगें डी एस पी आर बर्मन: प्रज्ञा निर्वाणी



**बेमेतरा।** कवर्धा में बेमेतरा डी एस पी आर बर्मन के गाड़ी से कुचले जाने के खबर के बाद तुरन्त असंगठित कामगार कांग्रेस एक्शन आ गई, असंगठित कामगार कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने घटना उपरांत डी एस पी आर बर्मन से जोन पर चर्चा कर दुर्घटना ग्रस्त मजदूरों के स्वास्थ्य और घटना की जानकारी ली, उन्होंने डी एस पी आर बर्मन को प्रभावित मजदूरों को मेडिकल व्यय देने और उनके पूर्ण स्वस्थ होकर मजदूरी में नही जाने तक कलेक्टर दर से मजदूरी का भुगतान मजदूर परिवारो को करने कहा है, डी एस पी बर्मन ने भी दुर्घटना पर खेद व्यक्त किया है,उन्होंने मजदुरों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करते हुए घटना पर अफसोस जाहिर किया है और बताया कि वाहन में वो दुर्घटना के दौरान उपस्थित नही थे परंतु दुर्घटना के विषय मे वाहन चालक से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि गाड़ी का दरवाजा ठीक से लगा नही था और मोड़ आने पर खुल जाने के कारण वाहन चालक ने चलती हुई गाड़ी से ही दरवाजा लगाने के प्रयास के दौरान गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा जिसके कारण गाड़ी लहरा कर डिवाइडर पर बैठे मजदूरों के तरफ बड गई।

# अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए अब तक 5 सांसदों ने अनुशंसा सहित सीएम को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 7 चरण के आंदोलन के पाँचवे चरण को साकार स्वरूप देने के लिए सक्रिय एवं जुझारू सदस्य अब लगातार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र के अग्रणी जन प्रतिनिधियों, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों की ओर रुख कर अपने नियमितीकरण के मंजिल को हासिल करने, रास्ता बनाने का कार्य आरंभ कर दिया है। वर्तमान में अनियमित कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्षों के माध्यम से सांसदों को ज्ञापन देकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण किये जाने का अनुशंसा पत्र जारी करवाया जा चुका है। इसमे प्रमुख रूप से सांसद रामविचार नेताम, मोहन मंडावी, सुनील सोनी, विजय बघेल, अरुण साव ने सबसे पहले अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण किये जाने की मांगों को पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री के पास अनुशंसा पत्र भेज दिए है।

विगत कई वर्षों से जहां अनियमित कर्मचारी लगातार मानसिक एवं शारीरिक शोषण झेल रहे है। महासंघ लगातार अनियमित कर्मचारियों को एकजुट करने एवं आगामी आंदोलन के सातवें एवं अंतिम चरण को प्रतिबद्धता और पूरे विश्वास के साथ अंजाम तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

30 जनवरी 2022 से पद यात्रा प्रारंभ है। उसके पहले सरकार वादा पूरा कर देती है तो ठीक है नही तो अनिश्चित कालीन हड़ताल का आगाज हो चुका है,यह वक्तव्य प्रदेश अध्यक्ष रवि गड़पाले ने दिया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी

## कक्षा नौवीं के लिए 31 अक्टूबर और कक्षा छठवीं के लिए 30 नवंबर तक भरे जा सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के उडियाकला में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं और कक्षा नवमी के लिए प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया जारी है। कक्षा नौवीं के लिए 31 अक्टूबर 2011 और कक्षा छठवीं के लिए 30 नवंबर 2021 तक ऑनलाइन आवेदन भरे जा सकते हैं। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा के अधीन नवोदय विद्यालय समिति के अंतर्गत कार्यरत एक उत्कृष्ट सहशिक्षा आवासी विद्यालय हैं। यहां लड़के एवं लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा है। सभी विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा, भोजन एवं आवास की सुविधा हैं। नवोदय विद्यालय माना कैंप में तृतीय भाषा के रूप में कन्नड़ भाषा का अध्यापन कक्षा छठवीं से नवमीं तक कराया जाता है। यहां संगीत, कला एवं खेलकूद के लिए विद्यार्थियों को विशेष रुप से योग्य शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। अनिवार्य कंप्यूटर शिक्षा एवं स्मार्ट क्लास की भी व्यवस्था है। यह विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संबंध है जहां प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम शत प्रतिशत रहे हैं। यहां के छात्र प्रतिवर्ष अधिकाधिक संख्या में नीट व जेईई एवं देश के प्रतिष्ठित अन्य विश्वविद्यालयों में चयनित हो रहे हैं। इस विद्यालय के पूर्व छात्र राज्य एवं भारत सरकार के उच्च पदों पर सेवारत है।

प्राचार्य ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा छठवीं एवं नवमी के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। दोनों कक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम संबंधी विवरण इस प्रकार है। कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए छात्र एवं छात्राएं जिनकी उम्र 01.05.2009 से30.04.2013 (दोनों तिथियां भी शामिल हैं) आवेदन वेबसाइट https://cbseitms.nic.in के माध्यम से कर सकते हैं।

# 25 स्थानों पर स्वचलित मौसम स्टेशन स्थापित

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



शासन द्वारा वर्ष 2021-22 अंतर्गत पुनगर्ठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के आदेष जारी कर दिए गए है। इसके लिए अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 तय की गई है। ऐसे में उद्यानिकी विभाग द्वारा लगातार किसानों से फसल बीमा कराने को लेकर अपील की जा रही है। इसके लिए किसानों कों प्रीमियम राषि का 5 प्रतिशत ही देना होगा, शेष 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार एवं 50 राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। सहायक संचालक उद्यान आर.एन. पाण्डेय ने बताया कि रबी मौसम वर्ष 2021-22 में अधिसूचित उद्यानिकी फसलों (टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज, एवं आलू) के बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 है। जिले के इच्छूक ऋणी-अऋणी कृषकों को तय तिथि तक अपने क्षेत्र के उद्यान अधीक्षक, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराये जाने के लिए किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिषत प्रीमियम राषि के रूप में देना होगा। शेष प्रीमियम राशि का 5 प्रतिशत ही देना होगा, शेष 50 प्रतिषत केन्द्र सरकार एवं 50 राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के सात दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसमी फसल के लिए स्वीकृत, नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा।

### इन परिस्थितियों में मिलेगा क्लेम

किसानों को विभिन्न मौसमी जोखिम जैसे-कम तापमान, अधिक तापमान, अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम, वायु गति से फसलों को होने वाले क्षति से फसल बीमा का नियमानुसार लाभ प्राप्त होगा। रबी मौसम के टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज, एवं आलू फसल हेतु ओलावृष्टि हवाये की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर या लिखित रूप में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। संबंधित संस्था एवं विभाग 48 घंटा के भीतर कृषकों से प्राप्त जानकारी (बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित) बीमा कंपनी को प्रदान करेंगे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के.विनोद कुजूर ने दीप प्रज्वलित कर ''सामुदायिक सशक्तिकरण'' थीम पर आयोजित मेगा लीगल सर्विस कैम्प का किया शुभारंभ

# मेगा लीगल सर्विस कैम्प : शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com





राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अखिल भारतीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन द्वारा रविवार को संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन हुआ। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के.विनोद कुजूर ने दीप प्रज्वलित कर ''सामुदायिक सशक्तिकरण'' थीम पर आयोजित मेगा लीगल सर्विस कैम्प का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमन सिंह ने भी मेगा लीगल सर्विस कैम्प को संबोधित किया।

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, एडीजे मनोज कुमार सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, एसडीएम बालोद आरएस ठाकुर, एसडीएम गुरूर रश्मि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे।

मेगा लीगल सर्विस कैम्प में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कृषि विभाग की योजना के अंतर्गत सात हितग्राहियों को कृषि यंत्र स्प्रेयर, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के अंतर्गत पॉच हितग्राहियों को सुपोषण किट, श्रम विभाग की योजना के अंतर्गत एक हितग्राही को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का चेक, पॉच हितग्राहियों को भगिनी प्रसूति सहायता योजना का चेक और कोविड-19 के तहत् नौ हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का स्वीकृति आदेश प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर डिप्टी कलेक्टर अमित श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

# अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही कर पकड़ा

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके के आदेश अनुसार थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी के निर्देशन में चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मान सिहं द्वारा पुलिस चौकी पोडी क्षेत्र अंतर्गत अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही दिनांक 20 .10 .2021 के मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम सिंघनपूरी में 52 पत्ती ताश से रुपया पैसों में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे जूआडियान को रेड कार्यवाही कर पकड़ कर पुलिस चौकी पोंडी थाना बोड़ला के अपराध क्रमांक 292/2021 धारा 13 जुआ एक्ट में आरोपी राजाराम पिता जूठल साहू उम्र 45 साल ,गुलाबचंद साहू पिता अर्जुन साहू उम्र 27 साल हेमंत चौहान पिता लक्ष्मण चौहान उम्र 50 साल ,राधे लाल पिता सावत साहू उम्र 54 साल ,सत्रोहन पिता प्यारेलाल साहू उम्र 59 साल ,बल्ला साहू पिता धन्नू साहू उम्र 31 साल सभी साकीनान सिंघनपूरी एवं अपराध क्रमांक 293/2021 धारा 13 जुआ एक्ट में आरोपी कुंवर पिता दुखीराम सतनामी उम्र 52 साल ,परस पिता गणेश साहू उम्र 30 साल ,रामफल पिता तुलसी साहू उम्र 40 साल सभी साकीनान सिंघनपुरी उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी पोंडी के प्रधान आरक्षक 92 लवकेश खरे प्रधान आरक्षक 315 राजपाल धुर्वे आरक्षक 368 मनोज महोबिया आरक्षक 585 राधेश्याम नेताम आरक्षक 828अजय यादव आरक्षक 191 सूर्यकांत शर्मा आरक्षक 206 जितेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## क्विक न्यूज

### बिना एटीएम खाते से हो गए 69 हजार ट्रांसफर

**रायगढ़।** बिना एटीएम का उपयोग किये ग्रामीण के खाते से 69 हजार रूपए आहरण हो जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ ठगी का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम खैरपुर में रहने वाले सिद्धेश्वर प्रधान पिता स्व. मुरलीधर प्रधान उम्र 46 वर्ष द्वारा 22 अक्टूबर को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर उनके खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 69,000 रूपये धोखाधड़ी कर आहरण कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 17 अक्टूबर को आईडीबीआई बैंक से प्रदत्त एटीएम कार्ड से लक्ष्मीपुर रायगढ़ एसबीआई एटीएम से 2,000 रूपये निकाला था। खाता में 69369.19 रूपये शेष था। 20 अक्टूबर की रात्रि 09:13 बजे से बैंक खाता से लिंकअप रजिस्टर्ड मोबाईल में लगातार सात बार रूपये निकालने का मैसेज आने पर देखा तो कुल 69,000 रूपये खाता से आहरण हुआ था। 22 अक्टूबर को आईडीबीआई बैंक शाखा लक्ष्मीपुर रायगढ जाकर शाखा प्रबंधक से खाता स्टेटमेंट निकलवाने पर सात बार में 69 हजार रूपये आहरण हुआ है। जबकि इसके तथा परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा बैंक अथवा एटीएम कार्ड से रूपये आहरण नहीं किया गया है।


### अग्रवाल सम्मेलन करेगा कोरोना योद्धाओं का सम्मान

**सक्ति।** भारत देश के कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटरो में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अपनी प्रांतीय जिला तथा स्थानीय इकाइयों के माध्यम से वहां सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान किया जाएगा, आयोजन 21 अक्टूबर 2021 को पूरे भारत देश में कोविड-19 के प्रारंभ हुए टीकाकरण का 100 करोड़ लक्ष्य पूर्ण होने पर किया जाएगा, जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी अजयकांत गर्ग मथुरा ने संयुक्त रूप से बताया कि पूरी दुनिया में मार्च 2020 के बाद से प्रारंभ हुए कोविड-19 के संक्रमण से देश का हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में प्रभावित हुआ।

# सबसे तेज वैक्सीनेशन, पूरे देश में रायगढ़ जिला टॉप पर

- जिले के 78 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कोविड टीके का दूसरा डोज लिया
- दोनों डोज से टीकाकृत होने की कगार पर रायगढ़ जिला

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिला कोविड टीकाकरण के मामले में नए कीर्तिमान बना रहा है। 20 अक्टूबर तक जिले में लक्षित 10.42 लाख लोगों में से 8.14 लाख लोगों को कोविड टीके का दूसरा डोज लग चुका है यानी 78 फीसदी रायगढ़वासी कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज ले चुके हैं। वहीं 21 अक्टूबर को जहां देश 100 करोड़ टीके लगाने का जश्न मना रहा था वहीं रायगढ़ का तमनार ब्लॉक 100: कोविड टीके के दोनों डोज लगाने वाला राज्य का पहला ब्लॉक बन गया है। इसी तरह सबसे तेज वैक्सीनेशन के मामले में रायगढ़ जिला न केवल प्रदेश में अव्वल रहा है बल्कि पूरे देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। रायगढ़ जिले के इस कृतिमान गढ़ने के पीछे कलेक्टर भीम सिंह, निगम आयुक्त एस जयवर्धन, एसपी मीणा सहित जिले के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय प्रयास रहा है। गौरतलब रहे कि 20 अक्टूबर तक मिले आंकड़ो के अनुसार जिले में 10.42 लाख लोगों में से सवा 8 लाख लोगों ने कोविड का दूसरा डोज लगवा दिया है। इसका अर्थ यह है कि जिले की लगभग 78 फीसदी आबादी कोविड वैक्सीन की सुरक्षा घेरे में पहुंच चुकी है। वहीं रायगढ़ जिले में हुए वैक्सीनेशन की बात करें तो तमनार ब्लाक टॉप पर है। 20 अक्टूबर तक तमनार में लक्षित 77,725 लोगों में से 77,524 लोगों को दूसरा डोज लग चुका था बाकी के लोगों को गुरुवार को टीका लगाया गया। इस तरह तमनार में सभी हितग्राहियों को कोविड टीके के दोनों डोज लग चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर तक बरमकेला में 94.5 प्रतिशत, पुसौर में 87 प्रतिशत, लोईंग में 85.8 प्रतिशत, खरसिया में 80 प्रतिशत, रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 78.1 प्रतिशत, घरघोड़ा में 76.6 प्रतिशत, धरमजयगढ़ में 67.6 प्रतिशत, लैलूंगा में 66.2 प्रतिशत और सारंगढ़ में सबसे कम 57.8 प्रतिशत लोगों को कोविड टीके की दूसरी डोज लग चुकी है। जिले में तीसरे चरण का टीकाकरण 1 मई से शुरू हुआ था। जिसके तहत 18 वर्ष से 45 वर्ष उम्र के बीच के लोगों को टीकाकरण की शुरुआत हुई थी। कोविशील्ड के दूसरे डोज में 12-16 सप्ताह का तो कोवैक्सीन में 28 दिन का अंतर रखा गया। जिले में शुरुआत से ही कोविशील्ड वैक्सीन बहुतायत में लोगों को लगाई गई। अगस्त महीने से ही 18 से अधिक आयुवर्ग के लोगों में दूसरी खुराक लेने का समय आ गया है जिसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली थी है। इसी का नतीजा है कि कोविड टीकाकरण के मामले में रायगढ़ जिला नित नए कीर्तिमान रच रहा है।

# गांजा, अवैध शराब पर प्रतिबंध, पुलिस की गांजा व शराब के अवैध परिवहन पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा गांजा की तस्करी, अवैध शराब के परिवहन, बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा निर्देशों पर थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में सरिया पुलिस लगातार गांजा, शराब की अवैध तस्करी व बिक्री पर कार्यवाही की जा रही है। 23 अक्टूबर को थाना प्रभारी के हमराह पुलिस टीम द्वारा ओड़िशा से गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी एवं जंगल के रास्ते अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब लेकर आ रहे आरोपियों को पकड़ा गया है, जिन पर अलग-अलग एनडीपीएस एवं आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 23 अक्टूबर की दोपहर पेट्रोलिंग दौरान पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कुदरीखार जंगल से कांवर पर प्लास्टिक बोरी के अंदर पन्नी में महुआ शराब भरकर बिक्री के लिये बड़े मानिकपुर की ओर आ रहा है, सूचना पर पुलिस टीम ग्राम बडे मानिकपुर, कुधरगढी जाने वाले रास्ते मंदिर मोड के पास नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद एक व्यक्ति कुधरगढी जंगल की ओर से बहंगा कांवर में दोनों तरफ दो प्लास्टिक बोरी को लेकर आता मिला। जिसे रोककर नाम, पता पूछने पर अपना नाम बोलो निषाद उम्र 32 वर्ष साकिन बडे मानिकपुर थाना सरिया बताया। जिसके कांवर में बंधे प्लास्टिक बोरी को चेक करने पर बोरी के अंदर पन्नी में भरा 20-20 लीटर महुआ शराब कुल 40 लीटर महुआ शराब 8,000 रूपये का पाया गया, जिसकी जप्ती की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में धारा 34(2), 59(क) आबकारी की कार्रवाई की गई है। वहीं देर शाम टीआई विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति पैशन प्रो मोटर सायकल पर गांजा लेकर ओडिशा से जांजगीर की ओर जाने के लिये निकला है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाना स्टाफ की टीमें अलग-अलग स्थानों पर नाकेबंदी के लिये लगाया गया। थाना की एक टीम द्वारा कंचनपुर रोड पर एक व्यक्ति को पैशन प्रो मोटर सायकल पर नीला रंग की बैग के साथ आते दिखा जिसे सुरक्षापूर्वक पुलिस टीम द्वारा रोका गया। बाइक का चालक अपना नाम ऋषि कुमार साहु उम्र 40 वर्ष निवासी काशीगढ थाना जैजेपुर जिला जांजगीर-चांपा बताया, जिसे नाकेबंदी कार्यवाही की जानकारी लेकर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसके बैग अंदर 05 किलो गांजा कीमती 25,000 रूपये मिला। आरोपी से मादक पदार्थ एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसायकल पैशन प्रो सीजी 12 एपी -3662 कीमती 10,000 रूपये की जप्ती कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# लगातार दूसरे दिन भी जुआ फड़ पर भूपदेवपुर पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, पर सख्त कार्रवाई के दिये गए दिशा निर्देश पर भूपदेवपुर पुलिस मुखबिर लगाकर लगातार दूसरे दिन क्षेत्र में जुआ रेड की कार्रवाई की गई है। 21 अक्टूबर को लोढाझर हाईवे के पास जुआ खेल रहे 05 जुआरियों से जुआ में लगे नकदी 21,500 रूपये जप्त कर जुआ रेड की कार्रवाई की गई थी। इसी क्रम में 22 अक्टूबर की रात्रि ग्राम कांशीचुआ मौहारीडीपा स्कूल के पास कुछ लोग 52 पत्ते तास से जुआ खेलने की सूचना पर टीआई भूपदेवपुर उत्तम साहू हमराह स्टाफ जगेश्वर प्रसाद, जगदीश नायक आरक्षक जक्शन बघेल, त्रिभुवन सिदार, सुमीत मिंज के साथ जुआ रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें जुआडियान जवाहर लाल सारथी उम्र 31 साल, मिनकेतन साहू उम्र 22 साल, किर्तन निषाद उम्र 22 साल, धनेश्वर यादव उम्र 45 साल साकिनान कांशीचुंआ एवं नकूल साहू उम्र 41 साल साकिन डूमरपाली थाना भूपदेवपुर को जुआ खेलते पकडा गया है जिनके फड एवं पास से जुमला नगदी रकम 7,300- रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।



# धरदेई के ग्रामीण एवं महिला समूह ने शिवरीनारायण थाना प्रभारी से अवैध शराब बिक्री रोकने की मांग की



पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण थाना अंतर्गत ग्राम धरदेई में शराब की अवैध बिक्री जोरों से चल रहा है जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं आए दिन घर गली व मोहल्लों में लड़ाई झगड़ा हो रहा हैं जिससे महिलाएं परेशान है और उन्हे विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत धरदेई के ग्रामीण महिला एवं पंचों ने सरपंच अश्वनी कुमार सुमन के नेतृत्व में पुलिस थाना शिवरीनारायण में आकर थाना प्रभारी रविंद्र अनंत से ग्राम धरदेई में हो रहेअवैध शराब की बिक्री को शीघ्र रोकने की मांग की है । वहीं टीआई रविंद्र अनंत ने कहा कि शिवरीनारायण थाना के द्वारा अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही जारी है ग्राम धरदेई से शिकायत मिली है शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


## छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर**
Email id-henv.cg@nic.in

## // सूचना //

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/10/2021

**क्रमांक एफ 07-27/2019/32** :: छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1), (क) एवं (2) के अन्तर्गत अंबिकापुर विकास योजना, 2021 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ उपांतरण करने का अंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् द्वारा प्रस्तावित उपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है:-

**अंबिकापुर विकास योजना 2021 में उपांतरण प्रस्ताव**

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा क्रं. | रकबा (हेक्टेयर में) | अंबिकापुर विकास योजना 2021 में दर्शित भू उपयोग | अधिनियम की धारा 23-क के तहत् उपांतरण |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | संजयनगर | 382 | 0.97 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 2 | पहनं-51 | 383 | 1.40 हे. में से 1.329 हे. | कृषि भूमि एवं मार्ग | आवासीय (मार्ग को छोड़कर) |
| 3 | | 384 | 0.20 हे. में से 0.01 हे. | कृषि भूमि एवं मार्ग | आवासीय (मार्ग को छोड़कर) |
| 4 | | 386 | 0.11 हे. में से 0.1042 हे. | कृषि भूमि एवं मार्ग | आवासीय (मार्ग को छोड़कर) |
| 5 | | 398 | 0.58 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 6 | | 399 | 0.22 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 7 | | 400 | 0.76 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 8 | | 402 | 0.41 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 9 | | 403 | 0.34 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 10 | | 404 | 0.12 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 11 | | 405 | 0.25 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 12 | | 408 | 0.15 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 13 | | 410 | 0.89 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 14 | | 411 | 0.56 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 15 | | 412 | 0.55 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 16 | | 413 | 0.28 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 17 | | 414 | 0.32 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 18 | | 415 | 0.22 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 19 | | 416 | 0.12 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 20 | | 417 | 1.74 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 21 | | 418 | 0.38 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 22 | | 424 | 0.59 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 23 | | 425 | 1.26 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 24 | | 426 | 0.26 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 25 | | 427 | 0.89 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 26 | | 429 | 0.43 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 27 | | 430/1 | 0.52 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 28 | | 431/1 | 0.66 हे | कृषि भूमि | आवासीय |
| 29 | | 432 | 1.49 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 30 | | 433 | 0.12 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 31 | | 434 | 0.01 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 32 | | 435 | 0.01 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 33 | | 436 | 0.02 हे. | कृषि भूमि एवं वाणिज्यिक | आवासीय |
| 34 | | 439 | 0.33 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 35 | | 440 | 0.01 हे. में से 0.0048 हे. | वाणिज्यिक एवं मार्ग | आवासीय (मार्ग को छोड़कर) |
| 36 | | 450 | 0.34 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 37 | | 451 | 0.95 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| 38 | | 452 | 0.48 हे. | कृषि भूमि | आवासीय |
| योग | | 38 | 18.668 हे. | | |

**2**. उक्त उपांतरण छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की अटल विहार योजना के प्रयोजन हेतु है।
**3**. उपांतरण प्रस्ताव की प्रति मानचित्र सहित आयुक्त, सरगुजा संभाग, कलेक्टर, जिला सरगुजा, सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संभाग अंबिकापुर एवं आयुक्त, नगर पालिक निगम, अंबिकापुर जिला सरगुजा के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।
**4**. अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित हाने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियों तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-
(1) आयुक्त, सरगुजा संभाग।
(2) कलेक्टर कार्यालय, जिला सरगुजा।
(3) सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर।
(4) कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संभाग-अंबिकापुर।
(5) आयुक्त नगर पालिक निगम, अंबिकापुर जिला सरगुजा।

**(सी. तिर्की)**
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

जी.-64656/2


# अनुज शर्मा ने किया भगवान श्री शिवरीनारायण का दर्शन



पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

पद्मश्री अनुज शर्मा सपरिवार शिवरीनारायण पहुंचे जहां भगवान श्री नर नारायण जी जगन्नाथ जी के दर्शन लाभ अर्जित किए वहीं अनुज शर्मा ने मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा की आने वाले समय में 2 छत्तीसगढ़ी फिल्म एवं एक एल्बम लॉन्च होगी जिसमें शिवरीनारायण धार्मिक नगरी की गरिमा , महत्ता के अनुरूप धार्मिक संस्करण यहां से कलेक्ट करके छालीवुड छत्तीसगढ़ी में अपडेट करेंगे वही गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने उन्हे भगवान श्री राघवेंद्र सरकार के दर्शन एवं पूजा अर्चना कराया। इसके बाद सभी ने सुपरस्टार से मुलाकात किया इस अवसर पर काफी लोग उपस्थित थे। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान शबरी नारायण मन्दिर के पुजारी पंडित हरीश तिवारी,जगन्नाथ मंदिर के पुजारी त्यागी महाराज मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास महाराज , कमलेश सिंह बाबा जनपद सदस्य, सहित नगर के गणमान्य नागरिक राहुल सुल्तानिया, राम चरण कर्ष एल्डरमैन ,सुदर्शन मानिकपुरी, विजय टंडन, उग्रेश्वर गोपाल केवट सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करें : राघवेंद्र

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



23 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के द्वारा बुथ, सेक्टर, जोन ,प्रभारी की आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे उन्होंने कहा बुथ के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की बात कहीं सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि इस बार हम 2023 में जांजगीर चांपा विधानसभा को भारी मतों से जीत दिलाएंग,जांजगीर चांपा विधानसभा के छाया विधायक मोतीलाल देवांगन ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्णय अनुसार हर पोलिंग बूथ में 10 महिलाएं 10 सियान 10 युवाओं की कमेटी बनाएं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इंजीनियर रवि पांडे प्रदेश सचिव प्रवीण पांडे पीसीसी सदस्य मंजू सिंह पामगढ़ छाया विधायक गोरेलाल बर्मन नवागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भैया शत्रुघ्न दास महंत जिला पंचायत सदस्य कमल काका जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू जिला पंचायत सदस्य गणेश राम साहू जनपद सदस्य कमलेश सिंह बाबा जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह श्रवण सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप अन्य पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष संदीप यादव शिशिर द्विवेदी देवेश सिंह नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष भुनेश्वर केसरवानी जी चंद्रकांत साहू उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ माधुरी आदित्य जिला महामंत्री नगर अध्यक्ष संतोष साहू देवचरण यादव उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ पवन देव साहू ईश्वर देवांगन राजकुमार यादव नरेश आदित्य नारायण खंडेलिया जी राकेश शर्मा जोहन सूर्या घनश्याम धीवर प्रशांत सिंह संतोष साहू रामेश्वर यादव लाला जसवाल रमेश कुमार साहू संतोष कुमार कश्यप बजरंग धीवर मोतीलाल साहू अजीत बंजारे दुखू राम साहू अजीत खान प्रवक्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ वाजिद मोहम्मद गोविंद खरसन संयुक्त महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ सुरेंद्र कश्यप संयुक्त महामंत्री शिव कुमार कश्यप मुकेश केडिया सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ हलधर बंजारे जनपद सदस्य नवल किशोर ताम्रकार नवधा टंडन नितिश खंडेलिया सरोज सारथी प्रदेश संयोजक मुरली नायर सरिता साहू जनपद सदस्य नवागढ़ सीमा श्रीकांत सरपंच पेन्ड्री किशन बघेल ज्योतिष चन्द्रा त्रिजोगी कश्यप जितेंद्र कश्यप उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी नवागढ़ अमरनाथ कश्यप संयुक्त महामंत्री नवागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय तिवारी राजेश साहू रिखीराम आदित्य पप्पू राठौर बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# विद्युत सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर चोरी करते पकड़ाए दो चोरों को बिजली कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ा

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीती रात धरमजयगढ़ विद्युत विभाग सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर क्वायल की चोरी करते दो चोर बिजली कर्मियों के हत्थे चढ़ गए। बताया जा रहा है सब स्टेशन में पहले भी चोरी की वारदातें हो चुकी है फिलहाल पुलिस विद्युत कर्मियों द्वारा पकड़े गए चोरों को कस्टडी में लेकर आगे की कार्यवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि चोर पांच की तादाद में थे, और चोरी के दौरान दो चोर बिजली स्टेशन में घुसे हुए थे।वहीं तीन अन्य चोर बाहर खड़े थे, अंदर से बिजली ट्रांसफार्मर को बाहर लाकर ठिकाने लगा रहे थे, बताया जा रहा है उसी दौरान रात करीब 2 से 3 बजे के बीच ड्यूटी में तैनात बिजली कर्मियों को चोरी होने की भनक लग गई,और वे उठ खड़े हुए। इतने में बिजली कर्मियों को उठते जान चोर ट्रांसफार्मर छोड़ मोटरसायकल से भागने लगे। जिन्हें करीब 1 किलोमीटर दूर बिजली कर्मियों द्वारा बाइक से दौड़ाकर दो चोर को पकड़ लिया गया।वहीं तीन अन्य चोर जो बाहर खड़े थे वहां से भाग निकलने में कामयाब हो गए। लेकिन विद्युत कर्मियों द्वारा पकड़े गए चोरों की अच्छी खातिर दारी करने के बाद उन्हें धरमजयगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों चोर कोरबा जिले के सीतामढ़ी के रहने वाले हैं,जिसमे से एक का नाम सोनू गोंड़ और दूसरे का नाम मनोज खूंटे बताया जा रहा है। फिलहाल धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा चोरी में उपयोग दो मोटरसायकल और पाना, पेचकस,पलास कटर और थैला आदि जब्त कर,चोरों का डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर आगे की कार्यवाई कर रही है।

**क्षेत्र में चोर चुस्त तो पुलिस सुस्त-** विद्युत विभाग में तैनात कर्मियों की माने तो पूर्व में भी ट्रांसफार्मर व अन्य सामानों की चोरी सब स्टेशन में हो चुकी है, जिसके मद्देनजर अज्ञात चोरों को दबोचने बिजली कर्मचारी काफी दिनों से चौकन्ने थे।

# आग की लपटों में आया वाहन, आसपास की दो गाड़ियां भी आई चपेट में

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर के जूटमिल इलाके में स्थित कालिंदी कुज के पास आज सुबह घर के बाहर खड़ी एक छोटी पिकअप वाहन में अचानक आग लगने से अफरा तफरी फैल गई। इस वाहन में आयल पेंट के अलावा अन्य सामान रखा हुआ था और देखते ही देखते भयंकर आग ने पास के मकान के साथ साथ दो अन्य गाडियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने के बाद नगर निगम की फायर बिग्रेड व जूटमिल पुलिस चौकी टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। स्थानीय पार्षद ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे सबसे पहले घर के बाहर खड़ी छोटी पिकअप में आग लगी और लोगों ने उसे बुझाने के साथ साथ सामान को निकालने का प्रयास किया लेकिन भारी आग देखते ही देखते इतनी फैल गई कि उसमें रखे सामान व टंकी फट गई जिससे अफरा तफरी फैल गई। क्षेत्र के पार्षद विनोद कुमार महेश ने यह भी बताया कि इस आग से पास के मकान व एक कपड़ा दुकान में भी काफी नुकसान पहुंचा है और दो अन्य गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गई थी। अचानक लगी इस आग से दस लाख रूपए से भी अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है।

# विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट के दुर्गम और दुरस्त क्षेत्रों के दौरे पर विधायक राजमन बेंजाम

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधानसभा क्षेत्र के अतिसवेंदनशील क्षेत्र कुकानार के ग्राम पंचायत बोकड़ा ऑडार पहुँचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।

अपने क्षेत्र में विधायक को पहुँच देख बोकड़ा ऑडार के ग्रामीण खुशी से झूम उठे और उनसे अपने मन के विचार साझा किये 7 विधायक राजमन बेंजाम के समक्ष ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को उनके समक्ष रखा 7 पांच गाँव के ग्रामीणों ने विधायक को अपनी मूल समस्या बंदोबस्त त्रुटि से अवगत कराया जिसे विधायक ने तत्काल निराकरण करने का आश्वासन दिया और तत्कालीन मांग पर कार्यवाही करते हुए सी.सी. सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृत करने की घोषणा भी ग्रामीणों के समक्ष किया।



अपने क्षेत्र के जनता से रूबरू होते हुए विधायक राजमन बेंजाम ने ग्रामीणों को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी की सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया और कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एक किसान पुत्र होने के नाते प्रदेश के किसानों को फायदा पहुचाने हर संभव प्रयास करते रहे है।आज उनके इन्ही कार्यशैली के कारण पूरे देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री बन गए है।

विधायक चित्रकोट ने कहा कि मेरे विधायक बनने के पश्चात मैंने अपने आप मे एक संकल्प लिया कि मैं अपने क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में जाकर वहाँ के ग्रामीणों की समस्या दूर करने का प्रयास करूंगा। पर दुर्भाग्यवश मेरे विधायक बनते ही कोरोना महामारी आ गया और मैं आप लोगो तक नही पहुँच पाया। कोरोना प्रभाव में कमी उपरांत मैं इस समय अपने क्षेत्र के मूल समस्या पेयजल को लेकर काम कर रहा हूँ, जिस प्रकार हर घर बिजली आयी उसी प्रकार से हर घर पेयजल भी होगी।

विधायक बेंजाम के साथ प्रदेश महासचिव रुकमणी कर्मा,अध्यक्ष बिरसिंग बघेल,विधायक प्रतिनिधि बलीराम कश्यप,सुनील यादव,हिरमा कुंजाम,मीडिया प्रतिनिधि मोहनीश नाग,सोनाधर नाग,साधु राम, जगदीश पटेल ,राजमन बघेल,सुकमन यादव,सुखमन नाग,रामधर बघेल,आयता मंडावी,अशोक चौहान,गोबरे भदौरिया,धर्मेंद्र सिंह,अनुज(गुड्डा )चौहान,नानु चौहान, अनुज चौहान,संजय नाग,सोमाराम नाग,रामसिंग नाग एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

## कर्नाटक के मैसूर की प्रसिद्ध रचनाकार उषा केडिया ने करवा चौथ पर प्रस्तुत की अपनी पंक्तियां

### मातृशक्ति के लिए करवा चौथ का त्यौहार पूरी दुनिया में है सबसे बड़ा पर्व: केडिया



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

देश के प्रतिष्ठित क्रिएटिविटी कैफे की डायरेक्टर, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन सांस्कृतिक कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजक तथा अग्र ज्योति संपादक उषा केडिया मैसूर कर्नाटक ने 24 अक्टूबर को करवा चौथ के पर्व पर अपनी पंक्तियों के माध्यम से अपना भाव प्रकट किया है,तथा उषा केडिया ने कहा है कि करवा चौथ का पर्व एवं मातृशक्ति के लिए एक बड़ा पर्व होता है, तथा उषा केडिया ने इस पर्व की सभी मातृशक्ति को शुभकामनाएं भी प्रेषित करते हुए कहा है कि करवा चौथ

मिले हम इस जहाँ में अब तू ही मेरा जहाँ है<br>
तुम संग ही मुकम्मल मेरा जहाँ है !<br>
बन जीवन साथी तुम आए मेरे जीवन में,<br>
बन हमराही चलते हो संग संग में !<br>
लड़खड़ाते जब कदम दामन थाम लेते हो,<br>
दबे पाँव की आहट जाने कैसे पहचान लेते हो !<br>
शिकवे शिकायत की चलती भीनी- भीनी नोक झोंक है,<br>
लगती पायल की रुनझुन आवाज़ है !<br>
कभी रांझा,कभी मजनूँ, कभी सीरी हो,<br>
तुम ही तो मेरे जीवन संगीत हो !<br>
चाँद के संग चाँदनी आयी,<br>
आज फिर करवा चौथ आयी !<br>
करे सुहागन पूजन तेरा अमर रहे सुहाग मेरा,<br>
जनम जनम बना रहे साथ हमारा !<br>
हर साल यूँ ही करवा चौथ माता तु आना,<br>
हर घर में खुशहाली तुम दे जाना !

# जैन समाज के निःशुल्क जांच शिविर में पहुंचे 450 लाभार्थी 7 कैंसर के मरीजों का उच्चस्तरीय ईलाज होगा रायपुर में

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

समाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाला जैन समाज एक बार फिर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में निःशुल्क शिविर का आयोजन कर गरीब और जरूरतमंदों को अच्छे नामी-गिरामी डॉक्टर्स से ईलाज मुहैया कराया। रविवार को जैन औषधालय के सामने जैन स्कूल प्रांगण में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 450 लाभार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जैन समाज के समाजिक कार्यकर्ता दिलीप डिंपल जैन ने बताया कि 450 लाभार्थियों में 7 गंभीर मरीज कैंसर बीमारी से ग्रस्त पाए गए हैं। उनका उच्चस्तरीय ईलाज समाज की ओर से रायपुर में कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज के युवाओं ने शिविर को सफल बनाया और आने वाले दिनों में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन करने की योजना समाज की ओर से बनाई जा रही है।









### इस प्रकार की मिली सुविधाएं

कैंसर, किडनी जैसी गंभीर बीमारियों के साथ ही मूत्र रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग और दांत से जुड़ी समस्याओं के मुफ्त इलाज के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन जैन मंदिर के सामने स्थित के पास स्थित जैन स्कूल किया गया है जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सकों ने निःशुल्क सेवाएं दीं। जैन मुनि 108 श्रेयांस सागर महाराज के जन्मदिन के अवसर पर खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज की ओर से एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्जन डॉक्टर रोहित जैन, न्यूरो सर्जन डॉक्टर अमित जैन, कैंसर सर्जन डॉक्टर जसवंत जैन, डॉ. सिद्धार्थ बागरेचा, डॉ. अरविंद जैन, डॉ. दीपिका जैन उपस्थित रहे।

### इन्होंने संभाला मोर्चा

शिविर का आयोजन रविवार की सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक किया गया था। शिविर को सफल बनाने में समाज के युवा अभिषेक जैन, अमन जैन, संजय पाटोदी, अमित जैन, आनंद जैन, समर्थ जैन, अरिहंत जैन, प्रणेश जैन, सम्यक जैन, ऋषभ जैन, दीपक जैन, रौनक जैन, सुमित जैन, स्वाति जैन, सौम्या जैन, श्रेया जैन, चहक जैन ऐशना जैन एवं जैन समाज के छोटे-छोटे बच्चे भी इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटे रहे।

## नवागढ़ में स्वयंसेवको ने किया पथ संचलन, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**बेमेतरा।** नवागढ़ नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वंयसेवकों ने शनिवार को पथ संचलन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामाया मन्दिर नवागढ़ में ध्वज प्रणाम व बौद्धिक सत्र से हुआ। बैद्धिक में मुख्य रूप से रामसुरती यादव विभाग बैद्धिक प्रमुख, जिला कार्यवाह गंगाधर यादव, अतिथि नेमिराज सोनवानी एवं संघचालक संतोष खुराना उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता विभाग बौद्धिक प्रमुख यादव ने कहा कि संगठन स्वयंसेवकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें देश भक्ति के लिए प्रेरित करने का काम करता आ रहा है। हिन्दुस्तान वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास रखता है। भगवान राम हिन्दुओं के आदर्श हैं। सनातन धर्म में अध्यात्म, गुरु शिष्य की परंपराओं का समावेश है। पथ संचलन शक्ति और साहस का संगम है। स्वयं सेवक वैचारिक क्रांति का प्रतीक है। लक्ष्य साध कर समाज संगठन का कार्य करना है। संघ शिक्षा, धर्म और संस्कृति के माध्यम से सेवा का कार्य करता है। समाज परिवर्तन से व्यवस्था परिवर्तन होगी। उसके लिए देश भक्ति और चरित्र निर्माण आवश्यक है। इसके बाद नगर में पथ संचलन किया।

## पालनार एवं फुलपाड़ विद्यालय के टॉपर छात्रों को एएमएनएस कंपनी ने साइकिल देकर किया प्रोत्साहित



**किरन्दुल।** ग्रामीण दूरस्थ आदिवासी स्थानों में मुख्य रूप से शिक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किरन्दुल स्थित आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी सीएसआर द्वारा एएमएनएस इंडिया-ज्ञानज्योति कार्यक्रम' के तहत विशेष रूप से पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के वंचित छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करते हुए 23 अक्टूबर शनिवार को फुलपाड़ माध्यमिक स्कूल और पालनार हायर सेकेंडरी स्कूल के चयनित टॉपर छात्रों को साइकिल प्रदान कर 20 बालक बालिकाओं को प्रोत्साहित किया गया। जिससे उनकी शिक्षा जारी रहे और स्कूल में ड्रॉपआउट कम हो और अन्य छात्रों को भी बढ़ावा मिले। इस प्रकार की सुविधा मेधावी छात्रों को अपने उच्च अध्ययन को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। मध्य विद्यालय में फुलपड़ सरपंच भूमिका, उप-सरपंच कमलू, महाप्रबंधक राघवेलु, सीएसआर प्रमुख डॉ. तेजप्रकाश, इंजीनियर गोविंदराजु, प्रधान अध्यापक सजल सरकार, एच आर शर्मा, राजेन्द्र मौजूद थे।

## कुम्हारी के कर्मा भवन में परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव सम्पन्न



**कुम्हारी।** कर्मा भवन प्रांगण में 24-10-2021 (रविवार) को परिक्षेत्र साहू समाज के 13 गांवो के लिए अध्यक्ष पद हेतु 3 लोगों ने नामांकन दाखिल किए जिसमें पहला मुरारी लाल साव कुम्हारी से, दूसरा पन्ना लाल साहू परसदा से, तीसरा कृष्ण कुमार साहू सुरड़ुंग से ने आवेदन पत्र दाखिल किया, वही उपाध्यक्ष पद के लिए राजमणी साहू कुम्हारी से, दूसरा मोतीलाल साहू मुड़पार से, सेवक राम साहू मुड़पार से और महिला उपाध्यक्ष पद के लिए एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ जिसमें पार्वती साहू (मोहंदी) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। जिसमे अध्यक्ष पद व उपाध्यक्ष पद के मतदान किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण कुमार साहू व पन्ना लाल साहू को 18-18 मद प्राप्त करके बराबर रहे जिसके पश्चात लॉट निकाल करके कृष्ण कुमार साहू को विजय हासिल घोषित किया गया वही उपाध्यक्ष पद के लिए राजमणी साहू ने 22 मद प्राप्त करके विजय हासिल किया। (पर्यवेक्षक) के रूप में जगदीश साहू, डॉ. प्रेम लाल साहू, अमरदास साहू ने परिक्षेत्र साहू समाज निर्वाचन पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करा करके अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्याम लाल साहू (तहसील), विजयलक्ष्मी साहू तहसील उपाध्यक्ष) मधुसूदन हिरवानी, बरातू साहू, सुरेंद्र साहू, घनश्याम साहू, कमलेश साहू, टिकेन्द्र साहू, फेकूराम साहू, अशोक साहू, रमा साहू, पद्मावती साहू, देवानंद साहू, दुर्गा साहू, लीला साहू, सविता साहू, सीता साहू सहित परिक्षेत्र साहू समाज के 13 गाँवों के लोगों ने बड़ी संख्या उपस्थित होकर समाजिक कार्यक्रम में हिसा लिया।

## राजनगर चौक तिल्दा में अखण्ड नवधा रामायण कथा समारोह का आयोजन रविवार से प्रारंभ

**लवन।** ग्राम पंचायत तिल्दा के राजनगर चौक में मोहल्ले वासियों एवं ग्राम वासियों की आपसी सहयोग एवं भाई चारे से इस वर्ष नौ दिवसीय भगवान रामचन्द्र जी कथा अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन रखे गए है।

जिसका शुभारंभ रविवार से हो चुका है। रामायण समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में अध्यक्ष पुरुषोत्तम कैवर्त, कोषाध्यक्ष दीनबंधु घृतलहरे, उपाध्यक्ष तिजऊ राम कैवर्त सहित अन्य पदाधिकारियों सहित ग्रामीण जनों का विशेष योगदान है।

# अवैध वन कटाई से जंगल होने लगा साफ वन मंत्री अकबर के गृह जिला कवर्धा के वनों का बुरा हाल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा जिले के वनों का कटाई लगातार जारी है भोरमदेव अभ्यारण से लेकर लोहारा ,पंडरिया, बोड़ला,चिल्फी ,तेरगांव के जंगलों का बुरा हाल लगातार समूचे जिले में अंधाधुंध अवैध कटाई हो रही है जंगल बचाओ पेड़ लगाओ अभियान के जगह सिर्फ कागजों तक नजर आती है मौके पर कुछ भी नजर नही आती, अगर नजर आती है तो सिर्फ कीमती लकड़ियों वनों की अवैध कटाई इस अवैध वनों को कटाई को रोकने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी ही नदारत नजर आते है तो अब आखिर किसके भरोसे पे वनों की कटाई को रोका जाए ये बड़ा सवाल है।





### राजस्थानी ,गुजराती ऊंट भेड़ बकरियां जंगलों को कर रहे वीरान

समूचे जिले में बोडला ,लोहारा ,पंडरिया भोरमदेव अभ्यारण कुईकुदुर के जंगलों में राजस्थानी ऊंट भेड़ बकरियां जंगलों को चट कर रही है हरे भरे कवर्धा के जंगल वीरान हो रहे है लेकिन वन परिक्षेत्र अधिकारियों को जंगलों की विरानी नजर नही आती ये सिर्फ अपने कार्यलय तक सीमित नजर आते है और कभी कभी तो कार्यालय में कई दिनों से नदारत रहते है इनके अलावा इनके अन्य कर्मचारी को पूछने पर दौरे पर बताया जाता है जबकि अगर ये वनों के दौरे पर रहते तो आज कवर्धा के वनों की ये हालत नही होती ये अधिकारियों को क्या राजस्थानी ऊंट भेड़ नजर नही आते वनों नही आते नजर ये बड़ी बात है सवाल ये है की किसके भरोसे वनों की रक्षा होगी।

### वन परिक्षेत्र अधिकारियों का सरकारी नंबर रहता है बंद

वैसे तो इन वन परिक्षेत्र अधिकारियों को सरकारी विभागीय नंबर दिया गया है कई कार्यलय में सूचना इस नंबर पे दे भी लिखा है जिससे इनको वनों के बारे से कोई भी जिले के आम आदमी वनों के बारे से सूचना दे सके लेकिन जब जिले के इन 11 वन परिक्षेत्र अधिकारियों के मोबाइल को पायनियर टीम ने पड़ताल किया तो आधे नंबर बंद मिले और आधे नंबरों पर कई बार फोन करने पर भी रिसीव नही किया गया अब इससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है की वन परिक्षेत्र अधिकारी जिसके जिम्मे जिले के वन है वो एक फोन तक नही उठाते तो इनको आम जनता किस तरह जानकारी उपलब्ध करा पाएगी इसी का नतीजा है की अवैध कटाई जोरो से चल रही है।

### जंगलों में भीषण आग लेकिन अनजान वन परिक्षेत्र अधिकारी

पायनियर ने इससे पूर्व भी जंगलों में भीषण आग करके प्रमुखता से खबर लगाया था लेकिन अधिकारियों ने इस पर अब तक कोई खास पहल नही किया इससे भी कवर्धा के जंगल वीरान हो रहे है इस आग पर काबू पाने का प्रयास अधिकारियों द्वारा नही किया जाता है।

### वनों की अंधाधुंध कटाई आखिर रूकेगी कैसे किसके भरोसे कवर्धा के वन

अब सबसे बड़ा सवाल ये है की इतनी कीमती लकड़ियों से भरी और कबीरधाम के खूबसूरत जंगल क्या धीरे धीरे वीरान हो जायेंगे कवर्धा जिले के कद्दावर मंत्री अकबर के वन मंत्री और स्थानीय विधायक होने के बावजूद ये हाल है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की ये वन परिक्षेत्र अधिकारी कितने लापरवाह है या फिर ये भी हो सकता है की इनकी देखरेख में ही सब हो रहा हो ,सवाल तो बहुत है पर सवाल ये है की इन वनों खूबसूरत जंगलों को अवैध कटाई, आग और राजस्थानी ऊंट भेड़ बकरियों से कैसे बचाया जाए।

### वनमंडल अधिकारी आखिर क्यों नही करते वनों को बचाने का प्रयास

जिले के वन मंडल अधिकारी आखिर क्यों इन वन परिक्षेत्र अधिकारियों पे मेहरबान है जिले में जब इस तरह के हालात है इन अधिकारियों के मोबाइल बंद रहते है जंगलों की अवैध कटाई हो रही है ऊंट भेड़ बकरियां जंगलों को नष्ट कर रहे है वनों का बुरा हाल है।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 23.01.2001 को प्रियदर्शनी गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर के द्वारा श्री महेन्द्र पाल सिंह, पिता श्री अजीत सिंह, निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर के पक्ष में एक किता आवासीय भूमि जिसका **खसरा नं. 369/85 भाग, प्लाट नं. एफ-2, रकबा 3200 वर्गफुट, जो कि वाके मौजा टिकरापारा, पटवारी हल्का नंबर 114 रायपुर तह व जिला रायपुर** का विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि श्री महेन्द्र पाल सिंह, पिता श्री अजीत सिंह, निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर ने उपरोक्त संपत्ति को श्रीमती भावना खत्री, पति श्री महेश खत्री निवासी प्रियदर्शनी नगर रायपुर को पंजीकृत विक्रय विलेख के द्वारा दिनांक 22.04.2008 को विक्रय कर दिया है।

यह कि पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 23.01.2001 की मूल प्रति श्री महेन्द्र पाल सिंह, पिता श्री अजीत सिंह, निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर कहीं गुम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है। जिसकी प्रथम सूचना संबंधित थाना को दी गई है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर श्रीमती भावना खत्री, पति श्री महेश खत्री निवासी प्रियदर्शनी नगर रायपुर के द्वारा मेरे पक्षकार **बैंक ऑफ बड़ौदा पंडरी ब्रान्च** रायपुर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है।

अतः उक्त गुम हुए विक्रय विलेख दिनांक 23.01.2001 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। **सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 23/10/2021

भवदीय
**विजय राठौर,** अधिवक्ता
ऑफिस-भारत गैस गोडउन के पीछे, लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर छ.ग. मो. - 9425202167
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 04, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2255/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 131/04, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. खेदूराम गायकवाड़ S/o सुकालु गायकवाड़, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- गनपत गायकवाड़ S/o स्व. खेदूराम गायकवाड़.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2256/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 148/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - रमेश कुमार साहू S/o खोखाहरा साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- तारकेश्वर साहू S/o चौखेलाल साहू.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माधव राव सप्रे
वार्ड क्र. 19, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2257/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 412/19, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - अविनाश बिल्डर्स S/o आनंद सिंघानिया, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- भागीरथी यादव S/o शिवनंदन यादव.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - लाल बहादुर शास्त्री
वार्ड क्र. 12, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2151/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 55/12, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - नन्द कुमार वर्मा S/o बैजनाथ वर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- रामदुलारी साहू W/o लोकनाथ साहू.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2252/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 129/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - रूपउ राम साहू S/o खोरबाहरा साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राजेन्द्र साहू S/o स्व. रूपऊ राम साहू.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 04, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2253/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 184/04, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - चोवाराम चन्द्राकर S/o मुकुंद चन्द्राकर, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- केशु चन्द्राकर S/o रघु चन्द्राकर.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - डॉ. रविन्द्र नाथ टैगोर
वार्ड क्र. 40, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2254/23.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 303/40, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - अनिल कुमार जाटवर S/o भूषण लाल जाटवर, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- ओंकार प्रसाद साहू S/o महेत्तर साहू.

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

# एक दूसरे पर आरोपों की झड़ी, चिखली पुलिस व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आमने सामने

## पुलिस ने कहा वो बखूबी अपना काम कर रही, आसिफ ने कहा 26 को देंगे चौकी के सामने धरना

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के चिखली इलाके में कांग्रेस के दो गुट आमने सामने हैं। एक जहां पुलिस की ओर से मोर्चा संभाले हुए है तो दूसरी ओर कांग्रेस संगठन संभाल रहे पदाधिकारी का गुट उनके सामने है। आपसी भिड़ंत का यह मामला अब खुली जंग का रुप ले चुका है। इसके ही चलते कांग्रेस के एक धड़े ने अपने ही मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा से शिकायत कर दी है। शिकायत में कहा गया है कि कांग्रेस के शहर उत्तर मंडल अध्यक्ष आसिफ अली गुंडागर्दी कर रहे हैं। दूसरी ओर आसिफ अली की ओर से खड़े धड़े ने आरोप लगाया है कि चिखली चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर जुआ की अवैध गतिविधियों को सांठगांठ कर बढ़ावा दे रहे हैं।

उत्तर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष का धड़ा एक ओर तो दूसरी ओर एक धड़ा चिखली चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर की ओर खड़ा है। एक चौकी पुलिस प्रभारी को लेकर कांग्रेस ही यहां दो धड़े में बंटी हुई है। इस पूरे मामले में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा का कहना है कि इस मामले को पीसीसी के संज्ञान में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह शिकायत कांग्रेस परिवार का अंदरुनी मामला है जिसे मिल-बैठकर सुलझा लिया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले दिनों इसी मामले को लेकर थाने में ही दोनों पक्ष आमने सामने हो गए थे जिसका वीडियो भी सोशल मिडिया में जमकर वायरल हुआ था।

### सीएसपी से हुई चौकी प्रभारी की शिकायत, 26 को धरना



कांग्रेस के दो धड़ों में बंटने के बीच पुलिस चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर के खिलाफ भी युवाओं के एक गुट ने एसपी के नाम सीएसपी गौरव राय को शिकायत की है। शिकायतकताओं का कहना है कि वार्ड में जुआ और शराब से लोग परेशान हैं। पुलिस के संरक्षण से अवैध कारोबार चल रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस चौकी प्रभारी के पक्ष में आए युवा सरेआम अनैतिक काम में लिप्त है। उत्तर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली ने सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि क्षेत्र में चौकी प्रभारी और अन्य लोगों की सांठगांठ में जुआ की अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रहीं हैं जिसके खिलाफ 26 अक्टूबर को चिखली चौकी के सामने ही धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### चिखली पुलिस के पक्ष में उतरे भाजपा मंडल अध्यक्ष



उत्तर मंडल भाजपा के अध्यक्ष अतुल रायजादा चिखली पुलिस के समर्थन में उतर गए हैं उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता अपने आपको तुर्रमखां समझने लगे है और सत्ता के मद में मदमस्त होकर इतने अहंकारी हो गए है कि उनको होश नही है कि वे क्या कर रहे हैं। जिस तरह का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है उसमें साफ दिख रहा है कि उत्तर ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्ष टीआई से कैसे दुर्व्यवहार कर रहे है और धमका रहे है,और खुलेआम धमकी दे रहे है कि मै धरना दूँगा,मतलब यदि अधिकारी उसके अनुरूप काम नही करेगा तो उन पर दबाव बनाया जाएगा।चिखली थाना प्रभारी द्वारा अवैध शराब जुआ नशे के व्यापार एवम् गुंडागर्दी में सख्त कार्यवाही की जा रही है,उससे उत्तर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष बौखला गए है।

### अच्छे अधिकारियों में गिने जाते हैं चेतन

कांग्रेसी नेता आसिफ अली व चिखली थाना प्रभारी अब आमने सामने हो चुके हैं । इस मामले में चेतन चंद्राकर सीधे तौर पर कानून व्यवस्था की बात करते हुए कहते हैं कि पुलिस अपना काम कर रही है जनता के हित में । गौरतलब है कि चेतन राजनांदगांव जिले में एक अच्छे थाना प्रभारी के रूप में पहचान बनाए हुए हैं और सट्टा, जुआं सहित शराब के मामलों में सबसे ज्यादा कार्यवाही उन्होंने ही अपने थाना क्षेत्र में की हैं। थाने में हुई उगाही के संबंध में उन्होंने कहा कि किसी भी महिला से किसी प्रकार की राशि थाने में किसी ने नहीं ली है ये महज़ एक बेबुनियाद आरोप मात्र है।

### एक मामले में कार्यवाही हुई, दूसरी में जांच करेंगे

इस पूरे मामले में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय ने पायनियर से कहा कि कान काटने की घटना में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किये जाने की शिकायत आई थी लेकिन उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । सीएसपी ने कहा कि अवैध शराब बिक्री को लेकर भी युवाओं की शिकायत आई है जिस पर जांच जारी है और लगातार कार्यवाही भी की जा रही है ।

# मुखबीर की सूचना पर लावातरा में 23 नग सागौन के गोले जब्त



पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र गंडई के ग्राम लावातरा में मुखबीर की सूचना पर एक युवक के घर के बाहर बाड़ी में 23 नग सागौन के गोले ( सिलपट) को वनमण्डलाधिकारी के निर्देश पर उप वन मण्डलाधिकारी गंडई द्वारा जप्त किया गया। इस पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्यवाही किया गया, साथ ही अन्य संलिप्त अपराधियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपी जप्त सागौन के गोले को बाहर भेजने की तैयारी में था।

बताया गया कि उपवन मण्डलाधिकारी गंडई एमएलसिदार को बीते शुक्रवार को मुखबीर से सूचना मिली थी कि वन परिक्षेत्र गंडई अंतर्गत ग्राम लावातरा में एक व्यक्ति के बाड़ी में भारी मात्रा में सागौन का सिलपट रखा हुआ है जिसे बाहर ले जाने की तैयारी में है। सूचना पर वन विभाग की अमले ने ग्राम लावातरा में रात्रि गस्त कर उक्त व्यक्ति को सागौन के साथ रंगे हाथ पकड़ने की योजना से रात भर निगरानी करते रहे। बीते शनिवार को सुबह जाकर लावातरा निवासी भगवत सिंह एवं भगवानी यादव के मकान के बाहर बाड़ी में 23 नग सागौन के गोले मिला। जिस पर वन विभाग ने भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्यवाही किया गया।

मुखबीर से सूचना मिलने पर डीएफओ के निर्देश पर रात्रि घेराबंदी किया गया। सागौन को आरोपी बाहर ले जाने की फिराक में था। जिसे बीते शनिवार को उनके घर के बाहर बाड़ी से 23 नग सागौन के गोले पाया गया है। जिस पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्यवाई किया गया। साथ ही अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी किया जा रहा है।
**-एमएल सिदार,** एसडीओ, गंडई

# नगर निवेश क्षेत्र को लेकर सरपंचों में विरोधाभास

- ग्राम पंचायत के प्रभुता व हितों को लेकर संशय
- सरपंचों के द्वारा नगर निवेश मानचित्र का अवलोकन



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा मुख्यालय नगर के साथ दर्जनभर ग्राम पंचायतों को भी नगर निवेश क्षेत्र में शामिल करने के प्रोजेक्ट को लेकर विरोधाभाष पनपने लगा है। निकाय के सभागार में प्रस्तुत मानचित्र मुताबिक लगभग 11 ग्राम पंचायत यानि लगभग 16 गांव शामिल किए हैं। उक्त ग्राम पंचायतों को दावा आपत्ति के लिए एक माह की अवधि 8 नवंबर तक मिली है।

नगर निवेश विभाग द्वारा गत दिनों प्रकाशित मानचित्र में मुख्यालय डोंगरगांव नगर के सन्निकट ग्राम पंचायतों को शामिल कर लिया है। ग्राम पंचायतों को पत्र पहुंचते ही ग्राम व पंचायत स्तर पर अभी से विरोध के स्वर भी उभरने लगे हैं। इसी तारतम्य में निकाय में नगर निवेश क्षेत्र का मानचित्र व दावा आपत्ति के लिए नियम कायदों का अवलोकन करने दर्जनभर सरपंचों की टीम नगर पंचायत पहुंची थी। टीम में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने भी सम्मिलित होकर सरपंचों के ग्राम के हितों के प्रति चिंतन को जायज करार दिया। सरपंचों ने आगामी दिनों ठोस कदम उठाने की बात कही है।

उक्त अवसर पर कमल नारायण वैष्णव कोहका, मयंक यदु रेंगाकठेरा, सोनाली अजय पंसारी खुज्जी, आशा भूषण देवांगन मोहड़, चिंतामणी हरिशंकर सिन्हा साल्हे, भगवती भरत निर्मलकर बगदई, चेतन साहू भटगुणा, गिरधारी साहू आरी सहित अन्य सरपंच व प्रतिनिधि शामिल थे।

# पटेवा में गौठान निर्माण की योजना खटाई में, प्रस्तावित पांच एकड़ जमीन में फिर हुआ अतिक्रमण

- महीनेभर पहले नायब तहसीलदार ने हटाया था कब्जा, सरकार की योजना ठंडे बस्ते में

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण गोधन न्याय योजना के तहत पटेवा में गौठान निर्माण की योजना फिर से खटाई में पड़ता दिख रहा है। निर्माण के लिये प्रस्तावित स्थल को लेकर पेंच फंस गया है।गौठान के लिए चिन्हित तकरीबन पांच एकड़ खाली जमीन पर पूर्व में अवैध कब्जा हो गया था। जिसके चलते गौठान निर्माण का काम अधर में लटका हुआ था।

### फिर से शुरु हुआ अतिक्रमण

गौठानकीजमीनसेअतिक्रमणहटानेकेबादपंचायतऔरप्रशासनकेअधिकारियोंपरपूर्वसरपंचकेबाजारचौककेअवैधपक्का निर्माणकोतोड़नेकादबावलगातारबढ़ताजारहाथा। इसबीचतोड़नेकीपूरीतैयारीकेबादअनावेदककेपरिजनोंकेउपतहसीलकार्यालय में कथित धमकी के बाद मामला ठंडा पड़ गया। इसके बाद भी ग्रामीणों का अब तक आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों की नाराजगी के चलते पंचायत पदाधिकारियों और सरपंच की ओर से अतिक्रमण हटाने प्रशासन के आला अधिकारियों को मांग की गई। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारियों ने सरपंच को उक्त मामले में कार्रवाई से पीछे हटने की हिदायत देने की खबर है।इस बात के सार्वजनिक होने के बाद तमाम अवैध कब्जाधारियों ने एकराय होकर फिर से अतिक्रमण कर लिया है ।सूत्रों के अनुसार आनेवाले समय में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को ग्रामीणों की कड़ी नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

पंचायत की मांग पर महीने भर पहले कार्यपालिक दंडाधिकारी और घुमका पुलिस की मौजूदगी में उक्त अवैध कब्जे को तोड़कर पंचायत को कब्जा सौंपा गया था। लेकिन एक सप्ताह पूर्व फिर से उक्त जमीन पर बेदखल अनावेदक ने कब्जा कर लिया गया है। अतिक्रमण के मामले में विवाद की आशंका के चलते अब पंचायत पदाधिकारियों ने गौठान निर्माण से हाथ खींच लिया है। समझा जा रहा है कि अब पटेवा में गौठान निर्माण का काम खटाई में पड़ गया है। फिर से अवैध कब्जा के कारण गौठान निर्माण की योजना असफल हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की जमकर किरकिरी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गौठान निर्माण को लेकर अतिक्रमण मामले में टाल मटोल को लेकर राजस्व महकमे के अधिकारियों की गम्भीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। जबकि शनिवार को कलेक्टर ने जिले के तमाम विभागों के प्रमुख अधिकारियों को बैठक में गौठान योजना को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए पूर्व में बने गौठान को बेहतर तरीके से विकसित करने और प्रस्तावित गौठानो का निर्माण शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है।

इसके उलट पटेवा में गौठान के लिए प्रस्तावित जमीन पर अतिक्रमण की जमीन से कब्जा हटाने में राजस्व विभाग के मातहत अधिकारी असफल साबित हो रहें हैं। खबरों के अनुसार बाजार चौक में पूर्व सरपंच के परिजनों के पक्का अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई टलते ही बाकी अवैध कब्जाधारियों ने भी फिर से उन जमीनों पर कब्जा कर लिया है। खबर है कि उक्त अतिक्रमणकारी पूर्व सरपंच के पक्का अवैध निर्माण को तोड़ने पर अड़े हुए हैं।

# श्याम सेवा महिला मंडल की ओर से स्कूल को पंखे प्रदान किए गए

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

श्याम सेवा मंडल द्वारा स्कूल को उनकी ज़रूरत के अनुसार 2 पेडलर पंखे, 2 सीलिंग पंखे और एक बड़ा ट्रंक प्रदान किया गया है। यहां क़रीब 3 सौ बच्चे थे जिन्हें उनकी पसंद के अनुसार समोसा और इमरती बाँटा गया।स्कूल परिवार की ओर से बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी और इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम राजकीय गीत ,सरस्वती वंदना,समूह गीत आदि का आयोजन किया गया। साथ की कई प्रतियोगिता चित्रकला,रंगोली,पुष्पसज्जा जैसे आयोजन किए गये थे।प्रचार्या इंदूमती मिश्रा और पूरे शाला परिवार का स्नेह और सम्मान मिला।



इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह,सरला लोहिया,मोहिनी शुक्ला, अभिलाषा ठाकुर,उषा बाजपेई,ममता सोनी, मीना जिंदल, लता बसोड,ज्योति मिश्रा , निमिशा ठक्कर ,रोहिणी टीसके,प्रीति दीक्षित,सुनीता त्रिवेदी,नूतन शर्मा,नम्रता अग्रवालऔर संजू लोहिया उपस्थित थे।

# गैंदाटोला में विशाल रक्तदान शिविर, सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड के गैंदाटोला क्षेत्र में युनुस ब्लड ग्रुप व क्षेत्र के सामाजिक संस्थाओ के माध्यम से सुबह 7.10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लाक के ग्राम गैंदाटोला युनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के संस्थापक युनुस कुरैशी अजनबी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर आयोजित कर युवाओं को जागरूक करना है। क्योंकि अस्पतालों में जरूरत मन्द परिवारों को वक्त पर खून नही मिल पाता जिसके कारण बहुत से लोगों की जाने चली जाती है। इस अवसर पर रक्तदाता सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। साथ ही मंच पर कवियों ने समां बांधे रखा।बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसके अंतर्गत क्षेत्र में रक्दान कर दूसरों को रक्दान हेतु प्रेरित करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। गैंदाटोला रक्दान शिविर में थाना प्रभारी अमृत लाल साहू के मार्गदर्शन और क्षेत्र के सामाजिक संस्थाओं- हम होंगे



कामयाब गैंदाटोला, मोर संग चलव सामाजिक संस्था- जयसिंगटोला, आकांक्षा समाजिक संस्था -कल्लू बंजारी, मोर संगवारी सामाजिक संस्था- फाफामार, लोक कल्याण सामाजिक संस्था- खपराभाट, युवा सद्भावना समिति- साल्हेटोला , सत्यम ब्लड ग्रुप -जोशीलमती, शारदा ग्रुप लुलिकसा, मानस दर्पण- आटरा, मरमार्थ मानस मंडली - मातेखेड़ा, साईं सेवा समिति- बाजार चिल्हाटी, हितवा मितवा सामाजिक संस्था- नूनहाटोला, एवं ग्राम पंचायत गैंदाटोला के ग्रामवासियों के साथ साथ क्षेत्र के युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# समूह की महिलाएं मल्चिंग विधि से कर रही बरबट्टी, पपीता, करेले की खेती

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम कुम्हारी के गौठान के स्वसहायता समूह की महिलाओं ने कामयाबी की परवाज भरी है। शासन की सुराजी ग्राम योजना से उनके जीवन में व्यापक परिवर्तन आये हैं और वे आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। समूह की महिलाएं मल्चिंग विधि से बरबट्टी, पपीता, करेले की खेती कर रही हैं, वहीं भिंडी, टमाटर एवं मक्के की खेती भी की जा रही है और स्प्रिंकलर से सिंचाई की जा रही है। उद्यानिकी फसलों की आधुनिक विधि का उपयोग करने का फायदा यह हुआ कि सब्जी के उत्पादन में वृद्धि हुई है। जय मां गायत्री स्वसहायता समूह की परिश्रमी महिलाएं यहाँ खेती बाड़ी कर रही हैं।



समूह की महिलाओं ने बताया कि अभी हाल ही में 20 हजार रूपए की सब्जी का विक्रय स्थानीय बाजार में किया है। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाने के साथ ही अन्य गतिविधियों से जुड़ी है, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है। सुखयारिन आंचल ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट विक्रय की लाभांश राशि 60 हजार प्राप्त हुई है। इस बार समूह की महिलाएं मशरूम उत्पादन भी कर रही हैं।

## छात्रावास व कर्मा भवन परिसर में शेड निर्माण के लिए सहमति

# समाज की चुनौतियों का सामना करने की दरकार : गृहमंत्री

- तहसील संघ के भवन का लोकार्पण व अहाता का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में राज्य शासन के गृहमंत्री, लोकनिर्माण व धार्मिक न्यास मंत्री ताम्रध्वज साहू का आगमन हुआ। मंत्री ने तहसील साहू संघ के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण तथा भवन के अहाता निर्माण हेतु भूमिपूजन भी किया। गृहमंत्री अपने सामाजिकजनों के मध्य पहुँचकर बेहद सहज नजर आए। मंत्री श्रीसाहू ने साहू समाज की चुनौतियों को पहचान करके दृढ़ता से सामना कर यथासंभव दूर करने एकजुटता बनाये रखने का आव्हान किया।

नगर के मटियावार्ड स्थित तहसील साहू संघ के सम्मेलन, लोकार्पण व भूमिपूजन अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्रीसाहू ने यदाकदा लिखे रहने वाले सूक्ति, सदविचार सहित किसी के कटाक्ष को भी जीवनपथ के मार्गदर्शन करने में सहायक होने जैसे अनेक उदाहरणों को रेखंकित कर सम्मेलन में मौजूद सामाजिकजनों को सीख लेने आग्रह किया। मंत्री ने प्रत्येक सकारात्मक व नकारात्मक घटनाक्रम से सदैव सीखने की ललक बनाये रखने पर जोर दिया।

सम्मेलन में विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक छन्नी साहू, पूर्व विधायक खेदूराम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, जिलाध्यक्ष कमल किशोर साहू, जिपंअध्यक्ष गीता साहू, जपंअध्यक्ष टिकेश साहू, नपंअध्यक्ष हीरा निषाद, विवेक साहू, नीरा साहू, डीडी साहू, हेमंत साहू, जिला युवा संयोजक डिकेश साहू व पार्षद रुकमणी साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारीगण बतौर अतिथि मंचस्थ थे। इस दरम्यान तहसील संघ नवनिर्मित भवन में जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का भी गृहमंत्री ने सामाजिक पदाधिकारियों के साथ शुभारंभ किया।




सम्मेलन के पूर्व युवा प्रकोष्ठ ने रेस्टहाउस से बाइक रैली के माध्यम से गृहमंत्री की अगुवानी की। थाना तिराहा समीप पूर्व नपंअध्यक्ष संध्या नरेंद्र साहू ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया। सम्मेलन में ध्वजारोहण व कर्म मंदिर में पूजन से सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। तहसील संघ अध्यक्ष अमरनाथ साहू के स्वागत उदबोधन पश्चात सम्मेलन में संघ का आय व्यय प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन को विधायक दलेश्वर साहू, विधायक छन्नी साहू, कमलकिशोर साहू, खेदूराम साहू, डॉ नीरेंद्र साहू सहित अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित कर सामाजिक दशा व दिशा पर विचार प्रस्तुत किया।

उक्त अवसर पर जयश्री साहू, महेंद्र यादव, रामप्रकाश साहू, नीलमणी साहू, बलीराम साहू, चेतन साहू, केशव साहू, जीवन साहू, श्रीमती इंदू साहू, दिनेश साहू, जनक साहू, कोमल साहू, पुरुषोत्तम साहू, रोशन साहू, प्रेमचंद साहू, जीएल साहू, यशवंत साहू, केशव साहू, सहित समस्त मंडल व ग्राम इकाई के पदाधिकारी व सामाजिकजन शामिल हुए।

# गंडई में वार्ड पार्षद के हाथों बांटे गए उज्जवला गैस सिलेंडर



पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडई नगर के वार्ड 4 में पार्षद सूरज नामदेव के द्वारा 19 हितग्राहियों को बीते शनिवार को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हे का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि उज्ज्वला योजना के तहत छूटे हुए हितग्राहियों को बीते दिवस सिलेंडर और चूल्हे का वितरण किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से स्वाती सोनी, मंजू सोनी, सेवती बाई निषाद, बबीता निषाद, अमरीका निषाद, प्रियंका खुसरो, उर्मिला बाई, दुरपति निषाद, मुन्नी यादव, शीला नामदेव, सोनी यादव, राम बाई धोबी, पूर्णिमा यादव, राधा बाई कलार, इंदिरा निषाद, दुकली बाई कलार, संतरा बाई सिन्हा, सुमित्रा पटेल एवं मानबती कलार शामिल है। सिलेंडर वितरण के समय एच.पी.गैस के संचालक फिरोज मेमन, वार्ड पार्षद सूरज नामदेव, गंडई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश साहू, चेतन देवांगन, गजाधर सोनी व विधायक प्रतिनिधि ताम्रकार उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### पैसेंजर ट्रेनों की स्टापेज नहीं देने पर आंदोलन आज

बिलासपुर। टेंगनमाड़ा रेलवे स्टेशन में रेल प्रशासन वादा निभाओ की मांग को लेकर सर्वदलीय मंच ने स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज नहीं दिए जाने के विरोध में 25 अक्टूबर को रेल रोको आंदोलन करने की बात कही है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि पैसेंजर ट्रेनें नहीं चलने से परेशान हैं। रेल अधिकारियों ने सांसद को रेलवे की सलाहकार समिति सदस्यों को और सर्वदलीय मंच को यह कहकर शांत कर दिया था कि आप लोग 30 सितंबर तक प्रतीक्षा करें उनकी रेल स्टेशनों में पैसेंजर ट्रेनों का स्टॉपेज का प्रपोजल रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है उस पर रेलवे बोर्ड विचार कर रहा है। सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है।

मामल में अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर रेल प्रशासन द्वारा लगातार उपेक्षित किए जाने का आरोप लगाते हुए उग्र आंदोलन करने की बात कही है। सर्वदलीय मंच के सदस्यों ने कहा रेल प्रशासन से क्षेत्र की जनता पैसेंजर ट्रेनों का स्टॉपेज प्रदान करने की मांग कर रही है। पैसेंजर का हर स्टेशन में सुबह शाम स्टॉपेज दी जाए शीघ्र ही उनकी मांग पूरी नहीं होगी तो 25 अक्टूबर को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी दैनिक यात्री संघ में टेंगनमाड़ा, भनवारटंक, बेलगहना के सदस्य शामिल रहे।

### सालों से एक ही स्थान में पदस्थ 47 पुलिस कर्मियों का तबादला

बिलासपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने जिले के अलग-अलग थानों के 47 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कर दिया है। बताया जा रहा है कि स्थानांतरण किए गए पुलिसकर्मी सालों से थानों में जमें हुए थे। दो दिन पहले आईजी एसपी कांफ्रेंस में 2.5 साल से एक ही थानों में जमे पुलिसकर्मियों को हटाने मुख्यमंत्री के आदेश के बाद सबसे पहले बिलासपुर जिले में सीएम के आदेश का पालन हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने 47 पुलिस कर्मियों को हटा दिया गया है। ये सभी पुलिस कर्मी एक ही थाने में 2.5 साल या उससे भी ज्यादा समय से पदस्थ थे।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पुलिस को तो यह कार्रवाई करनी ही थी

# शहर के 15 बारों में पुलिस का छापा, 3 के खिलाफ कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर के विभिन्न स्थानों में संचालित 15 हुक्काबार में पुलिस की टीम ने शनिवार रात को छापा मार और कुछ लोगो की गिरफ्तारी भी गई । हुक्का बार की आड़ में मिनरल वाटर ,समेत अन्य खाद्य सामग्री की कीमत कई गुना ज्यादा वसूला जाता है हुक्काबार में छापे दौरान कई लड़के और लड़कियां वहां नजर आए जिन्हे पुलिस ने दुबारा दिखाई नहीं देने की चेतावनी दी ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हुक्का बारों और गांजे पर पूरी तरह बैन करने के निर्देश के बाद अब पूरे प्रदेश में पुलिस हुक्का बार के खिलाफ एक्शन मोड में दिखा,ई दे रही है ।प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा कर सत्ता में आयी सरकार भले शराब पर नरम हो, लेकिन गांजा से लेकर हुक्का बार पर सरकार की भुकुटी तन गई है और पुलिस को मिले निर्देश के बाद अब पुलिस भी हुक्का बार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करती नजर आ रही है। शनिवार रात को बिलासपुर शहर के 15 बार में पुलिस ने रेड किया, जिसमें से तीन बार के खिलाफ कार्यवाही की गई।



### इन बारों में पड़ा छापा

पुलिस ने शिवा इन् चकरभाठा, कोका कै? तोरवा, लिग्रीक तोरवा, ब्लैक बैरी तोरवा, सिल्वर ऑक सिविल लाइन, ब्लैक जैक तारबाहर, एमिगोस तारबाहर, नटराज तारबाहर, रॉयल पार्क सिविल लाइन, प्लेटिनियम सिविल लाइन, वायरस कै? कोतवाली, कोलकाता रेस्टोरेंट कोतवाली, एडिक्सन कै? सिविल लाइन, वेलहल्ला रेस्टोरेंट सिविल लाइन, हैंगओवर कै? सिविल लाइन, को पुलिस ने जांच कर क?ी चेतावनी दी गयी है। इस दौरान दो हुक्का बार खुले थे, जिनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

### सीएम बघेल हुक्के को लेकर कड़े तेवर दिखाए

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आईजी एसपी कॉन्फ्रेंस में हुक्के को लेकर कड़े तेवर दिखाए थे, बताया जाता है कि बिलासपुर में लगभग 16 से अधिक जगह पर हुक्का बार संचालित है, जहां नाबालिग युवक की युवतियों को हुक्का परोसा जाता है, इन केंद्रों पर अक्सर नाबालिक बच्चों का आना जाना भी देखा जा सकता है इन पर लगाम लगाने के लिए अब पुलिस ने कमर कस ली है।

### अब शहर में हुक्का बार किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा

पुलिस ने स्पष्ट किया कि अब बिलासपुर में हुक्का बार किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा, हालांकि बिलासपुर के विधायक शैलेश पांडेय पहले भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं जिसमें उन्हें पार्टी में ही विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब यही बात मुख्यमंत्री ने कही तो फिर सभी ने शिरोधार्य किया। बिलासपुर में इस कार्यवाही को कितना महत्व दिया गया इसे इस तरह समझा जा सकता है कि क्षेत्र, के थाना प्रभारी के साथ सीएसपी ने दबिश दी। मजे की बात यह है कि अब भी बार और रेस्टोरेंट में शराब पीने की अनुमति है लेकिन हुक्का को लेकर पुलिस सख्त है। दरअसल नई पीढ़ी में हुक्का बार का चलन बढ़ा है।

### बार के संचालकों को चेतावनी, हुक्का ना परोसे

साथ ही सभी हुक्का बार के संचालकों को भी स्पष्ट रूप से चेतावनी दिया गया कि किसी को भी हुक्का ना परोसे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, के नेतृत्व में सीएसपी सिविल लाइन मंजू लता बाज, सीएसपी कोतवाली स्नेहिल साहू, के साथ सभी थानों के टीआई ने हुक्का बार में दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने बार संचालकों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दिया कि अपने सेंटरों में हुक्का ना परोसें। पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### वेलहल्ला रेस्टोरेंट के संचालक व मैनेजर को किया गिरफ्तार

एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि दबिश के दौरान थाना तारबाहर के पुराना बस स्टैंड स्थित ब्लेक जैक हुक्का बार और सिविल लाइन के वेलहल्ला रेस्टोरेंट में नशीला हुक्का युवाओं को परोसा पाया गया। तारबाहर पुलिस ने संचालक, मैनेजर को गिरफ्तार किया। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने मैनेजर के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत मामला कायम किया है। कार्रवाई में कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उमेश कश्यप ने बताया कि हुक्का बार ब्लैक जैक के संचालक विशाल महंत पिता केशव महंत निवासी दरबार लाज को पकड़ा गया है। इसके साथ ही ब्लैक जैक मैनेजर अवी श्रीवास्तव पिता सागर श्रीवास्तव निवासी मगरपारा चौक को भी धर दबोचा गया है।

## प्रदेश में सालसा के मेगा लीगल सर्विस कैंप का शुभारंभ किया मुख्य न्यायाधीश ने

# जो सक्षम नहीं वह भी न्याय से वंचित न रहे, यह सरकार की जिम्मेदारी- चीफ जस्टिस



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री अरूप कुमार गोस्वामी ने कहा कि राज्य को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यक्ति को मात्र इसलिए कि वह आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, उसे न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39 (ए) के अनुसार समाज के वंचित वर्ग को निःशुल्क न्याय प्रदान करने का कार्य राज्य सरकार द्वारा अधिनियम एवं नियमों की रचना कर पूर्ण किया जाना है। अपने इन्हीं दायित्वों के निर्वहन को पूर्ण करने के लिए राज्य द्वारा संविधान के अंतर्गत प्रदत दायित्वों के निर्वहन के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण भी इस अधिनियम द्वारा निर्मित संस्था है। राज्य प्राधिकरण द्वारा समाज के वंचित वर्ग को विधिक जानकारी प्रदान कर सशक्त बनाए जाने का कार्य किया जाता है। इसी अनुक्रम में आज मेगा विधिक सेवा शिविर आयोजित कर समाज के वंचित वर्ग के लोगों को सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पैरालीगल वॉलेन्टियर एवं पैनल लॉयर की टीम गठित कर राज्य के प्रत्येक ग्राम में घर-घर जाकर विधिक जानकारियां प्रदान की जा रही है। इसका एकमात्र उद्देश्य लोगों को जागरूक करना एवं सशक्त बनाना है। विधिक सेवा प्राधिकरण के इस कार्य में राज्य शासन का सहयोग प्रशंसनीय रहा है एवं भविष्य में ओर भी लोगों को इसी प्रकार से जागरुक कर लाभान्वित किया जाएगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जस्टिस श्री गौतम भादुड़ी ने कहा कि दंतेवाड़ा से लेकर अंबिकापुर तक विस्तृत रूप से यह वर्चुअली मेगा लीगल कैंप आयोजित हो रहा है।

## अवैध कोयला परिवहन करते दो ट्रेक्टर समेत दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा को रतनपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चोरी का कोयला परिवहन किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थी जिस श्री झा ने रतनपुर पुलिस को कोयला चोरी को पकड़ने अभियान चलाने का निर्देश देते हुए मार्गदर्शन दिया जिस पर रतनपुर पुलिस ने टीम बनाकर गोपनीय तौर पर योजना बनाकर कार्रवाई शुरू की और मुखबिर लगाकर सूचना एकत्र करते हुए अधियारी पारा बेलतरा में चोरी का कोयला परिवहन करते हुए दो लोगो को रंगे हाथो पकड़ा ।दोनो आरोपी ट्राली लगे दो ट्रेक्टर से चोरी का कोयला ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर लिया है दोनो ट्रेक्टर ट्राली में साढ़े आठ टन कोयला भरा हुआ था ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कहा कि कोरबा रतनपुर बिलासपुर मार्ग में चोरी का कोयला पकड़ने आगे भी अभियान चलाया जायेगा ।इस बारे में रतनपुर पुलिस को पहले ही निर्देश दिया जा चुका है । चोरी का कोयला पकड़ने और परिवहन पर पूरी तरह लगाम लगाने सघन अभियान चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक दीपक झा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में रतनपुर पुलिस ने चोरी का कोयला परिवहन करते आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



## हत्या करवाने उड़ीसा से बुलवाए शूटर हत्या के पहले ही गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चोर की तलाश में जुटी सरकंडा की पुलिस टीम को शायद यह अंदाज़ा ही नही था कि संपत्ति चोरी के जिस मामले में वो संदेहियों को पकड़ रहे हैं दरअसल उनके हाथ ऐसी सफलता लगेगी कि सभी चकित रह जाएँ। दरअसल सरकंडा पुलिस संपत्ति चोरी के मसले पर संदेहियो को राउंड अप कर रही थी।

इस दौरान एक शख्स पुलिस के हत्थे चढ़ गया जिसके मोबाईल में कुछ ऐसे मैसेज दिखे कि पुलिस दंग रह गई । पूछताछ के बाद जो



हासिल हुआ वह यह था कि पुलिस ने शूटरों के ज़रिए बिलकुल तयशुदा हत्या को रोक लिया था। अगर ज़रा सी चूक हो जाती तो गिघौरी गांव गोलियों की आवाज़ से गूंजती और लाशें बिछ जातीं। मसला संपत्ति चोरी की जाँच पर टिका हुआ था, पुलिस चोर की तलाश में संदेहियों को राउंड अप कर रही थी, जहां पुलिस ने प्रमुख संदेही को पकड़ा तो उसने एक अन्य संदेही का पता बता दिया, पुलिस ने उसे उठाया तो संदेही का मोबाइल टीआई परिवेश तिवारी ने टटोल लिया, और उसमें जो दिखा।उसने पूरी टीम को चौंका दिया। सुमेश कश्यप नाम के इस संदेही के मोबाईल पर व्हाट्सएप चैट थी, कट्ठा तमंचा की ढेरों तस्वीरें थीं, जो व्हाट्सएप चैट थी उससे समझने देर नहीं लगी कि, यह एक बेहद गंभीर बड़ी वारदात की क़वायद है, सुमेश से इस पूरे मामले के खुलासे में वक्त लगा लेकिन जब खुलासा हुआ तो पुलिस ने बिलासपुर सुपारी किलिंग के मामले को होने से बिलकुल दरवाज़े पर रोक लिया।

सुमेश कश्यप का विवाद मोटी कश्यप से था, और सुमेश ने उसकी हत्या के लिए रॉकर कश्यप और कुंदन सागर को पेशगी रक़म दे दी थी। भाड़े के हत्यारों ने गाँव पहुँच कर पूरी रैकी कर ली थी, लेकिन बेहतर हथियार के लिए वे वापस उड़ीसा लौटे थे, और इसके पहले कि वे वापस लौटते पुलिस ने पूरा खेल कर दिया।

## पुलिस अधिकारियों ने कराया कैंसर परीक्षण

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिम्स के कैंसर विभाग में आज कैंसर जागरुकता अभियान के तहत निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में बिलासपुर के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। पुलिस मुख्यालय बिलासपुर के सहयोग से बिलासा गुड़ी में आयोजित इस शिवर में पुलिस अधिकारियों ने अपना निशुल्क परीक्षण भी कराया। जिसमें 5 पुलिस कर्मियों में कैंसर के प्रारंभिक लक्षण पाए गए हैं।निशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर में सिम्स कैंसर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर चंद्रहास ध्रुव ने मुंह एवं गले के कैंसर के विषय पर संक्षिप्त वीडियो दिखाया और उसके बारे में



बताया भी। डॉक्टर चंद्रहास ध्रुव ने बताया, ÷कैंसर होने के कई कारक तत्व हैं। यह गुटखा, पान मसाला, सुपारी, बीड़ी, सिगरेट इत्यादि के सेवन से होता है। लोगों को इन व्यसनों से दूर रहना चाहिए। इतना ही नहीं यह लोगों की अहम जिम्मेदारी होनी चाहिए कि जितना अधिक से अधिक लोगों को हो सके कैंसर के बारे में जागरूक करें और उन्हें इस तरह के व्यसन न करने के बारे में बताएं।÷ निशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर में कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी और पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को इसके बारे में जागरूक किया। व्याख्यान के उपरांत कैंसर परीक्षण एवं स्क्रीनिंग किया गया। इसमें लगभग 100 पुलिस अधिकारियों ने अपना परीक्षण कराया। डॉक्टर चंद्रहास ध्रुव ने बताया, ÷स्क्रीनिंग कैंप में 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना परीक्षण कराया।

## पोस्ट कोविड 19 क्राइसेस से निपटने 2 दिवसीय होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पोस्ट कोविड-19 क्राइसिस से निपटने के लिए बिलासपुर के जे के रूप ऑफ् इंस्टिट्यूशन द्वारा सीएमडी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय निशुल्क होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले इस शिविर का शुभारंभ शनिवार को किया गया।

स्वास्थ्य संगी होम्योपैथी के इस शिविर में देशभर के जाने-माने चिकित्सक शामिल हुए हैं, जिनके द्वारा आर्थराइटिस, महिलाओं से संबंधित समस्या, बच्चों से संबंधित समस्या, शुगर, त्वचा रोग, कैंसर आदि तमाम बीमारियों की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। साथ ही यहां निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है।

इस शिविर में डॉ सुधांशु भट्ट, डॉ जयेश पटेल, डॉ केतन शाह, डॉक्टर हिमेश, डॉक्टर भूपेश समेत कई विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हुए हैं। शुभारंभ अवसर पर बताया गया कि आफ्टर कोविड मरीजों में दिख रही समस्याओं का निराकरण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कोविड-19 की बीमारी से ठीक होने वाले मरीजों में अन्य समस्याएं सामने आ रही है, जिससे कालांतर में उनकी मौत भी हो सकती है।

## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला के नेतृत्व में पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आज वार्ड क्रमांक 34 सन्त रविदास नगर के कुम्हारपारा स्कूल के पास करबला रोड मे, कांग्रेस नेता शिव शंकर कश्यप के जन्मदिवस के अवसर पर,बिलासपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला एवँ ब्लॉक के कार्यकर्ताओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य निरन्तर जारी है, इस वर्ष के अंत तक ब्लॉक में 1000 पे? लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया । अरविन्द ने कहा की हम लोगो ने यह तय किया था कि वृक्षारोपण का कार्य सर्वप्रथम वार्ड से शुरू किया जाएगा, बताते चले कि यह मुहिम अब धीरे धीरे पूरे ब्लॉक में जारी है, वृक्षारोपण में वार्डवासियों का भी पूरा साथ निरन्तर मिल रहा है,जिससे हमारी टीम में ऊर्जा का संचार बना हुआ है, अरविन्द ने ब्लॉक में हो रहे लगातार वृक्षारोपण के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है । आज के इस आयोजन में प्रमुख रूप से बिलासपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला, शहर महामंत्री शिव शंकर कश्यप,युवा कांग्रेस नेता नितिन शुक्ला,कमलेश सोनी,नितेश शुक्ला, नीलू कश्यप,वैभव शुक्ला, विजय देवांगन आदि उपस्थित थे।



## मेगा लीगल सर्विस कैम्प में जिले के लगभग 1295 हितग्राही विभिन्न योजनाओं से हुए लाभान्वित

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना कैम्प का उद्देश्य

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान एवं छत्तीसग? राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अखिल भारतीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के अंतर्गत मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन किया गया। आज सुबह 10.30 बजे इस शिविर का विधिवत् उद्घाटन बिलासपुर स्थित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा छत्तीसग? राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति श्री अरूप कुमार गोस्वामी द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र के बाद जिले के जिला न्यायालय बिलासपुर के सभागार में ई-मेगा लीगल सर्विस





कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। इस मेगा कैम्प आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है। कैम्प में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने इस मौके पर नालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर एडीएम सुश्री जयश्री जैन ने कहा कि इस मेगा लीगल सर्विस कैम्प में विभागीय योजनाओं के प्रति न केवल लोगों को जागरूक किया जाएगा अपितु उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करने का प्रयास भी किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा ने कहा कि शासकीय योजनाओं की जानकारी के अभाव में लोग इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। इस कैम्प से लोगों को योजनाओं की जानकारी सुचारू रूप से मिल पाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन विधिक सेवा तथा जन कल्याणकारी संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरा सहयोग करेगा।

जिला सेवा विधिक प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न विभागों के 1295 हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया गया। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में भी 106 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस प्रकार कुल लगभग 41 लाख 59 हजार 638 रूपए की राशि एवं सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में हितग्राहियों को 70 उपकरण एवं 1114 प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। पी?ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत 29 लाभार्थियों को 52 लाख 95 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दी गई।

## शिक्षा विभाग अनुकंपा नियुक्ति मामले को अनावश्यक तुल देने में पर्दे के पीछे कौन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

पिछले कुछ दिनों से अनुकंपा नियुक्ति के एक प्रकरण को जबरदस्त तूल दिया जा रहा है एवं भ्रामक जानकारी देकर श्वेता सिंह की अनुकंपा नियुक्ति को फर्जी साबित करने की जी तोड़ कोशिश की जा रही है,जबकि सच्चाई कुछ और ही है। श्वेता सिंह के अनुकंपा आवेदन की विस्तृत जानकारी के मुताबिक श्वेता सिंह के ससुर स्व. मनमोहन सिंह पवार (तत्कालीन ब्रह्मह भैयाथान, सूरजपुर) की मृत्यु 18 दिसंबर 2018 को हुई।

श्वेता सिंह अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र7 जनवरी 2019 को आवश्यक शपथ पत्र और सहमती पत्र के साथ सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा की। अनुकंपा आवेदन की जांच कर सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा श्वेता सिंह की अनुकंपा नियुक्ति हेतु पात्रता को प्रमाणित किया । श्वेता सिंह के द्वारा 23 जनवरी 2020 को सूरजपुर छ्रब्रह्म से अपने अनुकंपा आवेदन को बिलासपुर छ्रब्रह्म में प्रेषित करने हेतु आवेदन दिया।

सूरजपुर छ्रब्रह्म द्वारा 20 फरवरी 2020 को श्वेता सिंह के अनुकंपा संबंधी मूल आवेदन पत्र को संचालक,लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित किया गया। उप संचालक,लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा श्वेता सिंह के अनुकंपा मूल आवेदन को 20 अगस्त 2020 में बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया गया तथा आदेशित किया गया कि अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करके कार्यालय को सूचित करें। उपरोक्त समस्त विवरण में श्वेता सिंह ने अनुकंपा संबंधी सभी नियमों का पालन किया।

# पीएम आवास की राशि नहीं मिलने और कर्ज से परेशान युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

## जिला प्रशासन ने लिया गंभीरता से, मामले में जिंप सीईओ डॉ. रेणुका ने की जांच टीम गठित, इधर पुलिस इन्वेस्टिगेशन भी शुरू

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



गरीबों को पक्का मकान मिले उनके सर पर छत हो इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई हैं। जिसकी राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की जाती है। लेकिन बालोद जिले में स्वीकृत आवासों का पैसा अब तक हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है। कई बार जिला पंचायत के द्वारा शासन स्तर पर पत्राचार भी किया गया हैं। लेकिन आज तलक लाभान्वित हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित नही की जा सकी हैं। इसी के चलते आवास निर्माण करने वाले कई ग्रामीण कर्जदार हो रहे हैं और यही हुआ जिले के पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोचवाही के आश्रित गांव अमलीपारा में रहने वाले युवक शीतकुमार नेताम के साथ। जिसने प्रधानमंत्री आवास तो बनाया। लेकिन उसे पैसा नहीं मिला। जहां कर्ज से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद में प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ में जांच टीम गठित कर दी है और इधर पुलिस इन्वेस्टिगेशन भी चालू हैं। यह पूरी घटना बालोद जिले के आखिरी छोर में बसे ग्राम पंचायत कोचवाही के आश्रित गांव अमलीपारा की है। यहां रहने वाले शीतकुमार नेताम के पिताजी पिता स्वर्गीय रामचरण नेताम के नाम से वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। इसके बाद आवास की पहली किश्त की राशि मिलते ही घरवालों ने आवास बनाना चालू किया। इस बीच मृतक शीत कुमार के पिता का देहांत हो गया। वहीं पिता के नॉमिनी के रूप में मां का नाम था। लेकिन सरकारी सिस्टम की लापरवाही से मां का नाम दर्ज नही ही पाया। वही आवास की दूसरी किश्त की राशि भी नहीं मिली। ऐसे में शीत कुमार कर्जदारो से परेशान हो चुका था। इस बीच उसने अपना खेत भी बेचा मगर कर्जदार उसे परेशान करने लगे। जहां उसने आत्महत्या जैसा दर्दनाक कदम उठाया और अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। मामले में परिजनो ने आरोप लगाया है कि पीएम आवास की दूसरी किश्त नही मिलने और कर्जदारो के परेशान करने की वजह से उसने आत्महत्या कर ली है। तो वही ग्राम पंचायत कोचवाही की सरपँच केकती सिन्हा ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताया है। बहरहाल मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने जांच टीम गठित कर दी है।

डॉ. रेणुका ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसीलदार एवं जनपद सीईओ की एक सयुंक्त टीम बनाई गई है। पूरे मामले की हर पहलुओं से जांच की जा रही है और जांच के बाद ही पूरे मामले में कुछ बताया जाएगा। वही मामले में पुलिस इन्वेस्टिगेशन भी चालू है। आपको बता दे कि बालोद जिले में प्रधानमंत्री आवास का 33 करोड़ 12 लाख का अभी भी बकाया है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश में शाकम्भरी जयंती-छेर-छेरा पुन्नी पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की

## मुख्यमंत्री की ग्रामीण व्यवसायियों को बड़ी सौगात, ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार टैक्स पसरा शुल्क होगा समाप्त



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शाकम्भरी जयंती-छेर-छेरा पुन्नी के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शाकम्भरी जयंती-छेर-छेरा पुन्नी के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के पदाधिकारियों की मांग पर राज्य के ग्रामीण अंचल के बाजारों में पसरा शुल्क समाप्त करने, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष को केबिनेट मंत्री का दर्जा देने, मरार पटेल समाज के लोगों की बहुलता वाले इलाकों में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए रियायती दर पर भूमि एवं शासन की ओर से राशि स्वीकृत किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित स्वर्गीय बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ द्वारा आयोजित सामाजिक एकीकरण, शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के पदाधिकारियों की मांग पर राज्य के ग्रामीण अंचल के बाजारों में पसरा शुल्क समाप्त करने, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष को केबिनेट मंत्री का दर्जा देने, मरार पटेल समाज के लोगों की बहुलता वाले इलाकों में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने राज्य के ग्रामीण अंचल में नाले के किनारे स्थित शासकीय भूमि को मरार समाज की महिला स्व-सहायता समूहों को सामुदायिक बाड़ी के लिए उपलब्ध कराए जाने, मंडी एवं बाजारों में दुकान एवं पसरा आबंटन में मरार समाज को प्राथमिकता देने की भी घोषणा की। छत्तीसगढ़ राज्य के मरार पटेल समाज की तीन बड़ी बिरादरियों के एकीकरण पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन मरार पटेल समाज के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने समाज के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ मरार (पटेल) महासंघ के पदाधिकारियों, समाज के सभी वरिष्ठ जनों, युवाओं, माताओं और बहनों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में मरार पटेल समाज की तीन प्रमुख बिरादरियां हरदिया, कोसरिया एवं भोयरा बिरादरी के लोगों ने सामाजिक एकीकरण का संकल्प लिया। इस समारोह में पूरे प्रदेश के कोने-कोने से मरार पटेल समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बन्धु हजारों की संख्या में शामिल हुए।

# शासकीय अवकाश के दिन भी राजस्व टीम की अवैध उत्खनन करने वालों पर जारी कार्यवाही दो वाहनों को फिर पकड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



राजस्व विभाग द्वारा लगातार चौथे दिन भी रेत व लाल ईंट से भरे दो ट्रेक्टरों पर कार्यवही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को शासकीय अवकाश के दिन भी राजस्व विभाग की टीम द्वारा शहर के आस-पास के नदियों व चौक चौराहों में विशेष अभियान चलाकर धरपकड़ किया जा रहा था तभी भीरावाही से रेत भरकर आ रही एक ट्रैक्टर व लाल ईंट भरकर आ रही एक ट्रैक्टर को तहसीलदार व उनकी टीम द्वारा पकड़ा गया है जिसको वहीं जब्ती बनाकर कार्यवाही की गई है।

पिछले कुछ दिनों से राजस्व विभाग द्वारा लगातार अवैध उत्खनन कर राजस्व को नुकसान पहुँचाने वालों पर विशेष अभियान के तहत धर पकड़ जारी है जिसके चलते तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है इसी के चलते शासकीय अवकाश के दिन भी रेत तस्करों को पकड़ने राजस्व टीम द्वारा आसपास के नदियों के घाटों से निकलने वाले वाहनों पर निगरानी की जा रही थी तभी दो वाहनों को पकड़ा गया है। पिछले दिनों लगातार हो रही अवैध उत्खनन व राजस्व की चोरी पर जिला प्रशासन सख्त नजर आ रही जिसके चलते आसपास के नदियों से चोरी कर रहे तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है वहीं अब तस्कर नदी में डरके मारे ट्रेक्टरों को उतारने से कतरा रहे है। इस सबन्ध कांकेर तहसीलदार आनंद नेताम ने बताया कि हालही में राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत धरपकड़ किया जा रहा है जिसके चलते कुछ हद तक राजस्व की छति को रोका जा रहा है कांकेर कलेक्टर चन्दनकुमार के विशेष निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है रविवार को शासकीय अवकाश के दिन ही ऐसे तस्कर ज्यादा सक्रिय हो जाते है व राजस्व की चोरी करते है जिसके चलते शासकीय अवकाश के दिन ही राजस्व विभाग की टीम आसपास के चौक चौराहों में घुम घूमकर ऐसे तस्करों पर निगरानी की जा रही थी तभी दो वाहनों को पकड़ा गया है व उन पर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही गई है।

# नहाने गई दो छात्रों की डूबने से मौत

**पेण्ड्रा।** जिले में स्कूल से लौटने के बाद सहेलियों के साथ नहाने गई दो छात्राओं की डूबने से मौत हो गई है। घटना के गांव में मातम छाया हुआ है। दरअसल पूरा मामला पेण्ड्रा थाना क्षेत्र के नगवाही गांव का है जहां पर रहने वाली मेघा रानी गोंड़ 8 वर्षीय और रानी पोर्ते 8 वर्षीय कक्षा तीसरी में पढ़ रहे थे। दोनों ही स्कूल से वापस आने के बाद अपनी 3 अन्य सहेलियों के साथ गांव के पास ही खेत मे बने डबरी में नहाने के लिए गई थी।

इस दौरान मेघा और रानी पानी मे डूब गई जिसके बाद दोनों की अन्य सहेली दौड़ते-दौड़ते घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन भागते भागते मौके पर पहुचे और दोनों बच्चियों को बाहर निकाला गया। तब तक दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद उन्हें तत्काल पेण्ड्रा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद पेण्ड्रा पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है वही घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार का नारा देने वाली भाजपा महंगाई के जाल में फंसा कर जनता को मार रही: मरकाम

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि साल का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार दीपावली मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का भेंट चढ़ गया है। देश आज अभूतपूर्व महंगाई और आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा है।

आम आदमी के पास त्योहर मनाने के लिये पैसे नहीं है। भाजपा द्वारा बढ़ाई गई महंगाई के कारण देश के सबसे बड़े त्यौहार दीवाली में भी उत्साह नहीं दिख रहा है, रंगाई-पुताई, फटाका, झालर, कपड़ा, सिलाई के साथ हर सेक्टर में 25 से 40 प्रतिशत तक दाम बढ़े हुए हैं। दीवाली एक ऐसा पर्व है जिसे हर वर्ग का व्यक्ति अपनी-अपनी आर्थिक क्षमता के अनुरूप मनाता है, मगर वर्तमान में मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लोग बेतहाशा महंगाई के कारण दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। महंगाई के इस दौर में लोग समझ नहीं पा रहे कि त्योहार कैसे मनायें पेट्रोल शतक पार कर चुका है, राशन और सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं, गैस सिलेंडर का दाम 1000 हो चुका है। पेट्रोल और डीजल की झुलसाती कीमतों के कारण हर सेक्टर के कच्चे माल में मूल्य वृद्धि हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केंद्र सरकार ने आम जनता को दीवाली मनाने लायक नहीं छोड़ा है। इस दीवाली में उत्साह केवल कुछ पूंजीपतियों और भाजपा नेताओं के घर पर ही दिख रहा है।

पहले खाद्य तेलों के दाम दुगुने करवा दिया, डीजल के दाम बढ़ने से माल परिवहन बढ़ गया, अब कोयला संकट के कारण बिजली, लोहा, सीमेंट, गैसे अन्य निर्माण सामाग्रियों के दाम आदमी के पहुंच से दूर हो गये है। कपड़ों, मिठाईयों और सजावट के दाम इस वर्ष पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा है। चुनाव के पहले बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार का नारा देने वाली भाजपा और मोदी महंगाई के जाल में फंसा कर जनता को मार रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में आज बंद रहेंगे सभी प्राइवेट स्कूल

**रायपुर।** प्रदेश की राजधानी रायपुर में सभी प्राइवेट स्कूल आज बंद रहेंगे। इसे लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि




सोमवार को प्रदेश स्तर पर हड़ताल और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के द्वारा बूढ़ापारा धरना स्थल में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय धरने का आयोजन किया जा रहा है। जहां धरना स्थल पर जमा होकर स्कूल एसोसिएशन के लोग सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करेंगे। एसोसिएशन के इस फैसले की वजह से इस दिन प्रदेश के सभी 7 हजार से ज्यादा प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। प्रदेश में इन सभी स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 16 लाख बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। वहीं, स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि सरकार लगातार हमारी मांगों की अनदेखी करने का प्रयास कर रही है। जहां कई लेवल पर स्कूल के लोगों ने अपनी समस्याओं को सरकार के सामने रखा मगर हमारी एक नहीं सुनी गई। हालांकि अब प्रदेश के संगठन ने ये फैसला लिया है। आगामी 25 अक्टूबर को सभी स्कूलों में ताले लगे होंगे। टीचिंग स्टाफ नॉन टीचिंग स्टाफ सभी हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल का प्रमुख कारण राइट टू एजुकेशन के तहत प्राइवेट स्कूलों को मिलने वाला पैसा है।

# सस्ती दवा दुकानें दुर्ग संभाग में 21 श्री धन्वन्तरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महंगी हो रही स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब व्यक्ति की पहुंच में लाने के प्रयास के तहत छत्तीसगढ़ में धन्वन्तरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना की शुरूआत की है। इसके तहत राज्य के विभिन्न जिलों में सस्ती दवाओं के स्टोर खोले जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत वर्तमान में दुर्ग संभाग में करीब 21 सस्ती दवा की दुकानें संचालित की जा रही हैं। दुकानों में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दवाएं एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिल रहा है। दुर्ग संभाग के अंतर्गत दुर्ग जिले में नगर निगम दुर्ग के वार्ड-29 नलघर कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड के सामने और वार्ड-59 रायपुर नाका मुक्तिधाम के पास सस्ती दवा की दुकानें संचालित है। नगर निगम भिलाई के अंतर्गत वार्ड-37 में मदर्स मार्केट, पावर हाउस जीई रोड और टी मार्केट के पास सुभाष नगर भगवा चौक और वार्ड-16 कैलाश नगर में सस्ती दवा दुकान संचालित है। नगर निगम रिसाली के वार्ड-39 में स्वास्थ्य विभाग के पास और वार्ड-27 में पुलिस चौकी के पास आजाद मार्केट में सस्ती दवा दुकान संचालित है। नगरपालिका भिलाई-चरौदा में वार्ड-17 वसुंधरा नगर शॉप-15 पालिका बाजार भिलाई-3 में खूबचंद बघेल कॉलेज के पास और वार्ड-20 चरोदा बस्ती में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास सस्ती दवा की दुकान संचालित की जा रही है। इसी तरह नगरपालिका कुम्हारी के वार्ड-4 बाजार चौक आईडीएसएमटी कुम्हारी में सस्ती दवा दुकान संचालित है। नगरपालिका अहिवारा के वार्ड-6 के बस स्टैंड के पास और नगर पंचायत धमधा के वार्ड क्रमांक-एक में महात्मा गांधी पुस्तकालय के पास सस्ती दवा दुकान संचालित की जा रही है।

नगर पंचायत पाटन के वार्ड-4, आत्मानंद चौक गणपति रेस्टोरेंट के पास और नगर पंचायत उतई के वार्ड-3 मिलपारा में मवेशी बाजार शासकीय अस्पताल के पीछे सस्ती दवा की दुकान संचालित है। बेमेतरा जिले में नगरपालिका बेमेतरा के अंतर्गत नवीन बाजार वार्ड-18 में वाचनालय भवन बेमेतरा के पास सस्ती दवा की दुकान संचालित है।

# मेगा लीगल सर्विस कैंप के जरिए जिले के 4240 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अखिल भारतीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत 'मेगा लीगल सर्विस कैम्प' आयोजित किया गया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 10.30 बजे से आहूत इस शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार, कलेक्टर पी.एस.एल्मा उपस्थित रहे। इससे पहले सुबह 10.30 बजे वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए बिलासपुर स्थित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक विधिक सेवा प्राधिकरण अरूप कुमार गोस्वामी के मुख्य आथित्य में ई-मेगा विधिक सेवा शिविर की शुरुवात की गई। मुख्य न्यायाधिपति ने इस मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह हर्ष की बात है कि वे इस शिविर का हिस्सा बन पाए हैं। उन्होंने संविधान में समान विधिक सेवा सभी नागरिकों को उपलब्ध कराने उल्लेखित अनुच्छेदों का जिक्र किया। निःशुल्क विधिक सेवा सभी नागरिकों का अधिकार है और प्रयास है कि सभी नागरिकों को इसकी जानकारी हो। विधिक जागरूकता लाने में यह ई-मेगा विधिक सेवा शिविर काफी सहयोगी साबित हुआ है। उन्होंने इसके लिए सबका धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए न्यायाधीश गौतम भादुड़ी ने कहा कि ई-मेगा विधिक शिविर से सभी जिलों के काफी हितग्राहियों को लाभ मिला है। इस शिविर का उद्देश्य है कि लोगों को दिए गए हक के प्रति उन्हें जागरूक किया जा सके।

विधिक शिविर के जरिए जो लाभ लाभार्थियों को मिला है, उसकी जानकारी देते हुए उन्होंने खुशी जाहिर की कि इससे राज्य के आठ लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने इस मौके पर नालसा का हेल्पलाइन नंबर '15100' भी सबके साथ साझा किया और सभी जरूरतमंदों को इसका लाभ उठाने का सुझाव दिया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अन्य को भी इसका लाभ उठाने प्रेरित करें।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब: www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403